सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22.2 अधि |
| धर्मशाला | 15.5 न्यू | 28.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,570.91 |
| निफ्टी | 25,195.80 |
| सोना 99,900 | चांदी 1,19,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 16 जुलाई 2025 | 1 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 198, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




जडेजा 600 विकेट, 7000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### सेंट स्टीफन कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पब्लिक स्कूलों को फिर से ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी देने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को द्वारका इलाके में स्थित सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस का बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, दिल्ली फायर ब्रिगेड और स्पेशल स्टाफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सेंट थॉमस स्कूल और सेंट स्टीफन कॉलेज परिसर को खाली करा लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**एजेंसी, इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बनाए गए विवादित कार्टून के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को अंतरिम राहत दी है। शीर्ष अदालत ने मालवीय की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगाते हुए पुलिस को निर्देश दिए हैं कि अगले आदेश तक मालवीय को गिरफ्तार न किया जाए। (अनंत ज्ञान)



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भांग की खेती को वैध बनाने की राह हुई आसान — पेज 3
- सिविल अस्पताल नूरपुर में कैंसर के इलाज की सुविधा शुरू — पेज 4
- नशे के खिलाफ दौड़े प्रशासन, पुलिस व छात्र — पेज 6
- हर गांव में मिलेगी हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी — पेज 12
- भारत में 5 साल में 65 फ्लाइट्स के इंजन बंद — पेज 13





**कामयाबी** शुभांशु शुक्ला समेत 4 एस्ट्रोनॉट के स्पेसक्राफ्ट की कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग

# अंतरिक्ष में कमाल, 18 दिन बाद लौटा भारत का लाल

**एजेंसी, कैलिफोर्निया**

लखनऊ के शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट पोलैंड के स्लावोस्ज उज्नान्स्की विज्निव्स्की, हंगरी के टिबोर कापू और अमेरिका की प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौट आए हैं। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की मंगलवार यानी 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4.45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे।

सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4.01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन-4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। (अनंत ज्ञान)



### 18 दिन स्पेस स्टेशन में शुभांशु ने क्या-क्या किया

**60 वैज्ञानिक प्रयोग:** शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए।

**प्रधानमंत्री से बात:** 28 जून 2025 को शुभांशु ने आईएसएस से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

**छात्रों से संवाद:** 3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के प्रति रुचि बढ़ाना था।

**इसरो के साथ संवाद:** 6 जुलाई को उन्होंने इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बात की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।

**पृथ्वी की तस्वीरें:** शुभांशु ने आईएसएस के कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं, जो सात खिड़कियों वाला एक खास हिस्सा है।

### शुभांशु की वापसी पर गदगद हुए मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का देश की ओर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैं देश के साथ जुड़कर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन के बाद धरती पर लौटे हैं। शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री बने हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से एक अरब से ज्यादा सपनों को प्रेरणा दी है। उन्होंने इसे भारत के अपने मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की दिशा में एक और अहम मील का पत्थर बताया।



# सीएम सुक्खू ने शाह से मांगी आपदा राहत, गडकरी से सड़कों का पुनर्निर्माण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से राज्य को उदार केंद्रीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया और विशेष रूप से राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित केंद्रीय मानदंडों को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने की मांग की।



नई दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात करते सीएम सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने शाह को बताया कि इस मॉनसून की शुरुआत में ही भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण प्रदेश को लगभग 1000 करोड़ रुपए का प्रारंभिक नुकसान हो चुका है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि पिछले तीन वर्षों से हिमाचल प्रदेश लगातार प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहा है, जिससे कुल मिलाकर लगभग 21,000 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ है। इस आपदा ने कई लोगों की जान ले ली है, जबकि सड़कें, पुल, भवन, पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं और विद्युत आपूर्ति परियोजनाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अमित शाह ने मुख्यमंत्री सुक्खू को केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। वहीं, इससे पूर्व दिन में सुक्खू ने गडकरी से मुलाकात कर राज्य में आई बाढ़ और भूस्खलन से सड़कों को हुए भारी नुकसान से अवगत कराया और उनके पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्यों में केंद्र के सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने गडकरी से अनुरोध किया कि हिमाचल की कुछ महत्वपूर्ण सड़कों को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में शामिल किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में हो रहे विलंब पर भी चर्चा की और उनके शीघ्र निर्माण के लिए औपचारिकताएं पूरी करने का आग्रह किया। वहीं, गडकरी ने हिमाचल प्रदेश को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

**दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने दिया सहायता का आश्वासन**

### 16वें वित्त आयोग पर टिकी हिमाचल की उम्मीदें

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की वित्तीय सेहत को पटरी पर लाने की कवायद तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को नई दिल्ली में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया से मुलाकात कर राज्य के लिए वित्तीय सहयोग का पुरजोर आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व घाटा अनुदान को जारी रखने और पहाड़ी राज्यों के लिए एक अलग 'ग्रीन फंड' स्थापित करने की मांग रखी, जो राज्य की विशिष्ट जरूरतों को पूरा कर सके। मुख्यमंत्री सुक्खू ने वित्त आयोग को आश्वस्त किया कि हिमाचल प्रदेश वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने के लिए हरसंभव कदम उठा रहा है। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वे राज्य की अनूठी आर्थिक स्थिति और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष और लाभकारी सिफारिशें करें। डॉ. पनगड़िया ने मुख्यमंत्री को केंद्र से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह भी उपस्थित थे।



डॉ. पनगड़िया से मुलाकात करते सीएम सुक्खू।

# राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, भारत-चीन संबंधों पर की चर्चा

**एजेंसी, बीजिंग**

भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में विकास की दी जानकारी भारत और चीन के बीच बीते कुछ वर्षों से चले आ रहे सीमा तनाव के बीच एक सकारात्मक तस्वीर सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। यह मुलाकात शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर हुई। यह पहला मौका था, जब जयशंकर ने सीमा पर हालिया तनाव कम होने के बाद शी जिनपिंग से सीधे बात की।



जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने जिनपिंग को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंधों में हाल के सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि दोनों देशों के नेताओं का मार्गदर्शन इस संबंध में काफी अहम रहा है और रिश्तों को नई दिशा देने में मदद कर रहा है।

जयशंकर ने इसी एससीओ बैठक में सोमवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी से भी द्विपक्षीय चर्चा की। इस बातचीत में उन्होंने बताया कि पिछले 9 महीनों में भारत और चीन के बीच संबंधों में 'अच्छी प्रगति' हुई है। खासकर सीमा पर तनाव कम हुआ है और शांति की स्थिति बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि अब दोनों पक्षों को डि-एस्केलेशन और अन्य लंबित मुद्दों को हल करने की जरूरत है।

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और चीन को अपने मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा कभी संघर्ष का रूप नहीं लेनी चाहिए। भारत और चीन के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध केवल हमारे लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद हैं। उन्होंने इस संबंध को आपसी सम्मान, आपसी हित और संवेदनशीलता के आधार पर संभालने की जरूरत बताई। (अनंत ज्ञान)

### यमन में केरल की नर्स निमिषा की फांसी टली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी यमनी अधिकारियों ने टाल दी है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पहले यह फांसी बुधवार 16 जुलाई को होनी थी। केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में एक यमनी नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया है। साल 2020 में यमनी अदालत ने उसे मौत की सजा सुनाई थी और देश की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में उसकी अपील खारिज कर दी थी। 38 वर्षीय नर्स निमिषा वर्तमान में यमनी राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हूतियों के नियंत्रण में है। (अनंत ज्ञान)



# जम्मू-कश्मीर के डोडा में खाई में गिरी मिनी बस; 5 की मौत, 12 घायल

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक मिनी बस गहरी खाई में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसा डोडा के ठाठरी क्षेत्र में हुआ जब मिनी बस एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।



जानकारी के अनुसार, डोडा जिले के पोंडा इलाके में यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया है। गंभीर रूप से घायल एक पांच साल के बच्चे को जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) रेफर कर दिया गया है, जबकि 11 अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक टैंपो ट्रैवलर पोंडा के पास डोडा-बराथ रोड पर सड़क से फिसलकर एक गहरी खाई में गिर गया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस दुखद दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

**सौगात** कहलूर खेल परिसर को मिला प्रदेश में अद्वितीय दर्जा

# त्रि-आयामी खेलों का गढ़ बना बिलासपुर




कहलूर खेल परिसर।

### विशेष आकर्षण

- **कहलूर परिसर:** स्थल खेलों का आधुनिक केंद्र।
- **गोबिंदसागर:** जलक्रीड़ा का हब।
- **बंदला साइट:** एयरो स्पोर्ट्स की नई उड़ान। खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण व प्रतियोगिता की एकीकृत व्यवस्था।

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में खेल विकास की दिशा में बिलासपुर ने एक बड़ी छलांग लगाई है। जिले के कहलूर खेल परिसर को त्रि-आयामी खेलों का जनक घोषित किया गया है। यह प्रदेश का पहला ऐसा खेल स्थल है, जहां नभ, जल और स्थल तीनों माध्यमों में खेल गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे बिलासपुर के दो कद्दावर नेताओं पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर की दूरदृष्टि और अथक प्रयास हैं। इसी तरह से पैराग्लाइडिंग की साइट को स्वीकृति दिलाने के पीछे पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर का योगदान है कहलूर परिसर में जल खेलों के लिए समीपवर्ती गोबिंदसागर झील में कयाकिंग व रोइंग जैसी गतिविधियां चलाई जा रही हैं। स्थलीय खेलों में एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, और इंडोर गेम्स की सुविधा है। वहीं, नभ खेलों के लिए बंदला में पैराग्लाइडिंग और भविष्य में ड्रोन रेसिंग तथा एरो मॉडलिंग जैसी योजनाएं भी प्रस्तावित हैं।

बिलासपुर खेल विभाग के अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले वर्षों में इस परिसर को राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे हिमाचल के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ सकें।

### सुभाष ठाकुर के प्रयासों से पैराग्लाइडिंग साइट को मिली औपचारिक मंजूरी

**पूर्व** विधायक सुभाष ठाकुर के प्रयासों से बंदला में पैराग्लाइडिंग साइट को औपचारिक मंजूरी मिली, जिससे नभ से जुड़े खेलों को पंख लगे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर को एयरो स्पोर्ट्स के नक्शे पर लाना मेरा सपना था। बंदला साइट की स्वीकृति से अब यह सपना साकार हो रहा है और युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं।



### खेलों से संवरता है युवाओं का भविष्य : राम लाल ठाकुर

**पूर्व** मंत्री राम लाल ठाकुर, जिनके कार्यकाल में कहलूर खेल परिसर की आधारशिला रखी गई थी, ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं का भविष्य संवरता है। यह परिसर मेरी वर्षों की मेहनत का प्रतिफल है। मुझे गर्व है कि आज यह प्रदेश का त्रि-आयामी खेल केंद्र बनकर उभरा है।



# रामपुर में व्यक्ति ने काटे कुत्ते के कान, मौत

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** खबर वह नहीं जो रोज घटे, बल्कि वह है जो चौंकाए। कुत्ता इंसान को काटे तो सामान्य घटना, लेकिन जब इंसान ही कुत्ते को काट ले तो वो असामान्य घटना हो जाती है। ऐसा ही हैरतअंगेज वाकया शिमला जिले के रामपुर के समीप जगातखाना में पेश आया है। यहां विशेष समुदाय के मीट शॉप चलने वाले एक व्यक्ति ने कुत्ते के कान ही काट डाले, जिससे उसकी मौत हो गई।

भूपेश शर्मा निवासी वार्ड नंबर 3 मेन बाजार रामपुर की ओर से लिखित शिकायत पर ब्रो थाना में पुलिस ने इस व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। व्यक्ति पर आरोप है कि वह 2-3 दिन से अपने कुत्ते के कान थोड़ा-थोड़ा काट रहा था। इससे सोमवार को कुत्ते की मौत हो गई। जब व्यक्ति कुत्ते को जमीन में दबा रहा था तो वहां मौजूद लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में कुत्ते का शव जमीन से निकलवाया। लोगों को शक है कि यह व्यक्ति प्रतिबंधित मांस का कारोबार भी कर सकता है। उन्होंने इस मामले की गहनता से जांच करने की मांग की है। आरोपी घटनास्थल से भाग गया था, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मृत कुत्ते का पोस्टमार्टम किया जा चुका है जिसकी रिपोर्ट की प्रतिक्षा है। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी चंद्रशेखर ने कहा कि मामले की आगामी जांच गहनता से की जा रही है।



मृत कुत्ता।




# न्यूज ब्रीफ

## स्वास्थ्य मंत्री ने धूमल से समीरपुर में की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शैंडल, धर्मपुर विधानसभा के विधायक चंद्रशेखर मंगलवार शाम को समीरपुर पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री नयना देवी के विधायक एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रणधीर शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी नेताओं ने प्रो. धूमल का कुशलक्षेम जाना और प्रदेश व क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संगठनात्मक दृष्टि से भी आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रो. धूमल ने सभी नेताओं को प्रदेश हित में निरंतर जनसेवा और विकास कार्यों को पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का आशीर्वाद दिया।

## सुजानपुर व अन्य गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर उपमंडल सुजानपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र सुजानपुर शहर, पौडियां मोहल्ला, सैनिक स्कूल, टिहरा, ढांगू मोहल्ला, न्यू कॉलोनी, राधा स्वामी मोहल्ला, डोली, पेट्रोल पंप, दाड़ला, मिहाड़पुर, छौंटा, भलेठ, चबूतरा, चमियाणा, टिक्करू, चरोट, पटलांदर, कनेरड़ ठाणा, रियाह, रंगड़ मैलहडू नलाही जीयाना, जोल लंबरी, आंसला आदि में 16 जुलाई को विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से सायं 2 बजे तक बाधित रहेगी। इस दिन 33,11 केवी सब-स्टेशन सुजानपुर में मरम्मत व लाइनों के साथ लगते पेड़ों की कटाई व छंगाई का कार्य किया जाएगा। यदि मौसम खराब रहता है तो यह कार्य बाद में किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियन्ता ई. चंद्रकांत ठाकुर, विद्युत उपमंडल सुजानपुर ने दी।

## दखयोड़ा ग्राम सुधार सभा के उपप्रधान बने मरचू राम

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** द दखयोड़ा ग्राम सुधार सभा के नए उपप्रधान मरचू राम बनाए गए हैं। इस सभा का गठन पहले 30 जुलाई, 2023 को हुआ था, तब उपप्रधान राजेंद्र सिंह को चुना गया था। उन्होंने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस सभा का चुनाव 5 वर्ष के लिए मान्य होगा। हालांकि, इस सभा के प्रधान कैप्टन बक्शी सिंह ने बताया कि किन्हीं कारणों से उपप्रधान ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था इसके उपरांत सभा ने सर्वसम्मति से मरचू राम को उपप्रधान नियुक्त किया गया है, वह आज से ही अपनी सेवाएं सभा के लिए देंगे। सभा ने ब्लॉक और एसडीएम को इसकी प्रति भेज दी है।

## टीजीटी कमीशन के लिए निशुल्क सेमिनार आयोजित

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** बीईआईआईटी संस्थान नादौन में हिमाचल प्रदेश टीजीटी कमीशन की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए एक निशुल्क सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में आर्ट्स और साइंस विषयों से संबंधित लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमिनार में प्रश्नों को हल करने की नवीनतम तकनीकों एवं शॉर्टकट विधियों का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे अभ्यर्थियों को कठिन विषयों को समझने और हल करने में मदद मिलेगी। संस्थान के निदेशक शशि शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी इस परीक्षा की तैयारी से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए विशेष शिक्षकों से 7018155250 एवं 9418603059 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान टीजीटी कमीशन के साथ-साथ एचपी एस / एलाइड सर्विसेज और अग्निवीर/ पुलिस एवं अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाता है। संस्थान के निदेशक शशि शर्मा और सहयोगी बीरबल ने बताया कि किसी भी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए हमारा संस्थान सबसे उत्तम है। सेमिनार के पश्चात प्रतिभागियों में छात्रा मिनाक्षी (ऊना) ने कहा कि 'यह सेमिनार हमारे लिए नई शिक्षण तकनीकों का परिचय लेकर आया है।' छात्रा सुमन ने बताया कि 'सेमिनार में जो रणनीतियां बताई गई, वे हमारी तैयारी को एक नई दिशा देंगी।' छात्रा रीना ने कहा कि 'विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक रहा।

## शोरी निवास पर 26 को लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दरिद्र नारायण समिति घुमारवीं के सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी और गरीब दास फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी में एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया। बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे शोरी के निवास स्थान पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का संचालन एम्स बिलासपुर की चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जाएगा, जो रक्त संग्रह और चिकित्सा परामर्श के लिए मौके पर मौजूद रहेगी। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और सामाजिक सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है। बैठक की अध्यक्षता दरिद्र नारायण समिति घुमारवीं के अध्यक्ष सहजाद सिंह चौहान ने की। महासचिव जगदीश चंद सहित समिति के अन्य सक्रिय सदस्य दिलवान सिंह राणा, करम चंद सांख्यान, जगदीश चंद वर्मा भी बैठक में मौजूद रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधि और बीडीसी अध्यक्ष कैप्टन रजिंदर सिंह ने शिविर के आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. कुलवंत राय, प्रताप शर्मा, एमएल शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने के लिए जन सहयोग की अपील की है और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का आग्रह किया है।

## सहकारी समिति में सेल्समैन के पद के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कृषि सेवा सहकारी समिति हनोह, उपमंडल भोरंज में सेल्समैन के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 27 जुलाई को शाम 5 बजे तक अपना आवेदन समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पद से संबंधित विस्तृत शर्तें एवं आवश्यक योग्यताओं की जानकारी समिति कार्यालय में स्थापित सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए समिति के सचिव पंकज कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

## अगले वर्ष सुजानपुर में होगा 15 डोगरा का राइजिंग डे

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने मंगलवार को ज्वालामुखी में आयोजित 15वीं बटालियन द डोगरा रेजिमेंट के 77 वें राइजिंग डे पर शिरकत की। भूतपूर्व व वर्तमान फौजी भाइयों ने विधायक का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। भूतपूर्व सैनिकों ने बड़े गर्व के साथ कहा कि आज हमारा एक फौजी भाई विधायक बनकर जनता की सेवा कर रहा है, जिसकी हमें खुशी और गर्व भी है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मैं कार्यक्रम में विधायक बनकर नहीं बल्कि एक पूर्व सैनिक और 15 डोगरा के सदस्य के रूप में आया हूं, जिसकी मुझे बहुत खुशी है। विधायक ने कहा कि पिछली बार यह कार्यक्रम पालमपुर में आयोजित किया गया था और इस बार यह कार्यक्रम ज्वालामुखी में आयोजित किया गया है और अगली बार यह कार्यक्रम सुजानपुर में बहुत ही भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा।

## करियर प्वाइंट विवि में 18 को मेगा जॉब ड्राइव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध फार्मास्युटिकल कंपनी एल्केम लैबोरेटरीज द्वारा 18 जुलाई को बी.फार्मेसी छात्रों के लिए मेगा जॉब ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को दमन और दीव स्थित प्लांट में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जाएगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 20,000- प्रतिमाह स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा, जिससे छात्रों को न केवल औद्योगिक अनुभव मिलेगा बल्कि आर्थिक सहयोग भी प्राप्त होगा।

## जोल प्लाही में जांचा 77 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रयास संस्था द्वारा हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन व सहयोग से संचालित अस्पताल सेवा मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत गांव व पंचायत जोल प्लाही में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। अस्पताल सेवा टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर में 42 पुरुषों व 35 महिलाओं सहित कुल 77 लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसमें मधुमेह के 5, उच्च रक्तचाप के 8, जोड़ों के दर्द के 6 लोग व 58 मरीज अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों व महिलाओं के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निःशुल्क की गई। अस्पताल सेवा टीम फार्मासिस्ट सावी गुप्ता,लैब टेक्निशन सोनी वर्मा व चालक नवीन ने डॉक्टर पंकज के नेतृत्व में अपनी सेवाएं प्रदान की। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। डॉ. पंकज ने लोगों को बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों से बचने के प्रति भी जागरूक किया।

# एनएच के पानी से उपजाऊ भूमि हो रही बर्बाद

## लोगों ने अनुराग से लगाई गुहार, सांसद ने एनएचएआई को समस्याओं का समाधान करने के दिए निर्देश

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को समीरपुर में लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान सैकड़ों लोग अपनी समस्याओं को लेकर समीरपुर पहुंचे हुए थे। अनुराग सिंह ठाकुर ने सबकी समस्यओं को बारी-बारी से सुना व उनका समाधान करने के निर्देश सबंधित विभाग को दिए।

चाहड़ गांव के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल ग्रामीणों में कै. जसवंत सिंह, सूबेदार कश्मीर सिंह, कुलदीप सिंह, महिला मंडल की सचिव रिम्पी कुमारी सहित अन्य ने अनुराग सिंह ठाकुर से गुहार लगाई कि निर्माणाधीन एनएच-3 के पानी से उनकी 100 कनाल भूमि बर्बाद हो रही है। उन्होंने बताया कि पहले सड़क का पानी जगह-जगह उतरता था, लेकिन निर्माणाधीन एनएच-3 के कार्य के चलते चाहड़ मोड़ पर एक ही जगह करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क का पानी उतारा जा रहा है, जबकि पहले बारी मंदिर से तहसील ऑफिस टौणी देवी तक सड़क का पानी 3 से 4 जगह पर उतरता था, जिससे उपजाऊ भूमि को नुकसान नहीं होता था।



चाहड़ गांव के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद अनुराग ठाकुर से मिला और पानी से हो रहे नुकसान के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि निर्माण कंपनी व एनएचएआई विभाग मनमानी कर रहा है और किसानों की उपजाऊ भूमि को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि जैसे पहले जगह-जगह सड़क का पानी उतरता था, वैसे ही सड़क का पानी उतारा जाए, अन्यथा ग्रामीणों को चाहड़ गांव के पास निर्माण कार्य रोकना पड़ेगा। वहीं, सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने एनएचएआई विभाग को मौके पर ही निर्देश दिए कि उक्त ग्रामीणों की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए तथा छोटी-छोटी पुलिया डाल कर पानी को जगह-जगह उतारा जाए, ताकि किसानों की उपजाऊ भूमि बर्बाद न हो।

इसके अतिरिक्त अनुराग सिंह ठाकुर ने समीरपुर विश्रामगृह में एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनहित के मुद्दों को उठाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अच्छी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध सड़कों का जल्द निर्माण हो, लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो, जिन मकानों पर डंगे नहीं लगे हैं, वहां डंगे लगाए जाएं। बारिश के समय में होने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। अनुराग सिंह ठाकुर ने विभागीय अधिकारियों से इन समस्याओं पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को पंजाब से किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अभियोग थाना सदर हमीरपुर में वर्ष 2023 में विदेश भेजने के नाम पर पैसे की धोखाधड़ी के करने की शिकायत कश्मीर सिंह पुत्र रत्न चंद गांव व डाकघर सुन्हाणी तहसील झंडूता जिला बिलासपुर ने पंजीकृत करवाया गया था।

मामला दर्ज होने के बाद जांच के दौरान संलिप्त बांछित आरोपी प्रिंस पुत्र सुखविंद्र सिंह हाउस नंबर 33 गांव व डाकघर टिकोली तहसील डेरा बस्सी जिला सास नगर मोहाली जीरकपुर (पंजाब) को पहले ही उपरोक्त अभियोग में गिरफ्तार किया था, जिसे माननीय अदालत के आदेश से जमानत पर रिहा था। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को 15 जुलाई को पंजीकृत अभियोग में पुलिस थाना हमीरपुर की टीम द्वारा अन्वेषण करते हुए एक अन्य संलिप्त बांछित आरोपीया प्रीति पुत्री सुखविन्द्र सिंह जिसके बैंक खाता में धोखाधड़ी की राशि का 5 लाख 70 हजार जमा हुआ था, को उसके निवास स्थान गांव व डाकघर टिकोली तहसील डेरा बस्सी जिला सास नगर मोहाली जीरकपुर (पंजाब) से मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## जामुन के पेड़ से गिरा व्यक्ति, मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना हमीरपुर के तहत जिला अस्पताल डॉ. आरकेजीएमसी हमीरपुर में एक व्यक्ति को मृत हालत में अस्पताल लाने की सूचना प्राप्त मिली थी। सूचना प्राप्त होने पर थाना पुलिस द्वारा जिला अस्पताल डॉ. आरकेजीएमसी हमीरपुर पहुंचने पर गहनता से हालात जांच करने पर पाया कि मृतक व्यक्ति चमन सिंह पुत्र स्व विधी चंद गांव गुधवीं डाकघर डुडाणा तहसील गलोड़ जिला हमीरपुर का रहने वाला था, जो अपने घर के नजदीक जामुन के पेड़ से गिर गया था, जिसे सिर व शरीर पर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी, के संदर्भ में परिजनों व अन्य के ब्यान कलमबद्ध किए गए। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम डॉ. आरकेजीएमसी. हमीरपुर में करवाने के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई करके शव को उसके परिवारजनों के हवाले किया गया है।

# आपदा की घड़ी में सभी को आगे आना चाहिए : कै. रणजीत



सुजानपुर के विधायक मंडी प्रभावितों के लिए राहत सामग्री को रवाना करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

आपदा ग्रस्त क्षेत्र धर्मपुर, गोहर के लिए सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बैरी के चपटेहड़ के गांववासियों कि ओर से मंगलवार को राहत सामग्री भेजी, जिसको सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। विधायक ने कहा कि कि आज प्रदेश आपदा की घड़ी से जूझ रहा है। हर एक संस्था, हर एक गांव मिलजुल कर कार्य कर रहे हैं।

विधायक ने कहा कि पूर्व सैनिक अनिरुद्ध सिंह के सानिध्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि आज सभी को इस आपदा की घड़ी में हाथ से हाथ पकड़कर आगे बढ़कर सभी की मदद के लिए आगे आने चाहिए। बेघर लोगों को हमारी एक छोटी सी मदद किसी की जीवनशैली में हरियाली ला सकती है।

विधायक ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा हरसंभव सहायता आपदाग्रस्त क्षेत्र में की जा रही है। जिनके पास घर नहीं हैं, उन्हें नया घर बनाने के लिए 7 लाख रुपए की राशि देने की मुख्यमंत्री ने घोषणा की है। सरकार सभी आपदाग्रस्त या आपदा प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सरकार हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है।

# राजनीतिक कारणों से 18 को प्रस्तावित रोजगार मेला स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन राजीव राणा द्वारा 18 जुलाई को भोरंज (बस्सी) में प्रस्तावित रोजगार मेला अपरिहार्य राजनीतिक कारणों की वजह से स्थगित कर दिया गया है। इस रोजगार मेले में देश की कई प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेने जा रही थीं। इस रोजगार मेले की तिथियां दोबारा से निर्धारित की जाएंगी। राजीव राणा ने इस निर्णय पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने का हमारा संकल्प पहले जैसा ही मजबूत है।

राजनीतिक परिस्थितियोंवश यह आयोजन अभी स्थगित किया गया है, लेकिन जल्द ही नई तिथि घोषित कर रोजगार मेला पूर्व की भांति भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला स्थगन से जुड़े सभी अभ्यर्थियों, कंपनियों और संस्थानों से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि यह पहल और भी सुदृढ़ रूप में जल्द सामने लाई जाएगी।

# भारत विकास परिषद की हमीरपुर शाखा का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भारत विकास परिषद की हमीरपुर शाखा का गठन भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक (संस्कार) अरुण कुमार, प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र कौल की देखरेख में हमीरपुर में संपन्न हुआ। इसमें नवगठित शाखा के 20 सदस्यों ने भाग लिया एवं सर्वसम्मति से सोम दत्त शर्मा को शाखा अध्यक्ष, अनूप शर्मा को शाखा सचिव व गोपाल कटोच को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कौल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि परिषद के उद्देश्य समाज के प्रबुद्ध लोगों को संस्कारित कर संवेदनशील बनाना, स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत बनाना और समाज के वंचित लोगों को आत्मनिर्भर बना समाज में समरूपता लाना है।



संस्कार संयोजक अरुण कुमार व प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र की देखरेख में हुआ चयन।

भारत विकास परिषद हमीरपुर के सचिव अनूप शर्मा ने बताया कि समाज को संगठित करना ही परिषद का उद्देश्य है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक (संस्कार), भारत विकास परिषद् उत्तर क्षेत्र 1, अरुण कुमार ने हमीरपुर जिले की पहली शाखा के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परिषद के पंचसूत्र संपर्क-सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के माध्यम से स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत के निर्माण पर जोर देते हुए भारत विकास परिषद का लक्ष्य, विचार, परिषद की कार्यशैली, नियम, संगठन और संगठनात्मक संरचना पर विस्तार से अपने प्रेरणादायक विचार रखे।

उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद् समाज के प्रबुद्ध, संपन्न एवं प्रभावी व्यक्तियों का एक गैर-राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन है, जो संस्कार, सेवा, संपर्क और विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से समाज की सेवा करती है। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य भारतीय समाज का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राष्ट्रीय और आध्यात्मिक विकास शामिल है। संगठन विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए अरुण ने कहा कि परिषद विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में काम करता है, साथ ही वंचित और जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए भी प्रयास करता है ।

भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव अनिल गुरुंग ने नवनियुक्त भारत विकास परिषद की हमीरपुर शाखा के गठन पर सब सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कार्यकर्ताओं को मानवीय संवेदना के साथ सेवा कार्य करने का आह्वान किया।

# नॉन कैडर अधिकारी की नियुक्ति के निर्णय का स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा एक नॉन कैडर अधिकारी की नियुक्ति का नियुक्ति पत्र वापस ले लिया गया, जिससे पूरे चिकित्सक समुदाय में खुशी का माहौल बन गया और सभी ने इस निर्णय का स्वागत किया। हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.



सुरेंद्र सिंह डोगरा ने मुख्यमंत्री के समक्ष यह रोष जताया था कि यह निर्णय डॉक्टरों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

सभी जिला स्तरीय कार्यकारिणियों ने राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के साथ मिलकर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को यह मेमोरेंडम दिया और उनसे वार्ता भी की कि इस निर्णय को वापस लिया जाए। संवेदनशीलता दिखाते हुए आज मुख्यमंत्री सुक्खू ने डॉ. अश्विनी शर्मा जो कि एक आईएएस अधिकारी हैं, को हटाकर डॉक्टर गोपाल वेरी को डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज का निदेशक नियुक्त किया। मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने उनकी संवेदनशीलता को तहे दिल से सराहा और आभार व्यक्त किया।

# पूर्व विस अध्यक्ष विपिन ने दियोटसिद्ध में नवाया शीश



विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने विपिर परमार को सम्मानित किया।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन परमार ने बाबा बालक नाथ जी के दिव्य धाम दियोटसिद्ध में जाकर शीश नवाया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

आजकल सावन का महीना चला हुआ है। कहते हैं कि इस दौरान बाबा जी के चरणों में नतमस्तक करने वालों को मन वांछित फल मिलता है। विधायक परमार बाबा जी के भक्त हैं तथा गुफा दर्शनों के लिए हमेशा आते रहते हैं। इस अवसर पर उनके साथ बड़सर के विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा भी उपस्थित रहे। गुफा दर्शनों के बाद बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने विधायक परमार को बाबा जी की प्रतिमा रोट प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण भी किया।

# बरसात में होने वाली बीमारियों की दें जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर और सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार, ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी स्कीमों की चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में पानी से होने वाली बीमारियां और आखों से संबंधित होने वाली बीमारियों से बचने के लिए खंड स्तर पर जागरूकता गतिविधियां होनी चाहिएं।

# मझियार और कलूर में जगाई वित्तीय साक्षरता की अलख

**बैंकों की योजनाओं से करवाया अवगत**

**अनंत ज्ञान, नादौन**

सभी लोगों को विभिन्न बैंकों की ऋण योजनाओं और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित करके उनका वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए पहली जुलाई से आरंभ हुए तीन महीने के देशव्यापी अभियान के तहत मंगलवार को नादौन उपमंडल की पंचायत कलूर और मझियार खुर्द में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ आशीष संगरा, जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल, पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के निदेशक अजय कुमार कतना और अन्य अधिकारियों ने लोगों को पीएम जन धन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और कई अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बैंक खाताधारकों की केवाईसी, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल ठगी से बचाव और कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी बताया।

भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ आशीष संगरा ने सभी लोगों से बैंकों की ऋण योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। इन जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान मझियार पंचायत के प्रधान मान चंद डोगरा, कलूर के प्रधान रविंद्र कुमार, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, सीएफएल सेंटर की संचालक रेखा गौतम, विभिन्न बैंकों की शाखाओं के प्रबंधक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# बड़ा जोन ने राहत सामग्री के रूप में थुनाग क्षेत्र को भेजे 25 तिरपाल



थुनाग में हमीरपुर जिले के बड़ा जोन द्वारा भेजे गए तिरपाल वितरित किए गए।

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के बड़ा जोन के लोगों द्वारा आज थुनाग के आपदा पीड़ित लोगों के लिए राहत सामग्री के रूप में 25 तिरपाल भेजे गए, ताकि आपदा से पीड़ित लोगों को रहने के लिए. किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी न हो। क्षेत्र के प्रसिद्ध. समाजसेवी सुदर्शन जरियाल एवं कुलदीप सिंह पटियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि थुनाग के आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए क्षेत्र के लोग आगे बढ़कर उनकी सहायता करने के लिए आगे आ रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी बड़ा जोन के लोगों एवं प्रेस क्लब नादौन ने मिलकर एक राहत सामग्री की गाड़ी आपदा पीड़ितों के लिए भेजी थी। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि आपदा से पीड़ित इन लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़कर अपना योगदान दें, क्योंकि मुसीबत के समय किसी की सहायता करना सबसे बड़ा धर्मार्थ काम होता है। उन्होंने प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं से भी आपदा से पीड़ित लोगों की सहायता करने की अपील की है।

**सहायता** अनुराग मंडी जिले में बाढ़ व बारिश की मार झेल रहे क्षेत्रों में लगातार आपदा प्रभावितों की कर रहे मदद

# अनुराग ने समीरपुर से दो ट्रक राहत सामग्री मंडी को भेजी



समीरपुर से राहत सामग्री के ट्रकों को सांसद अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने सुबह भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा स्पीकर व सुलह से विधायक विपिन परमार ने समीरपुर में भेंट कर विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

इसके बाद देवभूमि हिमाचल में बाढ़, बारिश व प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे मंडी जिले के लिए अनुराग ने दो ट्रक राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन ट्रकों में आपदा प्रभावितों के लिए गद्दे, कंबल, बाल्टी, बर्तन व अन्य गृहपयोगी वस्तुएं हैं, जो कि सराज के विभिन्न गांवों में वितरित की जाएगी ताकि पीड़ित परिवारों को तुरंत सहायता पहुंच सके।

अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश में बाढ़ व बारिश की मार झेल रहे क्षेत्रों में लगतातार आपदा प्रभावितों को मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। प्राकृतिक आपदा के चलते लोगों की घर-गृहस्थी बिखर जाने से हुए नुकसान को देखते हुए अनुराग ठाकुर द्वारा लगातार बर्तन, गृहउपयोगी सामान, दवाएं व सेनेटरी पैड के वितरण का काम किया जा रहा है। अनुराग ठाकुर ने मंडी प्रभावितों के लिए 1000 बैग, 2000 कॉपी, 2000 पेंसिल, 1000 बॉक्स, 1000 पेन, 1000 शार्पनर, 5000 बिस्किट पैकेट, 5000 प्रोटीन बॉक्स, 1000 क्लिप बोर्ड कल मंडी में वितरित किए गए।

## प्रयास संस्था के पदाधिकारियों ने सौंपी सहायता राशि



समाजसेवी संस्था प्रयास प्रदेश के कुछ भागों में बरसात से आई भयंकर बाढ़ जनित त्रासदी के कारण अनेक उजड़े परिवारों की यथासंभव सहायता हेतु प्रयासरत है। त्रासदी से उत्तपन्न स्वस्थ्य समस्याओं हेतु संस्था की स्वस्थ्य मोबाइल सेवा पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने के लिये बाढ़ क्षेत्रों में लगी हुई है। दिनचर्या से जुड़ी अनिवार्य सामग्री वितरण हेतु संस्था के अनेक वालंटियर प्रभावित स्थानों पर मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कड़ी में प्रयास संस्था अवाहदेवी के पदाधिकारियों ने 51 हजार रुपए तथा प्रयास की शाखा दीनहित मंडल लम्बलू इकाई के पदाधिकारियों ने 31 हजार रुपए संस्था के मार्गदर्शक पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के माध्यम से प्रभावित लोगों को राहत हेतु सहायतार्थ राशि भेजी है। संस्था के पदाधिकारियों ने त्रासदी की चपेट में आये लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं ।




*ऊना जिले की कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नारी, धार्मिक आस्था का केंद्र होने के बावजूद विकास के मोर्चे पर पिछड़ी नजर आती है। जब अनंत ज्ञान की टीम जमीनी हकीकत जानने यहां पहुंची तो पाया कि आध्यात्मिक रूप से प्रसिद्ध यह पंचायत बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रही है। करीब चार हजार की आबादी वाली इस पंचायत को विश्व प्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद धाम और यहां स्थित दो सौ वर्षों से जल रहे अखंड धूणे के कारण विशेष पहचान मिली है। इसके बावजूद पंचायत में बरसाती जल निकासी जैसी मूलभूत समस्या अब भी अनसुलझी है। पक्की गलियों और समतल भूमि के कारण बारिश के दिनों में खेतों और रास्तों में पानी भर जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, कोविडकाल में पंचायतवासियों ने राहत कार्यों को लेकर संतोषजनक कार्य किया, लेकिन संपूर्ण विकास की दृष्टि से अभी लंबा सफर तय करना बाकी है।*

# 'नारी' में जल निकासी की समस्या 'भारी'

**पंचायत में औसतन विकास**

**कोविडकाल में राहत कार्यों से लोग संतुष्ट**



### अनंत ज्ञान टीम

**राजेश शर्मा/राकेश कुमार/संजीव जसवाल, ऊना (नारी)**

## पंचायत में चल रहा रूटीन का काम

**नारी** पंचायत में रूटीन का काम चल रहा है, लेकिन कोई बड़ी जल निकासी योजना की दरकार है। सिंचित भूमि में लोग कृषि करते हैं। गंदम की रिकॉर्ड पैदावार भी इस ग्राम पंचायत में होती है। वर्तमान पंचायत के समय में यहां बनाए जा रहे मोक्षधाम को एक प्रमुख उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। पंचायत के वर्तमान कार्यकाल से लोग लगभग संतुष्ट नजर आए।

## आयुर्वेदिक अस्पताल के बाहर शौचालयों पर ताले

**ग्राम** पंचायत में स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर एक आयुर्वेदिक अस्पताल है। इस आयुर्वेदिक अस्पताल में सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध हैं और ग्रामीण इस केंद्र में उपचार के लिए पहुंचते हैं। हालांकि, इस अस्पताल के बाहर शौचालयों में ताले जड़े हुए हैं जो प्रतीत हुए कि अर्से से इस शौचालय को इस्तेमाल में नहीं लाया गया है। साथ ही एक खुला मैदान है जो झाड़ियों से ढका हुआ है।



*आयुर्वेदिक अस्पताल नारी में लगे कैंप में जांच करवाते लोग।*

## दो प्राइमरी स्कूल पर सफाई व्यवस्था खास नहीं




**पंचायत** क्षेत्र में दो प्राथमिक विद्यालय हैं, लेकिन उनके आसपास सफाई व्यवस्था कोई खास नहीं है। इनमें छात्रों की संख्या भी बहुत अधिक नहीं है। जो स्कूल यहां अस्पताल के समीप है यहां एक अध्यापक पांच कक्षाओं के लिए है। छात्र संख्या के कारण यहां एक अध्यापक लगभग 25 छात्रों को शिक्षा सुविधा प्रदान कर रहा है। पीने के पानी की उचित व्यवस्था है। बिजली की सप्लाई भी नियमित होने से लोग राहत में हैं। ग्रामीणों का यह कहना है कि कई लोगों ने भूमि विवाद के कारण विकास को प्रभावित किया है। इस विवाद में कई रास्ते पक्के नहीं हो पा रहे हैं।

## क्या कहते हैं ग्रामीण



**सरदार सरवन सिंह**

**ग्राम** पंचायत ने अपने कार्यकाल में औसत काम किया है। कोई बड़ा काम न भी हो तो गलियों और अन्य पशु शेड बनाने के साथ साथ लोगों के जरूरी काम हुए हैं। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के समय यहां शिक्षा सुधार में बेहतर कार्य हुआ है। पंचायत के कार्यकाल से संतुष्ट हैं।



**तरसेमो देवी**

**तीन** साल पहले जवान बेटे की मौत हो गई थी। वह अपने पीछे मां, पत्नी और तीन बेटियों को छोड़ गया। घर का गुजारा कठिन है। बेटियों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों को पूरा कर पाना मुश्किल हो जाता है। बेटे को मौत के बाद कई नेता घर पर आए थे, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। पंचायत की ओर से भी किसी तरह का सहयोग अभी नहीं मिल पाया है। हालांकि, आश्वासन जरूर दिया है।



**गुलजारी लाल**

**ग्राम** पंचायत के सभी वार्डों में विकास हो रहा है। इस पंचायत का कार्यकाल कोरोना के कारण भी प्रभावित रहा, लेकिन जो काम लोगों के हैं वह बंद नहीं हुए हैं। रास्तों की रिपेयर और नए रास्ते बनाए गए हैं। भूमि विवाद में कुछ कार्य प्रभावित हुए हैं, लेकिन जहां लोगों ने सहयोग दिया काम अच्छा हुआ है। बड़े काम मोक्षधाम है। मोक्षधाम के लिए पुल की आवश्यकता है।



**स्वर्णा**

**जिंदगी** के आठ दशकों में गांव बदलता देखा है। गांव में कच्चे मकानों और बरसात में मचानों में समय निकलना पड़ता था। समय के मुताबिक विकास हुआ है और अब वर्तमान पंचायत में भी विकास आगे बढ़ रहा है। कुछ कार्य हो रहे हैं और कुछ लोग विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं। भूमि विवादों से पंचायत कई कार्य करवाने में असमर्थ हो जाती है।



*डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम के अखंड धूणे में हो रहा हवन*



**जगत राम**

**ग्राम** पंचायत में मनरेगा के मजदूरों को नियमित काम मिल रहा है। कच्चे और पक्के काम किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों को पंचायत रोजगार प्रदान कर रही है। सभी वार्डों में कोई न कोई कार्य चला हुआ है। ग्राम पंचायत के कार्य से संतुष्ट हैं।



**ग्राम** पंचायत क्षेत्र में पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन लगाई गई है। जो पात्र हैं उनके नाम बीपीएल सूची में शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। कुछ समय पहले तीन बेटियों के जिस पिता की मौत हुई थी उनके परिवार को भी बीपीएल परिवार में शामिल करने की सिफारिश की गई है।

**हरीश कुमार, उपप्रधान, ग्राम पंचायत नारी**



**ग्राम** पंचायत क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मोक्षधाम का चल रहा काम है। यहां मोक्षधाम लोगों के सहयोग से बनाया जा रहा है। इसके लिए विधायक विवेक शर्मा ने भी दो लाख रुपए का सहयोग किया है। सभी विधायकों के समय में पंचायत के कार्य चलते रहे हैं।

**राम कुमार, प्रधान, ग्राम पंचायत नारी**

# अवैध बागानों पर कुल्हाड़ी 'तेज'

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

- **राजस्व, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में जारी महाअभियान**
- **कोटखाई और कुमारसैन क्षेत्रों में अतिक्रमण पर प्रहार जारी, सैकड़ों पेड़ हटाए गए**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने का अभियान अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। राज्यभर में सरकारी वन भूमि पर अतिक्रमण कर विकसित किए गए सेब के बागानों में पेड़ों को काटने की कार्रवाई आज भी पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ जारी है।

विशेषकर सेब उत्पादक क्षेत्रों कोटखाई और कुमारसैन में यह अभियान तेज हो गया है, जहां कोटखाई का चैंथला और कुमारसैन के बड़ागांव व सराहन लगातार सफाई अभियान से गुजर रहे हैं। इन क्षेत्रों में सैकड़ों सेब के पेड़ हटाए जा चुके हैं, जिससे अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप की स्थिति है। एक ओर जहां किसान सभा इस कार्रवाई का विरोध कर रही है, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार और न्यायिक निर्देश अब इस मुद्दे पर कोई रियायत देने को तैयार नहीं हैं।

राज्य सरकार ने इस कार्रवाई को आवश्यक बताते हुए तर्क दिया है कि वन भूमि पर विकसित इन अवैध बागानों का सूक्ष्म प्रबंधन वन विभाग या राज्य सरकार के लिए किसी भी सूरत में संभव नहीं है।

अदालत में दिए गए अपने बयान में सरकार ने साफ किया है कि सेब के बागानों को नियमित रूप से कीटनाशकों और कवकनाशकों के छिड़काव की आवश्यकता होती है, जिसे सरकारी तंत्र द्वारा कुशलतापूर्वक कर पाना नामुमकिन है। यदि इन बागानों को यूं ही छोड़ दिया जाता है, तो इनमें विभिन्न बीमारियां पनप सकती हैं। ये बीमारियां न केवल अवैध बागानों को, बल्कि आसपास के कानूनी रूप से विकसित किए गए बागानों को भी भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिससे सेब उद्योग को बड़ा झटका लग सकता है।



जंगल की सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाते वन विभाग के कर्मचारी।

### राजस्व, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सक्रिय भूमिका

**इस** पूरे अभियान में राजस्व विभाग, स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। राजस्व विभाग भूमि के रिकॉर्ड और अतिक्रमण की पहचान में मदद कर रहा है, जबकि स्थानीय प्रशासन, जिसमें एसडीएम और तहसीलदार जैसे अधिकारी शामिल हैं।

### अभी आगे भी जारी रहेगा अभियान : मोहनलाल

**शिमला** जिला में कोटखाई के एसडीएम मोहनलाल ने कहा कि वन भूमि से अवैध कब्जे हटाने का अभियान जारी है। अभी चैथला में यह अभियान और चलेगा। उसके बाद अवैध अतिक्रमण की, जो शिकायतें उन तक पहुंची है, उन पर भी कानून के अनुसार, आगे चलकर कार्रवाई होनी तय है।

## कुलदीप पठानिया ने उज्जैन में किए महाकाल के दर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पीठासीन अधिकारियों की समिति की एक दिवसीय बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में विधायी समितियों को और अधिक सशक्त बनाने के तरीकों पर गहन चर्चा की गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित इस समिति का नेतृत्व मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कर रहे हैं। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समिति की अगली बैठक दो महीने के भीतर राजस्थान विधानमंडल में आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य चर्चा को और आगे बढ़ाना, इसे अधिक तर्कसंगत बनाना और मूल्यवान सुझावों के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अवगत कराना है।

बैठक के समापन के बाद हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा के साथ उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने अन्य राज्यों के पीठासीन अधिकारियों के साथ महाकाल के दर्शन किए और अपना शीश नवाया। महाकाल और काल भैरव के दर्शन के उपरांत कुलदीप पठानिया ने वायुमार्ग द्वारा इंदौर से चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान किया। वहां से वे शिमला के लिए रवाना हुए।



कुलदीप पठानिया महाकाल के दर्शन से पहले सामूहिक चित्र के साथ।

## आपदा राहत में सांसद निधि का इस्तेमाल होगा : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने घोषणा की है कि हिमाचल प्रदेश में आई भीषण आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सांसद निधि का उपयोग किया जाएगा। पार्टी के सभी नेता, जिसमें जयराम ठाकुर और अनुराग ठाकुर भी शामिल हैं, आपदा के पहले दिन से ही राहत कार्यों में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जमीन पर जाकर लोगों की मदद कर रहे हैं।



कश्यप ने बताया कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल को सहायता प्रदान कर रही है। अब तक कुल 5152 करोड़ की आर्थिक मदद दी जा चुकी है। इसमें पहले दी गई 3146 करोड़ की राहत और हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीआरफ के तहत जारी किए गए 2006 करोड़ रुपए शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भी सहायता मिली है, जिससे पुनर्वास और आधारभूत संरचना के विकास में मदद मिल रही है।

## भांग की खेती को वैध बनाने की राह हुई आसान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

- **मंत्रिमंडल को सौंपा जाएगा प्रस्ताव**
- **नेगी की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक**

प्रदेश में भांग की खेती को वैध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज यहां राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस संबंध में तैयार किए जा रहे ड्राफ्ट रूल्स पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में ड्राफ्ट रूल्स के विभिन्न पहलुओं, जैसे कानूनी ढांचा, विनियमन, राजस्व संग्रह और सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर गहन मंथन किया गया।

उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित जानकारियां और सुझाव साझा किए, जिससे इस जटिल विषय पर एक समग्र दृष्टिकोण बन सके।

चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि ड्राफ्ट रूल्स में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह व्यापक और प्रभावी हो।

संशोधित प्रस्ताव को जल्द ही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके बाद महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। भांग की नियंत्रित और वैध खेती से प्रदेश के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। यह बागवानी और जनजातीय क्षेत्रों के किसानों के लिए आय का एक नया और स्थायी स्रोत भी बन सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

## हिमाचल कांग्रेस में लंबा हुआ नए अध्यक्ष का इंतजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **अग्निहोत्री का आलाकमान से जल्द फैसला लेने का आग्रह**
- **लंबे समय से रिक्त पद पर बढ़ता दबाव, संगठन को मजबूत करने की जरूरत**

हिमाचल कांग्रेस में अध्यक्ष पद की रिक्त अब एक चिरलंबित मुद्दा बन चुका है, जिसने राज्य इकाई के संगठनात्मक ढांचे पर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं।

इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से इस महत्वपूर्ण पद पर तत्काल निर्णय लेने की जोरदार अपील की है। उनका यह आग्रह ऐसे समय में आया है जब स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर एक सशक्त और पूर्णकालिक नेतृत्व की आवश्यकता अपरिहार्य हो गई है, ताकि पार्टी राज्य में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ कर सके।

सूत्रों की माने तो प्रदेश कांग्रेस में अध्यक्ष का पद पिछले नौ माह से खाली पड़ा है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में असमंजस और नेतृत्व शून्यता की भावना पनप रही है। पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के कार्यकाल के उपरांत से यह पद भरा नहीं जा सका है, जो अब संगठन के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष जल्द बनें, उनके इस बयान से स्पष्ट है कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व भी अब इस मुद्दे पर गंभीर है और दिल्ली में पार्टी आलाकमान से इस पर त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहा है।

### कांग्रेस सरकार के सामने कई चुनौतियां

**बता** दें कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना है, जिसमें आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव शामिल हैं। ऐसे में एक मजबूत और सक्रिय प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति पार्टी के लिए संजीवनी का काम कर सकती है।

### कई नामों पर चल रहा विचार

**अध्यक्ष** पद के लिए कई नामों पर विचार चल रहा है, लेकिन आलाकमान किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं पर विचार कर रहा है। प्रदेश में गुटबाजी की खबरों के बीच, ऐसा व्यक्ति ढूंढना जो सभी धड़ों को साथ लेकर चल सके और पार्टी को एकजुट रख सके, आलाकमान के लिए एक बड़ी चुनौती है।

## रामनगर में भूस्खलन से सड़क किनारे खड़ी गाड़ी क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में लगातार हो रही बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। रामनगर इलाके में आज 15 जुलाई सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी पर अचानक एक बड़ा पत्थर गिर गया। इस घटना में गाड़ी का सामने वाला शीशा पूरी तरह टूट गया, जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त गाड़ी में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी भी तरह की जनहानि की खबर नहीं है।

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सावधानी बरतें और अपनी गाड़ियों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क करें और खराब मौसम में घरों से बाहर निकलने से बचे।

## सोशल मीडिया मीट में संस्कृति और डिजिटल चेतना का संगम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में आयोजित 'सोशल मीडिया मीट 2025' एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई, जिसने डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स, यूट्यूबर्स और इन्फ्लुएंसर्स को एक मंच पर लाकर यह दर्शाया कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग समाज और संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए किया जा सकता है।

इस आयोजन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने विचारों का आदान-प्रदान किया, जहां अनुभवों की गहराई और नई सोच की दिशा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मीट का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया को केवल व्यक्तिगत ब्रांडिंग या मनोरंजन का उपकरण न मानकर, इसे जागरूकता, सेवा और सृजन के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में स्थापित करना था।

इस कार्यक्रम का एक प्रेरक अंश 9 वर्षीय ब्लॉगर सुहानी शर्मा की प्रस्तुति थी, जिन्होंने संयुक्त परिवार व्यवस्था और बुजुर्गों की देखभाल पर अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया।

# लद्दाख में शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **शिक्षा मंत्री ने लद्दाख के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन से की बैठक**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में एक शैक्षणिक दल ने लेह में लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष ताशी ग्यालसन और उपाध्यक्ष त्सेरिंग अंगचुक से उच्च स्तरीय बैठक की।

इस दौरान दोनों राज्यों के शैक्षणिक अनुभवों, चुनौतियों और नवाचारों पर व्यापक चर्चा हुई। हिमाचल ने आईआईटी मंडी के सहयोग से चल रही स्टीम आधारित पहलों की जानकारी साझा की, जिस पर लद्दाख में इसे लागू करने में रुचि दिखाई। वहीं लद्दाख में शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई, जहाँ कई शिक्षकों के पास बीएड योग्यता नहीं है। इस पर शिक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा मोड के माध्यम से प्रशिक्षण में सहयोग का आश्वासन दिया।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर लद्दाख के अध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

### छात्र-शिक्षक के विचारों के आदान-प्रदान पर बनी सहमति

**लद्दाख** ने हिमाचल से अपने स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों को भारतीय प्रबंधन संस्थान से स्कूल लीडरशिप प्रशिक्षण प्रदान करने में सहयोग का अनुरोध किया, जिस पर हिमाचल ने सहमति जताई। हिमाचल पहले ही अपने स्कूल प्रमुखों को ऐसा प्रशिक्षण दे चुका है। वहीं रोहित ठाकुर ने लद्दाख की शिक्षा सचिव भानुप्रभा से भी मुलाकात की, जहां हिमाचल और लद्दाख के बीच छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए समझौता ज्ञापन पर विस्तार से चर्चा हुई।



# जोनल अस्पताल धर्मशाला में एक माह से सीबीसी टेस्ट मशीन खराब

## मरीज परेशान, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कृष्णा लैब में करवाए जा रहे टेस्ट

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित जोनल अस्पताल में सीबीसी (कंप्लीट ब्लड काउंट) टेस्ट मशीन खराब होने के चलते मरीजों को टेस्ट के लिए लैब की ओर रुख करना पड़ रहा है। पिछले एक माह से अस्पताल में मरीजों को इस टेस्ट की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जानकारी के अनुसार, धर्मशाला जोनल अस्पताल प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार के लिए आते हैं। गौरतलब है कि सीबीसी टेस्ट, खून की सामान्य जांचों में से एक है, जो अधिकांश बीमारियों के प्राथमिक निदान के लिए जरूरी होता है। यह टेस्ट डॉक्टरों को संक्रमण, एनीमिया, खून की कमी और अन्य कई स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी देता है। सरकारी अस्पताल में यह टेस्ट नाममात्र




शुल्क पर होता है, लेकिन प्राइवेट लैब में इसका शुल्क सरकारी लैब से अधिक होता है। स्थानीय लोगों और मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि एक माह से अधिक समय हो गया, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने मशीन की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### मशीन में आई तकनीकी खराबी जल्द होगी ठीक : एमएस डॉ. अनुराधा

जोनल अस्पताल धर्मशाला की मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अनुराधा शर्मा का कहना है कि सीबीसी मशीन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई है, जिस कारण पिछले कुछ समय से टेस्ट नहीं हो पा रहे हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यह टेस्ट कृष्णा लैब में करवाए जा रहे हैं। हमने इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित मैकेनिक को सूचित कर दिया है, जिसके द्वारा जल्द मशीन को ठीक कर दिया जाएगा। तकनीकी टीम से लगातार संपर्क किया जा रहा है, जिससे कि मशीन को ठीक करने में ज्यादा देरी न हो।

# पांच सामूहिक और 13 व्यक्तिगत दावे किए प्रस्तुत

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** खड़ानाल पंचायत की पांच वन अधिकार समितियों नागन, नागन हार, अपर नागन, खड़ानाल और मलघोटा ने पांच सामूहिक एवं 13 व्यक्तिगत दावे प्रस्तुत किए। इन दावों को राजस्व एवं वन विभाग अधिकारियों के सहयोग से संपूर्ण करते हुए वन अधिकार समितियों ने ग्राम सभाओं से पारित कर के अध्यक्ष उपखंड स्तर समिति बैजनाथ को आगामी कार्यवाही के लिए सौंपा।

इस मौके पर वन अधिकार समिति सचिव लोअर नागन कर्नल हंसराज, प्रधान अमर नाथ वालिया, नागन हार अध्यक्ष मेला राम, सचिव संजीव कुमार, खड़ानाल अध्यक्ष राजिंदर कुमार और अपर नागन प्रधान रोहित जम्वाल, विचित्र सिंह सचिव किसान सभा बैजनाथ, श्रेया कुमारी, पुरुषोत्तम लाल आदि लोग उपस्थित हुए।

# सिविल अस्पताल नूरपुर में कैंसर के इलाज की सुविधा शुरू

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** विधानसभा नूरपुर के सिविल अस्पताल में कैंसर के इलाज की सुविधा शुरू की जा रही है। इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अब दूरदराज के शहरों में या फिर मेडिकल कॉलेज टांडा के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

निचले क्षेत्र की जनता के लिए यह सुविधा एक बड़ी राहत लेकर आई है। डॉ. सन्नी धीमान ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए लोग स्वास्थ्य विभाग या स्थानीय अस्पताल से संपर्क कर सकते हैं तथा साथ ही कैंसर के इलाज से संबंधित सरकारी योजनाओं और सहायता के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो मरीज कीमोथेरेपी के लिए मेडिकल कॉलेज टांडा, आईजीएमसी या अन्य मेडिकल कॉलेजों में जाने के लिए बाध्य होते थे, अब इस सुविधा के चलते वे नूरपुर में ही कीमोथेरेपी इत्यादि करवा पाएंगे।



निचले क्षेत्र की जनता को अब नहीं लगाने पड़ेंगे टांडा मेडिकल कॉलेज के चक्कर।

**कैंसर** के मरीजों के लिए नूरपुर अस्पताल मे कीमोथेरेपी सुविधा शुरू की गई है और डॉ. सन्नी धीमान ने प्रक्षिक्षण प्राप्त किया है। इससे नूरपुर के अलावा जवाली, फतेहपुर, इंदौरा तथा नजदीकी विधानसभा भटियात की जनता को अब कीमोथेरेपी या अन्य सरकारी सुविधाओं व योजनाओं के लिए मेडिकल कॉलेज टांडा के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।
**-डॉ. सतीश पॉल, एसएमओ, नूरपुर सिविल अस्पताल।**

# 3 हजार से अधिक ने पास किया डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट

## बारह सौ से अधिक रहे थे अनुपस्थित, 15609 ने किया था आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से मंगलवार को डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा का आयोजन 29 मई को प्रदेशभर में स्थापित 87 परीक्षा केंद्रों में किया गया था।

बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट सत्र 2025-2027 की परीक्षा के लिए कुल 15609 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 14352 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया तथा 3203 अभ्यार्थी परीक्षा में उतीर्ण घोषित हुए हैं।

1257 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अस्थायी उत्तर गुंजी में दर्ज उत्तरों को संबंध में परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने उपरांत अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार कर घोषित किया गया है।

### स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन काउंसिलिंग 21-22 को

**बोर्ड** सचिव ने बताया कि डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट पास करने वाले खिलाड़ियों की स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन काउंसिलिंग 21 व 22 जुलाई को बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में सुबह 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। इसके लिए अभ्यार्थी मूल दस्तावेजों सहित अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस संबध में रोल नंबर सहित अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी।

### वेबसाइट पर जारी होंगी काउंसिलिंग तिथियां

**बोर्ड** सचिव ने बताया कि डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट सत्र 2025-2027 के लिए सीटों के आवंटन से संबंधित प्रक्रिया व काउंसिलिंग की तिथियां, अंतिम मेरिट सूची सहित अलग से बोर्ड की बेवसाइट जारी की जाएंगी। परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष नंबर 01892-242192 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# खैरा गांव में महिलाओं को दिया जूट बैग बनाने का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण सस्थान धर्मशाला की ओर से बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए 14 दिन का जूट बैग बनाने का नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर अपर खैरा गांव में आयोजित किया गया। इसका समापन निदेशक पीएनबी आरसेटी मदन लाल, एसेसर निर्मला देवी, ईडीपी एसेसर एसएस राणा की उपस्थिति में किया गया।

आरसेटी निदेशक मदन लाल ने बताया कि 14 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिला कांगड़ा की 29 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न स्किल सीखी और प्रशिक्षण हासिल किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने स्किल डेवलपमेंट के साथ जूट बैग के बारे में विस्तार से सीखा, ताकि वह अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर आजीविका अर्जित कर सकें। आने वाले दिनों में इस संस्थान द्वारा 14 दिनों में जुट बैग, 31 दिनों में कटिंग टेलरिंग, 30 दिनों में मोबाइल रिपेयर तथा 10 दिनों में मशरूम उत्पादन के कोर्स करवाए जाएंगे।

# सेब बगीचों को काटने के बजाए कब्जे में ले प्रदेश सरकार: शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर वन भूमि पर नाजायज कब्जा करके सेब के बगीचे लगाने वालों के खिलाफ सरकार कठोर कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में मुझसे कई जगह से लोगों ने फोन पर बात की। सैकड़ों लोग इस कार्रवाई से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आज से कई साल पहले नाजायज कब्जा हुआ।

कब्जा करने वाले और कब्जा करवाने वाले अधिकारी और कर्मचारी भी इस दुनिया में नहीं हैं। एक जगह से 85 साल की बुजुर्ग महिला, जिस मकान में रह रही है, सरकार ने उस महिला को मकान से बाहर निकालकर ताला लगा दिया है। ऐसे मामले में सरकार को मानवीय दृष्टिकोण से सोचना चाहिए। बुजुर्ग महिला का एक ही कसूर है, यह कब्जा करने वाले किसी की मां या दादी है। ऐसे मामले में उस मकान को या तो लेना नहीं चाहिए या बुजुर्ग महिला के रहने का प्रबंध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि हिमाचल में वन भूमि पर बहुत अधिक अवैध कब्जे हैं। कब्जा लोगों ने किया और सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने चांदी के चंद ठीकरों में बिक कर कब्जा होने दिया, लेकिन आज हरे भरे सेब लगे हुए बगीचों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। यह पेड़ स्वयं नहीं लगे, लगाए गए थे। इन पेड़ों का तो कोई कसूर नहीं। भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने यह सिद्ध किया था कि पेड़ों में भी जान और जीवन होता है। प्रदेशभर में ऐसे पेड़ों को काटकर लाखों करोड़ों रुपए का नुकसान ही नहीं हो रहा है। सरकार पर जीव हत्या का पाप भी लग रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वन भूमि पर लगे सेब के बगीचों को काटने की बजाए सरकार अपने कब्जे में ले और वन विभाग बगीचों को संभाले। ऐसे में हजारों करोड़ों रुपए के हरे भरे सेब के पौधे बच जाएंगे और वन विभाग की आय का एक बहुत बड़ा साधन बन जाएगा। अवैध कब्जा करने वालों को सजा भी मिल जाएगी और वन विभाग भी लगे लगाए सेब बगीचों का मालिक बन जाएगा। शांता ने मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह किया है कि इस सुझाव को स्वीकार करें।

# संजय सोनी ने आपदा राहत में दिए 11 हजार



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मंडी जिले सहित अन्य जिलों में प्राकृतिक आपदा में भारी जानमाल की हानि हुई है। भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला के अध्यक्ष प्रीतम भारती एवं सचिव अनुज आचार्य ने इस सिलसिले में शाखा सदस्यों और भारत विकास परिषद चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 11 हजार रुपए का चेक आपदा राहत में योगदान स्वरूप भारत विकास परिषद प्रांत हिमाचल पश्चिम के प्रांत ऐप मैनेजर संजय सोनी को सौंपा और आपदा में हुए नुकसान पर पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# मलाहड़ी कांगड़ में 13.01 चिट्टे के साथ दो कुख्यात तस्कर काबू



पुलिस टीम के साथ मलाहड़ी कांगड़ में गिरफ्तार चिट्टे के कुख्यात दो तस्कर।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

इंदौरा। जिला पुलिस नूरपुर की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस थाना इंदौरा के तहत मलाहड़ी कांगड़ में 13.01 ग्राम चिट्टे के साथ 2 कुख्यात तस्करों को गिफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गाड़ी एचआर 27 जी-1179 में सवार विकास कुमार (30) पुत्र सरदारी लाल व विशाल कुमार (28) पुत्र यशपाल सिंह गांव व डॉ भद्रोया, तहसील इंदौरा के कब्जे से चिट्टा बरामद किया। दोनों आरोपितों के खिलाफ इंदौरा थाना में मामला दर्ज किया है।

एसपी अशोक रतन ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपी कुख्यात नशा तस्कर हैं, आरोपी विकास के खिलाफ एनडीपीएस और अन्य 10 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं, जबकि विशाल के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं।

# डीसी कार्यालय की पार्किंग पेड है तो क्या, वाहन तो करने ही हैं पार्क

## जिला प्रशासन खुद कर रहा पार्किंग का संचालन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**11 जुलाई से पार्किंग की एवज में कट रही पर्ची**



**जिला** मुख्यालय धर्मशाला स्थित डीसी कार्यालय की पार्किंग को भले ही पेड कर दिया गया है, लेकिन वाहनों की पार्किंग में कोई कमी नहीं आई हैं। हालांकि इक्का-दुक्का वाहन बाहर पार्क हो रहे हैं, लेकिन अधिकतर वाहन पेड पार्किंग में पार्क हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, इन पार्किंग का संचालन डीसी कार्यालय द्वारा किया जा रहा है।

डीसी कार्यालय और मिनी सचिवालय के साथ लगती पार्किंग को पेड कर दिया गया है और वाहनों को पार्क करने के लिए घंटों की दर से रेट तय किए गए हैं। हालांकि, इन पार्किंग को काफी समय से ठेके पर देने की अटकलें चल रही थी, लेकिन अंतत: डीसी कार्यालय ने इसका संचालन स्वयं करना शुरू कर दिया है। यही नहीं 11 जुलाई से पेड पार्किंग में पार्क होने वाले वाहनों की पर्ची काटने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

पार्किंग में पार्क होने वाले वाहनों की पर्ची काटने के लिए बकायदा दो लोगों को रखा गया है। कयास लगाए जा रहे थे कि पार्किंग के पेड होने पर यहां वाहन नहीं जुटेंगे, लेकिन धर्मशाला जैसे शहर, जहां प्रतिदिन हजारों लोग जिलेभर से अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं, उन्हें पार्किंग सुविधा मिल रही है, भले ही इसके लिए उन्हें भुगतान करना पड़ रहा है, सुविधा के आगे पैसे मायने नहीं रखते। ऐसा ही कुछ धर्मशाला में पेड की गई पार्किंग में देखा जा रहा है।

**पार्किंग** का संचालन डीसी कार्यालय द्वारा ही किया जा रहा है। 11 जुलाई से पेड पार्किंग कर दी गई है, ऐसे में बाहर गाड़ियां पार्क कर रहे वाहन चालकों को उपयुक्त जगह गाड़ियां पार्क करने के लिए कहा जाएगा, जिससे शहर में यातायात जाम की समस्या पेश न आए।
**-हेमराज बैरवा, डीसी, जिला कांगड़ा।**

# नौरा कॉलेज में छात्रों को दिए करियर निर्माण के टिप्स

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में मंगलवार को आईबीएम स्किल बिल्ड प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मिस रितु रहीं, जिन्होंने छात्रों को विभिन्न डिजिटल कौशलों, करियर निर्माण, और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईबीएम के पास विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार के स्किल बिल्ड प्रोग्राम्स उपलब्ध हैं, जो उन्हें तकनीकी दक्षता, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने में मदद करते हैं।

**आईबीएम स्किल बिल्ड प्रोग्राम का आयोजन**

यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और इसे अत्यंत सूचनाप्रद और लाभकारी बताया। छात्रों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कॉलेज प्रशासन ने आईबीएम का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।

# खाताधारक माह में एक बार पासबुक की जरूर करवाएं एंट्री




वित्तीय साक्षरता केंद्र से बैंक खातों की जानकारी लेने के बाद सामूहिक चित्र में लोग।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** रोड़ा पंचायत के गांव रोंह में मनीवाइस वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें साक्षरता केंद्र की ओर से सुषमा और अनिता ने ग्रामीणों को अपने-अपने बैंक खातों को मेंटेन करने की विस्तृत जानकारी दी।

खाताधारक महीने में एक बार अपनी पासबुक की एंट्री जरूर करवाएं। अगर आपके पास एटीएम कार्ड है, तो वह भी महीने में एक बार इस्तेमाल जरूर करें। उन्होंने जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी।

**रोंह गांव में लोगों को दी स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी**

उन्होंने बताया कि कोई भी ओटीपी किसी से भी शेयर न करें। लोगों से गूगल पे, पेटीएम आदि चलाने के बारे में भी पूछा। इस शिविर में प्रेम लता, कमला देवी, निर्मला देवी,सपना, चंद्रेश कुमारी व बहुत से ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में नेहा प्रथम



द्रोणाचार्य कॉलेज में विश्व युवा कौशल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य पर मंथन क्लब व स्वैट क्लब की ओर से बीबीए, बीसीए और बीकॉम के स्टूडेंट्स के लिए विभिन्न प्रतियोगितायों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. परवीन शर्मा एवं कार्यकारिणी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में मंथन क्लब की नेहा (बीबीए द्वितीय वर्ष) ने प्रथम और आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्वैट क्लब की तन्वी वर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। एड मैड शो में शिवम, सुहानी, पीयूष, शगुन और फ्रांशिका की टीम विजेता रही। स्लोगन और लोगो मेकिंग में प्रशांत और हेमंत ने प्रथम, अभय ने द्वितीय और समीर व तनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिजिटल पोस्टर मेकिंग में आदित्य प्रथम, सयम द्वितीय, रिंपी तृतीय और विशाल को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन में तरुण शर्मा प्रथम, मनन पठानिया द्वितीय, पलक तृतीय और अंशिका पाठक को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। शॉर्ट वीडियो मेकिंग में अंशुल व नमिश ने प्रथम, आसिब व ओनम ने द्वितीय और दिव्यांश व अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पेंशनरों को बकाया जारी करें बैंक : सरूप

**अनंत ज्ञान, इंदौरा। जिला** कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण सरूप शर्मा ने पंजाब के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि प्रदेश के जो पेंशनर्स पजांब के विभिन्न बैकों से पेंशन ले रहे हैं, जैसे भारतीय सटेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक तथा अन्य बैंक तथा जिनकी आयु 70 साल से उसके ऊपर हो गई है, उनका बकाया खातों में डाला जाए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार के वित्त विभाग पेंशन ने पत्र संख्या नंबर फिन (पेंशन)ए (3)-1/2021 भाग 1 दिनांक 19 जून 2025 को पत्र छह जारी कर दिया है। जो पेंशनर हिमाचल प्रदेश के बैकों से पेंशन लेते हैं, उनको ये लाभ मिल गया है। प्रधान ने कहा कि हिमाचल के 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए जिन पेंशनरों के पेंशन संशोधन के केस संबंधित जिला के कोषधिकारियों ने बैकों को भेज दिए हैं, जहां से उनकी पेंशन प्रोसेस होती है उनका संशोधन करें, ताकि उनको भी बढ़ी हुई पैनल का लाभ मिल सके।

**खेलकूद** लड़कियों के अंडर-14 व 17 वर्ग में डीएवी स्कूल मनेई ने मारी बाजी

# हर्षिका को बेस्ट योगा गर्ल का खिताब

**लड़कों के अंडर-14 व अंडर 17 वर्ग में भी डीएवी मनेई विजेता**

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनेई में दो दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट 2025 क्लस्टर स्तर क्लस्टर VI का आयोजन किया गया। शुभारंभ पर एआरओ (एचपी जोन बी) विक्रम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समापन पर डॉ. रश्मि जम्वाल एआरओ (एचपी जोन आई) कम क्लस्टर हेड ने मुख्यातिथि व नरेश कटोच, प्रधानाचार्य डीएवी चलवाड़ा ने आब्जर्वर के तौर पर उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य दिनेश कौशल द्वारा मुख्यातिथि को पहाड़ी टोपी-शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों व अतिथियों का स्वागत करने के साथ ही युवाओं को अनुशासन, समर्पण व खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। मुख्यातिथि डॉक्टर रश्मि जम्वाल ने स्पोर्ट्स मीट 2025 के सफल आयोजन के लिए मेजबान स्कूल के प्रधानाचार्य को बधाई दी।

स्पोर्ट्स मीट में लड़कियों व लड़कों के अंडर-14, 17, 19 खो-खो व बैडमिंटन के मुकाबले हुए। इसमें 7 स्कूलों ने भाग लिया। लड़कियों के अंडर-14 व अंडर-17 वर्ग में डीएवी मनेई विजेता रहा। लड़कों के अंडर-14 व अंडर 17 वर्ग में भी डीएवी मनेई विजेता रहा। साथ ही लड़कियों की योग प्रतियोगिता में डीएवी मनेई की हर्षिका ने पहला स्थान पाकर बेस्ट योगा गर्ल का खिताब अपने नाम किया। मुख्यातिथि ने विजेताओं को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।




डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनेई में राष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट 2025 क्लस्टर VI का आयोजन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### धरेड़ गांव के जवान की हृदयघात से मौत



**अनंत ज्ञान बैजनाथ।** बैजनाथ के धरेड़ गांव के निवासी और सेना सशस्त्र बल में कार्यरत रमेश कपूर का हृदयाघात से निधन हो गया। वह बतौर एएसआई गोरखपुर में तैनात थे। उनकी पार्थिव देह आज शाम तक गांव में पहुंचेगी। वह अपने पीछे पत्नी एक बेटी और एक बेटा छोड़ गए हैं। उनके निधन पर विधायक किशोरी लाल व पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने गहरा दुख प्रकट किया है।

### बिजली उपभोक्ता जल्द करवाएं बिल जमा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता बिजली बिल का जल्द भुगतान करें। विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता ई मनीष कुमार संधू कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने बिजली का बिल जल्द से जल्द विद्युत उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड कि ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा करवा दें, अन्यथा बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर उनके बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस बारे में नोटिस नहीं दिया जाएगा। इसे अंतरिम सूचना या नोटिस माना जाए।

### आपदा प्रभावितों तक पहुंचाई राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सुनेहड़ पंचायत व आसपास के लोगों के सहयोग से मंडी के थुनाग आपदा प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री की जीप भरकर पहुंचाई गई। यह राहत समग्री ग्राम पंचायत सुनेहड़ के प्रधान निर्मल कुमार, विद्यासागर, संजय, मोनू, सुरेश, शिवू, विक्की, सेठू आदि ने समस्त गांववासियों के सहयोग से खुद जाकर वहां पहुंचाई है। इस सहयोग के लिए प्रधान निर्मल ने गांववासियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने इस मुश्किल घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की अपील की है।

### स्व. डॉ. राजेंद्र गुरुंग की दो पुस्तकों का विमोचन




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के गोरखा भवन श्याम नगर में मास्टर मित्रसेन साहित्य संगीत सभा भागसू, धर्मशाला एवं संगीतांजलि कला केंद्र सोसाइटी धर्मशाला (पंजी.) के संयुक्त तत्वावधान में संगीतज्ञ, साहित्यकार एवं शिक्षाविद स्व. डॉ. राजेंद्र सिंह गुरुंग द्वारा लिखित दो पुस्तकों मास्टर मित्रसेन : बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व, लोक संस्कार गीत का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक संस्कृति के वरिष्ट साहित्यकार, कवि डॉ. गौतम शर्मा व्यथित (सेवानिवृत्त प्रोफेसर) ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर देवेंद्र सिंह जग्गी उपस्थित रहे। साधना नेपाली एवं रविंद्र सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। मुख्य वक्ताओं में प्रो. चंद्ररेखा ढडवाल, डॉ. संगीता गुरंग एवं डॉ. जनमेजय गुलेरिया ने अपने विचार रखे तथा मास्टर मित्रसेन के कृतित्व पर प्रो चंद्र रेखा डढवाल द्वारा रचित गीत गाकर सभागार को स्वरमय कर दिया।

### लोगों ने पलहूणी गांव में की साफ-सफाई



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल भवारना के अंतर्गत पलहूणी गांव के लोगों ने पलहूणी से कौना की जाते रास्ते की साफ-सफाई की। इस सफाई अभियान में रविंद्र रवि, सुरजीत सिंह पप्पू, संजय कुमार व राकेश कुमार ने योगदान दिया। यह सार्वजनिक रास्ता है और बरसात में वहां पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई थीं। इसे साफ करके उन्होंने वहां से आने जाने वाले लोगों के लिए राहत का काम किया है।

### शिवा क्लब ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** युवा मंडल कोहली द्वारा वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 26 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शिवा क्लव ने जीत हासिल की और धानग की टीम उपविजेता रही। युवा मंडल के प्रधान करण ठाकुर ने कहा कि इस प्रतियोगिता को करवाने का उद्देश्य यह है कि युवा नशे से दूर रहें और खेल के प्रति जागरूक हो सकें। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष बैजनाथ अतुल चौधरी, प्रदेश महासचिव एनएसयूआई कार्तिक राणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# धर्मशाला में शिकायत लेकर आ रहे उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा चालान

## विद्युत बोर्ड कार्यालय के बाहर वाहन पार्क करना पड़ रहा भारी



धर्मशाला में सड़क किनारे स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय परिसर।



विद्युत बोर्ड कार्यालय परिसर में आने वाले उपभोक्ताओं के वाहनों के चालान हो रहे हैं। इस तरह की शिकायतें उपभोक्ताओं की ओर से की जा रही हैं। प्रशासन से उपभोक्ताओं के वाहनों की पार्किंग के लिए उपयुक्त जगह चिन्हित करने का आग्रह किया गया है, जिससे कि उपभोक्ताओं को बार-बार चालान की समस्या का सामना न करना पड़े।
**-विकास ठाकुर, एक्सईएन, विद्युत बोर्ड मंडल धर्मशाला**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में एक कार्यालय ऐसा है, जहां आने वाले उपभोक्ताओं के चालान कट रहे हैं।

मामला धर्मशाला स्थित विद्युत बोर्ड कार्यालय परिसर का है। कार्यालय के बाहर उपभोक्ताओं को वाहन पार्क करना भारी पड़ रहा है। यह कार्यालय स्मार्ट रोड किनारे स्थित है। स्मार्ट रोड को चौड़ा किया गया है। ऐसे में सड़क किनारे विकसित की गई खाली जगह पर उपभोक्ता अपने वाहन पार्क करके विद्युत बोर्ड कार्यालय में शिकायतों व अपने कार्यों के लिए आते हैं, लेकिन अब तक कई उपभोक्ताओं के वाहनों के चालान काटे जा चुके हैं। ऐसे में जो उपभोक्ता बिजली बोर्ड संबंधी अपनी शिकायत के निदान के लिए पहुंच रहे हैं, उनकी उक्त शिकायत का समाधान होने उपरांत उन्हें फिर से बिजली बोर्ड कार्यालय का रुख कर बाहर पार्क वाहनों के चालान कटने की शिकायत करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

**उपभोक्ता बिजली सहित चालान की शिकायत करने को मजबूर**

धर्मशाला स्थित विद्युत बोर्ड कार्यालय परिसर में सब डिवीजन व एक्सईएन कार्यालय स्थित है। जहां उपभोक्ताओं का अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आना-जाना लगता रहता है। गौरतलब है कि धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से बस अड्डा तक स्मार्ट विकसित किया गया है। ऐसे में सड़क किनारे खाली जगह पर वाहन पार्क किए जा रहे हैं। हालांकि, नगर निगम भी इस संबंध में यलो लाइन लगाने की बात कह चुका है तथा 5 मिनट से ज्यादा पार्क वाहन से शुल्क वसूलने की बात कही गई है, लेकिन बिना ऐसी व्यवस्था के चालान कटने से बिजली बोर्ड कार्यालय आने वाले उपभोक्ता खासे परेशान हैं।

### नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट होगी रिनोटिफाई

**धर्मशाला।** जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने कहा कि कांगड़ा जिले के तहत आती पैराग्लाइडिंग साइट नरवाणा को रिनोटिफाई करने के लिए सैन्य प्रशासन व जिला प्रशासन की बैठक के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए विनय धीमान ने बताया कि अप्रैल तक जिले में 4 साइटें नोटिफाइड थीं। इनमें से नरवाणा अप्रैल माह तक वैध थी। इसके बाद साइट पर पैराग्लाइडिंग गतिविधियों भी बंद हो गई थीं और साइट डिनोटिफाइड हो गई थी। साइट के साथ आर्मी क्षेत्र आने के चलते अब इस साइट को रिनोटिफाई करने की प्रक्रिया के तहत ऐसे में इस साइट को रिनोटिफाई करने के लिए सैन्य प्रशासन व जिला प्रशासन की बैठक के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## हैप्पी बर्थडे



जलग्रां टब्बा (ऊना) के पवन कुमार को को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# बैजनाथ में कलयुगी बेटे ने बाप पर दराट से किया जानलेवा हमला

## लंबे समय से चल रहा था जमीनी विवाद, तहसीलदार के पास आए थे पेशी पर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** थाना बैजनाथ के तहत मंगलवार को मिनी सचिवालय के बाहर पुरानी रंजिश के चलते बेटे ने दराट से कई वार कर अपने पिता को लहुलूहान कर दिया। बैजनाथ के मिनी सचिवालय के निकट हुई इस घटना के बाद डीएसपी अनिल शर्मा, एसएचओ मनीष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए दराट को भी अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया। लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था, ये लोग तहसीलदार के पास पेशी के लिए आए हुए थे। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक पहले आरोपियों ने गाड़ी के शीशों को तोड़ा, उसके बाद दराट से लेखराज निवासी ठारू पर हमला कर दिया।

इस घटना के बाद घायल लेखराज को सिविल अस्पताल बैजनाथ ले जाया गया, जहां पर प्रारंभिक उपचार किया गया। ज्यादा खून बहने की वजह से लेखराज का बीपी घटने लगा। इसके बाद पालमपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर वह उपचाराधीन हैं। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने बताया कि इस मामले में विनोद कुमार निवासी ठारू व पवन कुमार निवासी पपरोला को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के आरोप में धारा 109 बीएनएस के मामला दर्ज कर लिया गया।



गंभीर रूप से घायल लेखराज को पालमपुर अस्पताल ले जाते हुए।

## मृतक पर्यटक का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप बनगोटू पैराग्लाइडिंग साइट में रविवार दोपहर बाद टेंडम फ्लाइट टेकऑफ के दौरान हुए हादसे में गुजरात के पर्यटक युवक के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतक पर्यटक युवक की पहचान गुजरात के अहमदाबाद के 25 वर्षीय सतीश राजेश भाई पुत्र राजेश भाई के रूप में हुई है।

गौरतलब है कि इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान रविवार रात को उक्त युवक की मौत हो गई थी। गंभीर रुप से घायल हुए पायलट सूरज पुत्र संसार चंद निवासी धर्मशाला का उपचार चल रहा है और वह फिलहाल खतरे से बाहर है। एएसपी अदिति सिंह ने बताया कि मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में घायल पायलट की हालत स्थिर है और उसका उपचार चल रहा है।

### कॉपीराइट उल्लंघन और नकली दवा निर्माण मामला

## जिला पुलिस देहरा ने तलाशी कर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

**कॉपीराइट** उल्लंघन और नकली दवा निर्माण मामले में जिला देहरा पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर कार्रवाई की है। एक पंजीकृत दवा कंपनी, जिसके उत्पाद का वैध ट्रेडमार्क है, उससे प्राप्त लिखित शिकायत के आधार पर, संसारपुर टैरेस पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 61(2) और कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

कंपनी ने आरोप लगाया कि उसके उत्पाद की अवैध रूप से नकल करके अन्य कंपनी द्वारा उत्पाद निर्मित किए जा रहे हैं। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मंगलवार को एसआई/एसएचओ, थाना संसारपुर टैरेस के नेतृत्व में एक टीम ने औषधि विभाग के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ दवा निर्माता परिसर में तलाशी अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान ब्लिस्टर/प्रिंटिंग फॉइल -11 किग्रा (02 रोल, एल्यूमीनियम फॉइल-36.725 किग्रा (03 रोल), कटर - औंस, फ्रेम डाई-2, सीलिंग प्लेट-2, गाइड प्लेट-2 छोटी, 2 मध्यम, 1 बड़ी, खाली कैप्सूल-6.205 किग्रा (प्लास्टिक बैग के साथ) भरे हुए कैप्सूल-214 पैक किए हुए कैप्सूल-6 को जब्त किया गया है तथा कानून के अनुसार आगे की जांच की जा रही है। एसपी ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नकली दवाओं से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन को दें।

### डीसी से मिलने पहुंचे मैक्लोडगंज से हटाए स्ट्रीट वेंडर्स

# बोले-बिना पूर्व सूचना और नोटिस से हटाया गया हमें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पर्यटन** नगरी मैक्लोडगंज के चुगलाखंग बौद्ध मार्ग से हटाए गए स्ट्रीट वेंडर्स ने मंगलवार को डीसी कांगड़ा और नगर निगम कमिश्नर से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना व नोटिस के हटाया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से उनके जब्त किए गए सामान को वापस देने की गुहार लगाई। प्रभावित स्ट्रीट वेंडर्स संदीप सिंह, प्रशांत लाल, कृष्ण कुमार, सोनम डोलमा, ललन कुमार, सोनम वांगचेन ने कहा कि जब हमारी निर्धारित वेंडिंग जगह वैध रूप से स्थापित थी और अस्थायी रूप से बंद थी, तब विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, पुलिस के साथ आए और हमारे वेडिंग स्थल को तोड़ दिया और बंद करके रखे सामान को जबरन हटा कर जब्त कर लिया। यह कार्रवाई बिना किसी वैद्य प्रक्रिया, पूर्व लिखित आदेश एवं सूचना से की गई।

उन्होंने कहा कि वे अधिकृत स्ट्रीट वेंडर हैं और हमारे नाम संबंधित सरकारी प्राधिकरण द्वारा इस स्थान पर व्यापार करने के लिए अधिकृत विक्रेताओं की आधिकारिक सर्वेक्षण की सूची में शामिल है। उन्होंने बताया कि धर्मगुरु दलाईलामा के जन्मदिन समारोह के दौरान सभी सड़क विक्रेताओं को मौखिक रूप से यह जानकारी मिली थी कि इस अवसर पर सुरक्षा कारणों एवं धर्मगुरु के सम्मान में अपनी दुकानें बंद रखें। हमने सद्भावना से सभी निर्देशों का पालन किया, लेकिन अधिकारियों ने चुनिंदा रूप से केवल उन्हीं दुकानों को निशाना बनाया जो बंद थीं, जिनमें हमारी दुकान भी शामिल थी और विशेष रूप से उन विक्रेताओं से सामान जब्त किया, जिन्होंने निर्देशों का पालन किया था। उन्होंने कहा कि हमारे अवैध रूप से जब्त किए गए सामान की बिना किसी क्षति के तत्काल वापसी हो, ताकि हम अपनी आजीविका को सुचारु रूप से चला सकें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में इस प्रकार की गैर-कानूनी कार्रवाई दोबारा न हो। साथ ही उक्त कार्रवाई को अंजाम देने के मामले की जांच कर जिम्मेदारों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें।

**जब्त सामान वापस करने की लगाई गुहार**

# नगरोटा सूरियां में संत निरंकारी मिशन ने 150 निक्षय पोषण किटें की वितरित



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरोटा सूरियां के बीएमओ डॉ. अमन दुआ ने टीबी रोगियों की सहायता के लिए निरंकारी मिशन के प्रयास की सराहना की।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** संत निरंकारी मिशन ने राष्ट्रव्यापी प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नगरोटा सूरियां में मंगलवार को 150 क्षय रोग (टीबी) रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित करके एक सराहनीय कदम उठाया है।

इससे पहले भी मिशन ने क्षय रोगियों को 300 किटें वितरित की थीं। नगरोटा सूरियां के शगुन पैलेस में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरोटा सूरियां के बीएमओ डॉ. अमन दुआ ने टीबी रोगियों की सहायता के लिए निरंकारी मिशन के इस नेक प्रयास की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह पहल न केवल आवश्यक पोषण प्रदान करती है, बल्कि रोगियों को मानसिक और सामाजिक समर्थन भी प्रदान करती है, जिससे इस बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई को बल मिलता है। मिशन के कांगड़ा जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा डॉ केसी धीमान ने बताया कि निरंकारी मिशन की सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने मिशन के कांगड़ा जॉन के 50 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत गोद लिया है व इन मरीजों को अभी तक 450 निक्षय पोषण किट दी जा चुकी है। 150 पोषण किट जल्द ही वितरित कर दी जाएंगी। इस अवसर पर निरंकारी मिशन के सेवादल क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा, नगरोटा सूरियां ब्रांच के मुखी महात्मा आरएस साहिल, संचालक महात्मा बलदेव कौशल, महात्मा जोगिंदर भारद्वाज, महात्मा सुरेंद्र सहित सीएचसी नगरोटा सूरियां का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# होटलों को निजी हाथों में देकर चहेतों को खुश करना चाहती सरकार : त्रिलोक कपूर

## कहा- एचपीटीडीसी होटलों के निजी हाथों में जाने से पर्यटन को लगेगा झटका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार आर्थिक बदहाली का झूठा रोना रोकर सरकारी संपत्तियों को बेचने पर तुली हुई है। यह बात प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने मंगलवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने इससे पहले प्रदेश हाईकोर्ट से 18 होटलों को घाटे से उभारने के लिए समय मांगा था, मगर सरकार अपने प्रयासों में असफल रही तथा अब सरकार पुन: 14 होटलों को निजी हाथों में देने की तैयारी में है।

त्रिलोक ने कहा कि इन 14 होटलों में ऐसे कई होटल हैं, जिन्हें प्रदेश की धरोहर के रूप में भी पर्यटक देखते हैं, जिन्हें बेचना तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता के साथ उच्च न्यायालय को भी गुमराह किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सुक्खू सरकार को चलाने में पूरी तरह से नाकाम हुए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सुक्खू सरकार ने झूठी रिपोर्ट तैयार कर 18 होटलों को घाटे में दिखाया था, ताकि होटलों को निजी हाथों में देकर अपने चेहतों को खुश किया जा सके।




धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर।

### कर्मचारियों में रोजगार जाने का डर पैदा

**त्रिलोक** कपूर ने कहा कि होटलों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को फिर से रोजगार जाने का डर पैदा हो चुका है। एचपीटीडीसी ने 100 करोड़ का राजस्व पार किया है, तो सुक्खू सरकार क्यों इन होटलों को घाटे में दिखाने पर तुली हुई है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि यदि ये होटल निजी हाथों में जाते हैं, तो न केवल पर्यटन व्यवसाय को बड़ा झटका लगेगा, बल्कि सैकड़ों स्थानीय लोगों का रोजगार भी खतरे में पड़ जाएगा। सरकार ने ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस आधार पर चलाने की मंजूरी दी है, जिसका मतलब है कि जब से सरकार सत्ता में आई है तब से कार्यप्रणाली शून्य रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठा पाई है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

**मीटिंग** राजा का तालाब में प्रदेश पौंग बांध विस्थापित समिति व कार्यकारिणी ने की विशेष बैठक

# 55 साल से न्याय के लिए भटक रहे पौंग विस्थापित

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** प्रदेश पौंग बांध विस्थापित समिति के पदाधिकारियों सहित समस्त कार्यकारिणी की विशेष बैठक मंगलवार को राजा का तालाब में प्रधान हंसराज की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। इस मौके पर समिति ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे केस को लेकर कार्यकारिणी के साथ अपने विचार साझा किए।

समिति प्रधान हंसराज चौधरी ने बताया कि 55 वर्षों से न्याय की आस में दर-दर भटक रहे पौंग बांध विस्थापितों के मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसके बेहद सकारात्मक परिणाम जल्द ही पौंग बांध विस्थापितों के लिए आशा की नई किरण के साथ न भूलने वाला खुशी का अविस्मरणीय पल अवश्य देंगे। उन्होंने बताया कि समिति के वकील के अनुसार विस्थापितों को न सिर्फ अब न्याय मिलेगा, अपितु न्याय की आस में जी रही तीसरी पीढ़ी भी अपनी शेष जिंदगी को समृद्ध बनकर जिएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भू आवंटन को लेकर उनके पास जानकारी बाद में आती है। इससे पहले ही राजस्थान का भू माफिया प्रदेश में ऐसे विस्थापितों के घरों में पहले ही पहुंच जाता है और तरह तरह के डर दिखाकर विस्थापितों से हस्ताक्षर करवाकर करोड़ों की भूमि की फाइल को कुछ लाख रुपए में हासिल करके गहरी साजिश रचने पर तुला हुआ है। समिति ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में दायर केस में विस्थापितों को जल्द ही न्याय के साथ बेहतरीन मुआवजा या प्रथम चरण में भूमि का विकल्प मिल सकता है, जो लोग सुप्रीम कोर्ट में केस करने से वंचित रह गए हैं। वो भी चाहें तो सुप्रीम कोर्ट में चल रहे सामूहिक केस के साथ अपना केस भी दायर कर सकते हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में केस दायर में सहभागिता दर्ज करवाने के समिति के किसी भी सदस्य से 10 अगस्त से पहले मिलने की बात कही है।

इस मौके पर उपाध्यक्ष प्यारे लाल, सचिव राम स्वरूप, संयुक्त सचिव अशोक कुमार, शाम वशिष्ठ, पुरुषोतम लाल, अजय चौधरी, सुखबीर सिंह, पवन कौंडल, राजकुमार, विजय कुमार, रूप लाल, दीपक कुमार, आर्यन विशेष रूप से उपस्थित रहे।



प्रदेश पौंग बांध समिति की कार्यकारिणी की विशेष बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

### राजस्थान में आरक्षित भूमि पर बैठा भू-माफिया

**वरिष्ठ** उपाध्यक्ष मनोहर लाल कौंडल, वरिष्ठ उपप्रधान बिशंबर पगडोत्रा, कुलदीप शर्मा, मुल्खराज ने बताया कि राजस्थान सरकार पौंग बांध विस्थापितों के कई मामलों में झूठी साबित हो रही है। राजस्थान सरकार हमेशा प्रथम चरण में भूमि नहीं होने का रोना रोती है, जबकि राजस्थान के श्रीगंगानगर में आरक्षित पौंग बांध विस्थापितों की 2 लाख 20 हजार एकड़ भूमि में जैतसर फॉर्म, बांगड़ फार्म में हजारों एकड़ भूमि अभी भी पड़ी हुई है। श्रीगंगानगर के ही प्रथम चरण में ही पौंग बांध विस्थापितों की अन्य आरक्षित भूमि पर अवैध रूप से भू-माफिया बैठा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंटी गांव में बार्बर से 2.98 ग्राम चिट्टा बरामद

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** स्पेशल डिटेक्शन सैल रोहड़ू की टीम ने पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत अंटी गांव में सैफ अली से 2.98 ग्राम चिट्टा बरामद किया है जो बार्बर (नाई) का काम करता है। उसकी अंटी गांव में हेयर ड्रैसिंग की दुकान है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### महोरी नाले के पास मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के ठियोग स्थित महोरी नाले के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मंगलवार को दोपहर में पैदल चल रहे राहगीरों ने नाले के समीप शव देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है, और पुलिस उसकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना के विस्तृत कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए गहन जांच जारी है।

### टूटीकंडी में बस-ट्रक की टक्कर, लगा जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के टूटीकंडी इलाके में एक बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। यह दुर्घटना आज दोपहर करीब 2:46 बजे हुई, जिसके परिणामस्वरूप बस के सामने का शीशा बुरी तरह से टूट गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ओर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। फिलहाल, हताहतों के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई, पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जाम खुलवाया। गौरतलब है कि इस दुर्घटना से शिमला-टूटीकंडी मार्ग पर काफी समय तक यातायात प्रभावित हुआ।

### शैक्षणिक सत्र की योजनाओं पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** जीबी पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, रामपुर बुशहर में सत्र 2025-26 के लिए प्राचार्य संबोधन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने शैक्षणिक सत्र की योजनाओं, अनुशासन, खेलकूद, नशा निवारण जागरूकता एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों द्वारा निम्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। डॉ. विद्या बंधु नेगी द्वारा खेल, नशा निवारण एवं अनुशासन पर संबोधन दिया गया। प्रो. राजेश नेगी द्वारा पुस्तकालय, ई-संसाधन एवं करियर मार्गदर्शन पर जानकारी साझा की। डॉ. अनुराधा नेगी द्वारा क्लब एवं सोसायटी गतिविधियों पर संबोधन दिया गया। डॉ. गोपी चंद नेगी द्वारा छात्रवृत्ति एवं छात्र कल्याण योजनाओं पर प्रकाश डाला।

### प्रथम वर्ष के छात्रों को बताया शिक्षा का महत्व

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, सुन्नी में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए प्रवेश प्रशिक्षण एवं स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या सुन्नी कॉलेज प्रोफेसर अंजली चौहान ने किया। इस दौरान कॉलेज की एनसीसी, एनएसएस तथा रेंजर और रोवर्स के प्रभारियों द्वारा अपने-अपने यूनिट्स संबंधी जानकारियां दी गई तथा जानकारियां प्राप्त करने के उपरांत छात्र और छात्राएं इन यूनिट्स में शामिल हो सके। प्राध्यापकों ने विषयों की रूपरेखा और भविष्य में आजीविका की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्या ने छात्रों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन, और सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसने नए शैक्षणिक सत्र के लिए एक सकारात्मक शुरुआत की।

### बिजली कार्यालय में आकर करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** विद्युत उपमंडल चिडगांव के सहायक अभियंता ई. सत्यपाल बटवान ने बताया कि विद्युत उपमंडल चिडगांव नंबर -1 की आम जनता को सुचित किया जाता है कि विद्युत विभाग की ओर से उपभोक्ता के विद्युत मीटर को जोड़ने (केवाईसी) की प्रक्रिया फिर से शुरु कर दी गई है। बटवान ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं की ई. केवाईसी नहीं हुई है वे अपनी ई. केवाईसी विद्युत कार्यालय चिडगांव में आकर करवा सकते हैं।

### छात्र-छात्राओं ने छेड़ा भांग उखाड़ो अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को संगीत विभाग भवन के आसपास के क्षेत्र में उगी भांग और अवांछित झाड़ियों को काटकर परिसर को संवारा। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि कॉलेज के सभी विभागों के विद्यार्थी अपने-अपने पूर्व निश्चित स्थान पर स्वच्छता का स्वयं ध्यान रखते हैं। इसी कड़ी के तहत संगीत विभाग के छात्रों द्वारा यह एक दिवसीय भांग उखाड़ो अभियान चलाया गया। इसका आयोजन संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मनोहर लाल और डॉ. रवि प्रकाश के मार्गदर्शन में किया गया।

### एनएसएस वालंटियर्स ने किया गोद लिए गांव का दौरा




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय कॉलेज बिलासपुर एनएसएस इकाई ने गोद लिए गांव ओयल एवं पंचायत का दौरा किया। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई ने सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए गोद लिए ओयल गांव के पंचायत प्रधान दिनेश कुमार के साथ बैठक की। बैठक में पंचायत में पौधरोपण के लिए स्थान चिह्नित करना, पंचायत में की जाने वाली गतिविधियों के अंतर्गत सफाई अभियान से पंचायतवासियों को जोड़ना, नशे के विरुद्ध ग्रामवासियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायत सचिव एवं उपप्रधान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 30 से अधिक स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

### बोंखा गांव में 60 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने बिलासपुर की विधानसभा झंडूता क्षेत्र के डुडिया पंचायत के बोंखा गांव में 60 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के संयोजक राम कृष्ण ने कहा कि एक तरफ जहां बदलते मौसम का प्रकोप बढ़ रहा है। वहीं बदलते मौसम की वजह से खांसी, जुखाम के साथ साथ अन्य बीमारियों से जनता ग्रसित हो रही है। जनता को इन बीमारियों से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से घरद्वार पर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा है। डॉ. अंजू के नेतृत्व में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं, निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

### 18 और 19 जुलाई को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के तहत आने वाले क्षेत्र सुन्हाणी व आसपास के क्षेत्रों में 18 जुलाई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बारिश या अन्य कारणों पर कार्य 19 जुलाई को होगा। इसके चलते सुन्हाणी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों झरेडी, फटोह, भिड़े, तुगडी, कजैल, आईपीएच स्कीम में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं 19 जुलाई को विद्युत अनुभाग बल्सीणा के गुजरेहडा, कथ्यून, बल्सीणा, मलारी, गंडीर, मंगलाण में विद्युत आपूर्ति सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बाधित रहेगी। बारिश या अन्य कारणों पर कार्य 21 जुलाई को प्रस्तावित होगा। सहायक अभियंता विद्युत विभाग बरठीं हरवंश ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पंचायतीराज चुनावों के लिए निर्वाचन सामग्री की निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2025-26 की तैयारी के तहत जिला पंचायत अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय की ओर से 26 प्रकार की निर्वाचन सामग्री की कुल 22,941 इकाइयों की आपूर्ति के लिए अनुभवी फर्मों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी यशपाल सिंह ने बताया कि निविदाएं 29 जुलाई को सायं 3:00 बजे तक स्वीकार की जाएंगी तथा उसी दिन 3:30 बजे खोली जाएंगी। सभी दरें जीएसटी सहित स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा। प्राथमिकता उन्हीं फर्मों को दी जाएगी जिन्हें पूर्व अनुभव हो तथा जो आदेश जारी होने के सात दिनों के भीतर गुणवत्ता अनुसार आपूर्ति में सक्षम हों। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर अधिकारी को निविदा रद्द करने का अधिकार होगा।

# फोरलेन निर्माण से दरक रही पहाड़ियां

## अवैज्ञानिक कटान व अनियंत्रित निर्माण से गहराया संकट, सुरक्षा मानकों का हो रहा उल्लंघन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** राजधानी शिमला में चल रहा फोरलेन निर्माण कार्य शहर के लिए एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती बन गया है। जिस गति और तरीके से पहाड़ियों की कटाई की जा रही है, उससे न केवल भूस्खलन का खतरा कई गुना बढ़ गया है, बल्कि स्थानीय निवासियों के जीवन और संपत्ति पर भी गहरा संकट मंडरा रहा है। यह परियोजना, जिसे विकास का प्रतीक माना जा रहा था, अब अपनी खामियों के चलते चिंता का विषय बन गई है।

जानकारी के अनुसार फोरलेन परियोजना के तहत पहाड़ों की कटाई में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। भूवैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों के अनुसार, पहाड़ी क्षेत्रों में कटाई का सुरक्षित ढलान अधिकतम 45 डिग्री होना चाहिए, लेकिन शिमला में पहाड़ियों को अक्सर 60 से 90 डिग्री के खतरनाक ढलान पर काटा जा रहा है। यह अवैज्ञानिक तरीका पहाड़ों की प्राकृतिक स्थिरता को कमजोर कर रहा है, जिससे वे बारिश और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती है। शिमला का भूकंपीय जोन 4 और 5 में आना इस खतरे को और भी बढ़ा देता है।

लगातार हो रही भारी बारिश के कारण स्थिति और विकट हो रही है। कटी हुई पहाड़ियों में बारिश का पानी रिसने से मिट्टी की पकड़ ढीली पड़ रही है, जिससे बड़े पैमाने पर भूस्खलन हो रहा है। इसके अलावा, फोरलेन निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई भी हो रही है, जिससे मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है और पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कई स्थानों पर निर्माण सामग्री और मलबा नालों में बहाया जा रहा है, जिससे पानी के स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं और नीचे के कृषि क्षेत्रों को भी नुकसान हो रहा है।



### गंभीर चुनौती से निपटने के लिए एक रणनीति की आवश्यकता : विशेषज्ञ

**विशेषज्ञों** का मानना है कि इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। इसमें भूवैज्ञानिकों और इंजीनियरों की एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन, सभी निर्माण कार्यों का अनिवार्य सामाजिक ऑडिट व सख्त पर्यावरणीय प्रभाव आकलन का पालन शामिल है।

### अनियंत्रित निर्माण से जीवन और संपत्ति के नुकसान का अंदेशा बढ़ा

**फोरलेन** निर्माण का सीधा असर स्थानीय आबादी पर पड़ रहा है। ढली के लिंडीधार गांव में हाल ही में फोरलेन का एक विशाल डंगा ढह गया, जिससे कई निचले घरों पर खतरा मंडरा गया। इसी तरह, भट्टाकुफर में एक पांच मंजिला भवन के ढहने की घटना ने भी स्थानीय लोगों को दहशत में डाल दिया है। ये घटनाएं साफ तौर पर दिखा रही हैं कि कैसे अनियंत्रित निर्माण जीवन और संपत्ति के लिए खतरा बन रहा है।

### सड़क किनारे कई घरों में दरारें

**सड़क** के किनारे स्थित कई घरों में दरारें आ गई हैं, जिससे लोग अपने पुश्तैनी घरों को छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। कई किसानों के खेत और बगीचे भूस्खलन की चपेट में आकर तबाह हो गए हैं, जिससे उनकी आजीविका छीन गई है। लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं कि निर्माण एजेंसियां पर्यावरणीय नियमों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रही हैं।

# जब तक प्रशासन अपना निर्णय वापस नहीं लेता, तब तक जारी रहेगा विरोध



चेबड़ी में शराब के ठेके के विरोध में पंचायत प्रतिनिधि अपनी बात रखते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

**बसंतपुर** की ग्राम पंचायत चेबड़ी में शराब के ठेके को लेकर बढ़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने सोमवार को विरोध स्वरूप अपने पदों से इस्तीफे दे दिए, जिससे क्षेत्र में गहमागहमी बढ़ गई है। प्रधान चेवड़ी छविंद्र पाल ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कि पिछले डेढ़ महीने से ग्रामीण और महिलाएं ठेके को बंद करने की मांग कर रही हैं, लेकिन प्रशासन ने उनकी सुनवाई नहीं की, बल्कि प्रदर्शनकारियों पर मुकदमे दर्ज किए गए।

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि एक ओर तो वह युवाओं को नशे से बचाने के कार्यक्रम चलाती है, वहीं दूसरी ओर आम दुकान की तरह शराब के ठेके खोले जा रहे हैं, जो पंचायत को कतई मंजूर नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक प्रशासन अपना निर्णय वापस नहीं लेता, विरोध जारी रहेगा और यदि सरकार ने आंखें नहीं खोलीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रधान पाल ने सरकार से पंचायत की शक्तियों को बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि पंचायत प्रधानों को शक्तिविहीन कर सरकार जनता के साथ छलावा कर रही है। उन्होंने बताया कि पहले पंचायत की अनुमति के बिना शराब का ठेका नहीं खुल सकता था, लेकिन अब नीति में बदलाव कर प्रधानों को शक्तिविहीन कर दिया गया है। उन्होंने प्रशासन द्वारा बिना पंचायत की अनुमति के ठेका खोलने की अनुमति को सरकार की मनमानी बताया।

# रामपुर में दो माह से डिपुओं में नहीं मिल रहा सरसों व रिफाइंड तेल, लोगों में रोष

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** उपमंडल रामपुर में सरकारी डिपुओं में बीते दो महीनों से सरसों व रिफाइंड तेल नहीं मिलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार इस माह का राशन सरकारी डिपो में आ गया है, लेकिन तेल फिर भी नहीं आया। तेल का उपयोग प्रत्येक घर के रसोई घर में प्रतिदिन होता है। जिससे तेल की मांग लोगों को अधिक होती है। लोगों को महंगे दामों पर बाहरी दुकानों से तेल खरीदना पड़ रहा है। जिससे लोगों में भारी रोष है। उचित मूल्य की दुकानों में बीते दो महीने से खाद्य तेल उपलब्ध न करवाने से सरकार की बड़ी नाकामी साबित हो रही है।

उपभोक्ताओं को डिपुओं के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लग रही है। सरकार को इस व्यवस्था को दुरुस्त करना अति आवश्यक है।

### तेल की उम्मीद नहीं व आटा मिलेगा जल्द

**इस** बारे खाद्य आपूर्ति निरीक्षक रामपुर राम कटोच के अनुसार रामपुर उपमंडल में 56 सरकारी डिपो हैं। जिनमें से इस क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में 11 डिपो हैं। बरसात के चलते उन डिपुओं को दो-दो महीने का राशन तेल के अलावा दालें आटा, चीनी सहित पूरा राशन डिपुओं में आ गया है। जिसका लोग लाभ उठा रहे हैं, सिवाय तेल के। जैसे ही तेल के टेंडर फाइनल हो जाएंगे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त महीनों का तेल भी इकट्ठा दे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई भी उपभोक्ता खाली हाथ डिपो से नहीं लौट रहा है। इसके अलावा रामपुर के डिपो में आटा और तेल के अलावा पूर्ण राशन भेज दिया गया है। दो दिनों के भीतर आटा मुहैया करवाया जाएगा।

# मोनिका ने मिस ग्लैमर फिटनेस कंपीटिशन में झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जुब्बल में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। ऐसा ही एक कारनामा कर दिखाया है जुब्बल उपमंडल के हाटकोटी से संबंध रखने वाली बेटी मोनिका जो एक मॉडल है। मोनिका ने कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर ली है और अब उसने मॉडलिंग को अपने करियर का हिस्सा चुना है। मोनिका ने 12 व 13 जुलाई को आयोजित हुए फैशन एंड ग्लैमर मॉडलिंग शो में भाग लिया। मोनिका ने मिस नार्थ फिटनेस कंपीटिशन में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं मिस नार्थ इंडिया ग्लैमर में द्वितीय स्थान हासिल किया है। मिस हिमाचल ग्लैमर व मिस हिमाचल फिटनेस में मोनिका ने तीसरा स्थान हासिल किया है। मोनिका ने कहा कि यह उसकी कड़ी मेहनत व लगन का फल है। उसने बताया कि इस पूरे सफर में उसके माता-पिता का विशेष सहयोग मिला है।



# नशे के खिलाफ दौड़े प्रशासन, पुलिस व छात्र

## रोहड़ू के विधायक मोहनलाल ब्राक्टा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** रोहड़ू के इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम में नशा निवारण व भाँग उखाड़ो अभियान के तहत मंगलवार को मैराथन सुबह सात बजे शुरू हुई। विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। मैराथन में छात्रों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। इस मैराथन में उपमंडलाधिकारी रोहड़ू धर्मेश रमोत्रा, उप पुलिस अधीक्षक रोहड़ू प्रणव चौहान, थाना प्रभारी रोहड़ू अमित शर्मा, कई समामजसेवी व भारी संख्या में छात्र मौजूद रहे। तीन घंटे बाद करीब सुबह दस बजे मैराथन पीजी कालेज सीमा पहुंची। जहां सभी को नशा निवारण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि नशे के खिलाफ समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। युवा वर्ग नशे के दलदल में फंसता जा रहा है। जो आज चिंता का विषय है। विभिन्न वर्गों में आयोजित मेराथम के ए वर्ग (15—25) में मृदुल भ्रांटा प्रथम, सुमित दूसरे, हर्षित तीसरे स्थान पर रहा। लडकियों के इसी वर्ग में ज्यल प्रथम, श्रुति दुसरे व आसमी तीसरे स्थान पर रही! वहीं बी वर्ग (25-40) में चेतन प्रथम, ललित दूसरे, रोशन शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। वहीं सी वर्ग (41—60) में नरेंदर चौहान प्रथम, राजेश रेक्का दूसरे, परवेश तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा डी वर्ग (60 से अधिक) में श्याम सिंह प्रथम, माया लाल दूसरे और सुंदर चौहान तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 15 के वर्ग में इशान प्रथम, सक्षम मेहता दूसरे, दिव्यांग तीसरे स्थान पर रहे। एसपीएल वर्ग (1—9) में छात्रा में अदविका प्रथम व छात्र में प्रभास प्रथम रहे। मीडिया में प्रदीप राही को प्रथम और नरेंदर चौहान को उपविजेता घोषित किया गया।




विधायक मोहनलाल ब्राक्टा मैराथन के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

# पेंशन से जबरन सहायता राशि काटी तो सड़कों पर उतरेंगे पेंशनर्स : डॉ. रविंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में पेंशनर्स के भीतर सरकार की मनमानी कटौती के खिलाफ गहरी नाराजगी उभरकर सामने आई है। बिलासपुर पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि पेंशन से जबरन किसी भी प्रकार की राशि आपदा राहत के नाम पर काटी गई तो पेंशनर्स सड़कों पर उतरने को विवश होंगे। घुमारवीं में आयोजित एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया कि सभी पेंशनर्स स्वयं अपनी एक दिन की पेंशन या उससे अधिक राशि सीधे आपदा प्रभावितों को प्रदान करेंगे, लेकिन सरकार को उनकी पेंशन में किसी भी प्रकार की एकतरफा कटौती का अधिकार नहीं है। एसोसिएशन के प्रधान डॉ. रविंद्र कुमार ठाकुर (पूर्व एचपीएस अधिकारी) ने कहा कि सरकार न तो वर्षों से लंबित पेंशन भत्तों और मांगों पर ध्यान दे रही है और अब बिना परामर्श जबरन पेंशन से राशि काटना चाहती है।



यह अलोकतांत्रिक और निंदनीय है। जो सरकार वर्षों से पेंशनर्स की सुध नहीं ले रही, उन्हें नजरअंदाज कर रही है, वह अब उनके अधिकारों का शोषण कर रही है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घुमारवीं से श्रवण सिंह चंदेल, सदर से प्रभ दयाल झंडूता से सोहन सिंह ठाकुर, तलाई से सुरेंद्र शर्मा, भराड़ी से रमेश कुमार शर्मा आदि ने सरकार की नीति पर गहरा आक्रोश जताया है। बैठक में महासचिव त्रिलोक शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र धर्माणी, कोषाध्यक्ष परमानंद शर्मा, उपप्रधान जसबीर ठाकुर, कर्म चंद ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# धर्माणी ने किया भराड़ी सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

## मंत्री बोले- सरकार कर रही स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडुता।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मंगलवार को भराड़ी सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों से बातचीत की। वहीं, अस्पताल की व्यवस्था और सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं और सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवाइयां, जांचें तथा जरूरी टेस्ट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अस्पताल में जो भी दवाइयां उपलब्ध हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हर जरूरतमंद मरीज तक पहुंचाया मरीजों के साथ संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश

**धर्माणी** ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की सफाई व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, जल आपूर्ति और अन्य आवश्यक चिकित्सा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा चिकित्सकों और स्टाफ को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बरसात के मौसम में जलजनित रोगों के खतरे को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और कहा कि सभी मरीजों को पीने के लिए केवल उबला हुआ पानी ही उपलब्ध करवाया जाए, ताकि डायरिया, हैजा जैसी बीमारियों से बचाव हो सके।

# पटेर पंचायत में बारिश से मार्ग क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर गिरने से भी ग्रामीणों को खतरा

## ग्रामीणों ने रास्ते की मरम्मत कर ट्रांसफार्मर को दोबारा स्थापित करने की मांग



पटेर पंचायत में भारी बारिश के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया।

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** उपमंडल घुमारवीं की पटेर पंचायत के तहत पटेर से मटियाल को जाने वाला सार्वजनिक मार्ग भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी रास्ते पर राज कुमार (पुत्र प्रभु राम) के घर के समीप बिजली का ट्रांसफार्मर भी गिर गया है, जिससे पांच गांवों के ग्रामीणों और स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय निवासी सुरेश कुमार, भषंबर, हंसराज, राजेंद्र, प्यारे लाल, अमरनाथ, चमन, राजेश, शोभा देवी, कृष्णी देवी, आत्मा राम और बडू राम आदि ने बताया कि बार-बार पंचायत और हल्का पटवारी को सूचित किए जाने के बावजूद कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता कई वर्ष पूर्व पंचायत द्वारा पक्का करवाया गया था, लेकिन अब इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। वहीं, ट्रांसफार्मर के गिरने से हर समय जिंदगी पर खतरा मंडरा रहा है, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत से अपील की है कि तत्काल इस रास्ते की मरम्मत कर ट्रांसफार्मर को दोबारा सुरक्षित रूप से स्थापित किया जाए अन्यथा विभाग वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करे, ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो और कोई हादसा न हो।

### अथर्व यूनिवर्सिटी देगी शहीद सैनिकों की बेटियों को छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** देश की सेवा में शहीद हुए सैनिकों को सम्मान देने की दिशा में अथर्व यूनिवर्सिटी मुंबई ने एक सराहनीय पहल की है। यूनिवर्सिटी ने शहीद सैनिकों की बेटियों और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। यूनिवर्सिटी के संस्थापक सुनील राणे ने बताया कि शहीद सैनिकों की बेटियों को 100 फीसदी छात्रवृत्ति, जबकि जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत के छात्रों को 75 फीसदी छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह छात्रवृत्ति यूनिवर्सिटी की सभी शाखाओं में लागू होगी, जिसमें इंजीनियरिंग, बीबीए, एमबीए, होटल मैनेजमेंट, बीसीए और बी-डिजाइन्स जैसे प्रमुख पाठ्यक्रम शामिल हैं। अथर्व यूनिवर्सिटी का यह निर्णय शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर और देशभक्ति को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### श्रावण अष्टमी मेले में 500 गृहरक्षक देंगे सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी मंदिर में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रावण अष्टमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की अत्यधिक संभावित भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। डीसी राहुल कुमार ने आदेश जारी कर गृह रक्षा, पांचवीं वाहिनी, बिलासपुर को 500 गृहरक्षक (महिला गृह रक्षकों सहित) की सेवाएं मेले में तैनात करने के निर्देश दिए हैं। मेले में तैनात इन गृह रक्षकों के वेतन भत्तों की अदायगी श्री नयना देवी जी मंदिर न्यास द्वारा की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि मेला सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### सीर खड्ड से बनाए रखें दूरी: अर्शिया शर्मा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** प्रदेश में जारी बारिश के कारण झंडूता की सीर खड्ड के आसपास न जाने की अपील की है। उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने बताया कि झंडूता प्रशासन लगातार एडवाइजरी जारी कर रहा है, जिसमें लोगों से खड्डों के पास न जाने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पानी का बहाव अचानक तेज हो सकता है, इसलिए सावधानी बरतें। इसके अलावा, बारिश के मौसम में आसमानी बिजली से बचने के लिए लंबे पेड़ों के पास खड़े होने से बचें। प्रशासन ने मानसून के दौरान सर्पदंश के बढ़ते मामलों को देखते हुए बीएमओ कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। सर्पदंश से संबंधित सभी आवश्यक दवाइयां झंडूता उपमंडल के अस्पतालों में उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या होने पर घर पर न रहें, बल्कि तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें।

### झंडूता में टैक्सी यूनियन ने की त्रैमासिक बैठक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** टैक्सी यूनियन झंडूता की त्रैमासिक बैठक यूनियन के प्रधान मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लगभग 50 सदस्यों ने हिस्सा लिया। सभी सदस्यों ने एकमत होकर प्राइवेट गाड़ियों द्वारा अनधिकृत रूप से सवारी ढोने की समस्या पर चिंता जताई। सदस्यों ने बताया कि ऐसी कई प्राइवेट गाड़ियां बिना बीमा के सवारी ढोने का काम कर रही हैं, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। यूनियन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसी गाड़ियों को रोका जाएगा। यूनियन ने तय किया कि भविष्य में ऐसी बैठकों में बीमा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### स्टूडेंट्स को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी जी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। प्राचार्य ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अंत में 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में करीब 80 छात्रों ने भाग लिया। आयोजन में प्रो. साक्षी, विजय जम्वाल व विकास शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा।

### शिव शक्ति युवक मंडल ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शिव शक्ति युवक मंडल कव्वाली टटोह ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर आंवला, अनार, लीची, पीपल व हरड़ के पौधे लगाए गए। अभियान का नेतृत्व मंडल प्रधान अभिषेक ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पंचायत स्तर पर होने चाहिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण व सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिले। अभियान में युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मंडल ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया है।



### वरिष्ठ नागरिक सभा करेगी राहत कोष में अंशदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर ने हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा पर गहरा दुःख जताते हुए पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आने का निर्णय लिया है। सभा अध्यक्ष प्रो. जेएन मिश्रा व महासचिव मस्तराम वर्मा ने कहा कि सभा मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करेगी और 21 जुलाई को होने वाली बैठक में सहायता के अन्य निर्णय लिए जाएंगे। रत्नलाल सांख्यान, ओम प्रकाश गर्ग, ई. मनमोहन भंडारी, कमांडेंट सुरेंद्र शर्मा, राजपाल सरीन सहित कई वरिष्ठ सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने की सहमति जताई है।

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला : हरजीत और वरुण देंगे चंबा में हॉकी को नई उड़ान

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** हॉकी प्रेमियों के लिए इस वर्ष का अंतराष्ट्रीय मिंजर मेला बेहद खास होने जा रहा है। भारत के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी हरजीत सिंह तुली और वरुण कुमार के चंबा आने की प्रबल संभावना है। इन दोनों अंतरराष्ट्रीय सितारों की उपस्थिति न केवल मिंजर मेले की गरिमा बढ़ाएगी, बल्कि चंबा में हॉकी को एक नई दिशा और प्रेरणा भी देगी।

हरजीत सिंह तुली, जिन्होंने 2016 में लखनऊ में आयोजित जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की कप्तानी की थी, भारतीय टीम को स्वर्ण पदक तक ले गए। उनके नेतृत्व में टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। इसके अलावा, हरजीत 2016 की चैंपियंस ट्रॉफी में और 2015 के जूनियर एशिया कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस साल मिंजर मेले में उनकी मौजूदगी चंबा के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण होगा। हरजीत सिंह तुली जैसे अनुभवी खिलाड़ी का चंबा आना निश्चित रूप से यहां के युवाओं को हॉकी की ओर आकर्षित करेगा।



भारतीय राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी वरुण कुमार और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरजीत सिंह तुली के साथ राष्ट्रीय खिलाड़ी वरुण वर्णनवाल।

दूसरी ओर वरुण कुमार वर्तमान भारतीय राष्ट्रीय टीम के सक्रिय खिलाड़ी हैं। वे टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और एशियन गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। हाल ही में वे भारतीय टीम के साथ 'टूर ऑफ यूरोप' में शामिल थे। ऐसी खबरें हैं कि वे भी इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले में चंबा पहुंच सकते हैं।

चंबा के ही राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी हर्षु वर्णनवाल ने जानकारी दी है कि उनकी वरुण कुमार से लगातार बातचीत हो रही है, और उन्होंने अपने आने की पूर्ण संभावना जताई है।

हर्षु वर्णनवाल, शुभम डोगरा, अक्षय वर्णनवाल व अनिल ने आग्रह किया है कि चंबा में हॉकी को प्रोत्साहन देने और युवाओं को प्रेरित करने के लिए इन दोनों खिलाड़ियों के सम्मान और सुविधाओं की उत्तम व्यवस्था की जाए। उन्होंने चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव और हॉकी संघ के महासचिव मुकेश बेदी से निवेदन किया है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें। और इस मुद्दे को लेकर हॉकी खिलाड़ी जल्दी ही उपायुक्त चंबा से मिलेंगे

इन दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी चंबा के युवाओं में नई ऊर्जा भरने का कार्य करेगी और यह अवसर चंबा के खेल इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

## 94 ग्राम चरस संग युवक गिरफ्तार

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** नाकाबंदी के दौरान तनुहटी बैरियर पर पुलिस ने एक युवकों को 94 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया। चेक पोस्ट प्रभारी विवेक जब अपनी टीम के साथ तलाशी ले रहे थे तो चंबा से पठानकोट जा रही हिमाचल एचआरटीसी की बस नंबर एचपी-73 8882 को निरीक्षण के लिए रोका गया। बस पर बैठे यात्रियों की पुलिस द्वारा जब तलाशी ली गई तो पुलिस की नजर एक संदिग्ध युवक पर पड़ी। जो कि पुलिस को देखकर थोड़ा घबराया हुआ था और पुलिस को तलाशी लेते वक्त अपनी ओर आते हुए देखकर बैग छोड़कर जल्दी-जल्दी बाहर निकलने का प्रयास करने लगा। इस बात पर पुलिस को जब शक हुआ उसने उसकी इस गतिविधियों पर नजर रखते हुए बैग की तलाशी ली। जिसमें 94 ग्राम चरस बरामद हुई पुलिस ने युवक को मौके पर हिरासत पर ले लिया और युवक के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की धाराओं के तहत पुलिस थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज किया और आगे की जांच जारी है इस पूरी कार्रवाई की पुष्टि डीएसपी भटियात योगराज चंदेल ने की है।

# एनएचपीसी प्रोजेक्ट से विस्थापित परिवारों को नहीं मिला रोजगार, 25 वर्षों से इंतजार में बैठे लोग

अनंत ज्ञान, चंबा



विस्थापित गांव बग्गा के बेरोजगार परिवारों के लोग डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए।

**एनएचपीसी** के तहत निर्मित बग्गा डैम परियोजना (प्रोजेक्ट चरण-2) से विस्थापित हुए गांव बग्गा के परिवार आज भी रोजगार की आस लगाए बैठे हैं। यह मामला लगभग 24-25 वर्ष पुराना है, जब एनएचपीसी की इस बड़ी जलविद्युत परियोजना के कारण गांव बग्गा पूरी तरह प्रभावित हुआ था। गांववासियों की जमीन, मकान, दुकानें—सब कुछ डैम निर्माण क्षेत्र में समा गए, और उनका एकमात्र जीवनयापन का साधन छिन गया।

विस्थापित परिवारों का कहना है कि प्रोजेक्ट निर्माण से पहले उनकी रोजी-रोटी दुकानों और छोटे व्यवसायों से चलती थी, परंतु भूमि और मकान जाने के बाद ना तो उन्हें समुचित पुनर्वास मिला और ना ही कोई स्थायी रोजगार। हालांकि परियोजना की पुनर्वास नीति के तहत प्रभावित परिवारों के एक-एक सदस्य को रोजगार देने का वादा किया गया था, परंतु आज तक कुछ गिने-चुने परिवारों को ही नौकरी मिल पाई है। बाकी सैकड़ों परिवार आज भी इस आशा में बैठे हैं कि उन्हें भी इंसाफ मिलेगा। कुछ पीड़ित परिवारों ने न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया और हाईकोर्ट से अपने पक्ष में निर्णय भी प्राप्त किया, जिससे उन्हें एनएचपीसी में रोजगार प्राप्त हो सका। इनमें कर्मी चंद, दलजीत सिंह और नाम शामिल हैं, जिनके फैसलों की प्रतियां भी इस संबंध में संलग्न की गई हैं।

बग्गा के लोगों ने सरकार व एनएचपीसी प्रबंधन से यही निवेदन करते हैं कि जैसे कुछ परिवारों को नौकरी दी गई है, वैसे ही हमारे भी हक की सुनवाई की जाए। हमें न्याय मिले, ताकि हम अपने परिवार का पेट पाल सकें और बच्चों को बेहतर भविष्य दे सकें।

### इन्होंने सौंपा मांगपत्र

**पवन** कुमार, मोहनी देवी, किशोरी लाल, कर्मी चंद, सतीश कुमार इन सभी परिवारों की अर्जित भूमि, दुकानें व आवास परियोजना क्षेत्र में चले गए थे, जिसके प्रमाण संबंधित दस्तावेजों के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं।

# सुनाही ने 100 और एंजल ने 800 मीटर रेस में झटका कांस्य पदक

अनंत ज्ञान, चंबा

**डीएवी स्कूल चंबा में करवाई दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता**

**डीएवी** विद्यालय जोन-4 की दो दिवसीय एथलेटिक्स गेम डीएवी स्कूल चंबा में करवाई गई। जिसमें डीएवी भरमौर के 14 व 17 साल के लड़के-लड़कियों ने भाग लिया। जिसमें स्कूल के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिसमें अंडर-14 लड़कियों में सुनाही ने 100 मीटर रेस में कांस्य पदक, एंजल ने 800 मीटर रेस में कांस्य पदक हासिल किया।

अंडर-17 लड़कियों में आन्या शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऊंची कूद में गोल्ड और लंबी कूद में रजत पदक प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज करवाया। इसके साथ ही प्रियांशी ठाकुर ने गोला फेंक प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। अंडर-14 लड़कों में वरुण शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर रेस में स्वर्ण पदक लंबी कूद में स्वर्ण पदक और रिले रेस में कांस्य पदक जीतकर अपना नाम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दर्ज करवाया।

लक्ष्य ने 200 मीटर रेस में कांस्य पदक बिजुल ने 400 मीटर रेस में कांस्य पदक ध्रुव ने गोला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-17 लड़कों में नवेश ने लंबी कूद में रजत पदक इशांत ने ऊंची कूद में रजत पदक और महेश शर्मा ने 1500 मीटर रेस में रजत पदक जीत कर स्कूल व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक एके गुलेरिया प्रधानाचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा ने डीएवी भरमौर के खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

# विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आईटीआई चंबा में मंगलवार को 'विश्व युवा कौशल दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानचर्य ई विपन शर्मा ने संस्थान स्तर और जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न ट्रेडों की स्किल प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षुओं के साथ जिला स्तर पर प्रथम आये प्रतिभागियों के अनुदेशकों को भी प्रशंशा प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। प्रधानचार्य ने स्किल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा हुनर से रोजगार और स्वरोजगार ही आज के समय की जरूरत है। इस वर्ष के विश्व युवा कौशल दिवस 2025 की थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण है, इसलिए अपने स्किल का उन्यनन करे समय के नई टेक्नोलॉजी, नए स्किल सीख कर एक कदम आगे रहने की कोशिश करे। इसके उपरांत प्रशिक्षुओं को हैप्पी आवर्स दिए गए, जिसमे अपने-अपने वर्कशॉप्स में विभिन्न इवेंट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# डीसी ने किया स्वच्छ मणिमहेश अभियान शुरू

## 30 तक संचालित रहेगा अभियान, 15 टन कचरा हटाने का लक्ष्य निर्धारित



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल 'स्वच्छ मणिमहेश अभियान' का शुभारंभ करते हुए।

अनंत ज्ञान, भरमौर

**श्री** मणिमहेश यात्रा मार्ग को पूर्ण रूप से स्वच्छ और पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा तैयार की गई विशेष कार्य योजना के अंतर्गत 'स्वच्छ मणिमहेश अभियान' का आज उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

उपायुक्त ने बताया कि यह अभियान 30 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत यात्रा के प्रमुख पड़ाव हडसर गांव से लेकर पवित्र मणिमहेश झील तक के समूचे क्षेत्र में फैले कूड़े-कचरे (लिगेसी बेस्ट) को हटाने का कार्य किया जाएगा। यह संपूर्ण प्रक्रिया जन सहभागिता के आधार पर चलाई जाएगी, जिसमें स्थानीय पंचायतें, स्वयंसेवी संगठन, पर्यावरण प्रेमी व श्रद्धालु यात्रियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

मुकेश रेपसवाल ने कहा कि एक पखवाड़े तक चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत 15 टन कचरे को इकट्ठा कर हडसर गांव तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के अंतर्गत इकट्ठा किए गए अपशिष्ट पदार्थों-कूड़े-कचरे के निस्तारण के लिए भी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि चूंकि श्री मणिमहेश यात्रा का पवित्रता एवं धार्मिकता की दृष्टि से अत्यंत महत्व है, साथ ही पारिस्थितिकीय दृष्टि से भी यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे में यात्रा में आने वाले श्रद्धालु गणों को चाहिए कि वे न केवल धार्मिक आस्था के भाव से यात्रा करें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी को भी समझें और यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

कार्यक्रम में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर राणा ने मणिमहेश कैलाश का छायाचित्र स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम भरमौर अभिषेक मित्तल, बीडीओ भरमौर रामनवीर सिंह, विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित हीलिंग हिमालया, धौलाधार क्लीनर्स, विश्व मानव रूहानी केंद्र, सांभ, विभिन्न स्वयं सहायता समूह, राजकीय महाविद्यालय भरमौर एनएसएस के विद्यार्थी, स्थानीय लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# काहरीवासियों ने की प्रधान पद को अनारक्षित करने की मांग



काहरी के पंचायतवासी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट चंबा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपते हुए

अनंत ज्ञान, भटियात

**काहरी** पंचायत के पंचायतवासियों ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) अमित मेहरा को एक ज्ञापन सौंपते हुए पंचायती राज चुनाव से पूर्व पंचायत में व्याप्त लंबे समय से जारी आरक्षण व्यवस्था पर गहरी आपत्ति जताई है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि आगामी चुनावों में पंचायत प्रधान पद को अनारक्षित किया जाए।

पंचायतवासियों का कहना है कि काहरी पंचायत को लगातार पिछले 20 वर्षों से महिला प्रतिनिधियों के लिए आरक्षित किया गया है, जिससे पुरुष वर्ग को चुनावी भागीदारी से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि पंचायत के विकास और निर्णय लेने की प्रक्रिया में पुरुषों को भी बराबरी का अवसर मिलना चाहिए।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि काहरी पंचायत भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत विस्तृत और पिछड़े क्षेत्र में आती है। यहां आज भी कई गांव ऐसे हैं जो सड़क संपर्क से कोसों दूर हैं और जहां केवल पैदल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। एडीएम चंबा, अमित मेहरा ने ज्ञापन को गंभीरता से सुनने के बाद उचित स्तर पर इसे प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।

# बग्गा से पुल तक सड़क पर पड़े गड्ढे ही गड्ढे

## वाहन चालकों, राहगीरों व स्कूली बच्चों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

अनंत ज्ञान, धरवाला



बग्गा में सड़क पर पड़े गड्ढों से वाहन चालकों व स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही।

**राष्ट्रीय** उच्च मार्ग बग्गा में जगह-जगह पड़े गड्ढों से वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग खेमराज, मिथुन, अश्विनी शर्मा, महेंद्र कुमार, राजेश शर्मा, सुरेश, राजकुमार, चैन लाल, अजय कुमार व संतोष का कहना है कि यह सड़क गांव बग्गा से लेकर बग्गा पुल तक एनएचपीसी चमेरा चरण-3 के अधीन आती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि राह चलते स्कूली छात्र-छात्राओं व अन्य लोगों को बड़ी मुश्किल से इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। स्कूली बच्चे सुबह जो वर्दी पहनकर घर से निकलते हैं अगले दिन उसे नहीं पहन सकते क्योंकि धूल मिट्टी तथा कीचड़ से वह बुरी तरह से गंदी हो चुकी होती है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बहुत जल्द पवित्र मणिमहेश यात्रा भी सुचारू रूप से शुरू होने वाली है जिसके चलते बाहरी राज्यों के दानी सज्जन यहां एक विशाल भंडारे का आयोजन भी करते हैं। ऐसे में बाहरी राज्यों से आए हुए श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हमारी समस्या को सरकार तक पहुंचाया जाए। वह हमें इस धूल मिट्टी तथा बीच रोड में जगह-जगह लगे पड़े पानी की ढेर से निजात मिल सके। एनएचपीसी चरण 3 धरवाला जल्द हमारी समस्या का समाधान करें। जो पिछले कई वर्षों से चली आ रही है ताकि भविष्य में हमें किसी गंभीर बीमारी या दुर्घटना का शिकार न होना पड़े।

# चाइनीज राजमाह के चलते पहाड़ी राजमाह संकट में

**अनंत ज्ञान, बरोट।** प्रदेश सहित मंडी की मंडियों में इन दिनों सस्ते दामों में मिलने वाला चाइनीज राजमाह स्थानीय पहाड़ी राजमाह पर भारी पड़ रहा है। इसकी वजह से चौहार और छोटाभंगाल घाटी के किसान पहाड़ी राजमाह की खेती से दूरी बना रहे हैं। रागी राम, सोहन सिंह, वजिंद्र सिंह, कर्म चंद, विनोद कुमार, सोमनाथ और अन्य किसानों का कहना है कि मंडियों में हर साल सस्ता चाइनीज राजमाह आने से स्थानीय उत्पादों के दाम गिर जाते हैं। कई बार स्थिति यह होती है कि मंडियों में सही दाम न मिलने से किसानों को अपना राजमाह घरों में ही रखना पड़ता है। ऐसे में वे मजबूरी में इसकी खेती छोड़ रहे हैं। इस बार भी घाटी में आधे से अधिक किसानों ने राजमाह की बिजाई नहीं की है। किसान अब फूल गोभी, बंद गोभी, धनिया, मटर जैसी नगदी फसलों की खेती की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे उन्हें तुरंत लाभ मिल सके। किसानों का कहना है कि अगर सरकार समय रहते कोई ठोस नीति नहीं बनाती, तो आने वाले समय में पहाड़ी राजमाह की पारंपरिक खेती पूरी तरह खत्म हो जाएगी। किसानों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पहाड़ी राजमाह का उचित समर्थन मूल्य निर्धारित किया जाए, ताकि उनकी मेहनत का सही मूल्य मिल सके और पारंपरिक फसल को भी संरक्षण मिल सके।

# रुणहकोठी-सामरा के पैदल पुल की हालत खस्ता, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर** के रुणहकोठी-सामरा पैदल चलने वाले पुल की हालत खस्ता होने के चलते ग्रामीणों ने अब मोर्चा खोल दिया है। ग्राम पंचायत रनूहकोठी और सामरा थल्ली गांव को आपस में जोड़ता ये पुल जरूरत से ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुका है। बार-बार शिकायत व गुहार लगाने के बाद भी अभी तक इस पुल की मुरम्मत नहीं हो पाई है। गौरतलब है इस पुल से हर रोज स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के मवेशिये गुजरते हैं। पुल की हालत जर्जर होने के कारण यहां पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को भी बड़ी बार इस विषय से अवगत करवाया गया है, लेकिन



किसी ने भी अभी तक इसकी सुध नहीं ली है। हर दिन लोगों और मवेशियों का इस पुल से आना जाना लगा रहता है कोई भी अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है इसके लिए प्रशासन जिम्मेवार होगा यहां के लोगों का ऐसा मानना है। गांव सामरा से स्कूली बच्चे इस पुल से रोजाना स्कूल जाते उनको भी इस पुल का डर सता रहा है।

लोगों मैं भारी रोष है कि अगर इस बार भी प्रशासन ने इस पुल की मुरम्मत में कोई कदम नहीं उठाया तो सभी गांव वाले उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन करने पर सड़कों पर उतर आएंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व भरमौर प्रशासन की होगी। ग्रामीणों में अश्वनी कुमार सोई, गेहरा राम, अनिल कुमार कुलदीप सिंह,बहादुर सिंह, देवो राम, जफो राम, कर्म चंद अमित सोई, चतरो राम का कहना है कि जल्द इस पुल का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह प्रशासन और सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे।


अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं,** भूप सिंह (40) पुत्र ब्रेस्तु राम, निवासी गांव घरवासड़ा, डाकघर लेदा, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी के आधार कार्ड में मेरा नाम भूप सिंह (Bhup Singh) और बेटी का नाम मीनाक्षी (Minaxi) दर्ज है। लेकिन मेरा सही नाम भूप सिंह (Bhoop Singh) और मेरी बेटी का मीनाक्षी (Meenakshi) है। सभी संबंधित नोट करें।

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** ठाकरू पुत्र नानक पुत्र फागणू (आयु 61), निवासी मोहाल हरहली, डाकघर गोहर, तहसील चच्योट मंडी, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश बयान करता हूं कि मेरी मलकीयत भूमि खाता खतौनी नम्बर 77/83, किता 2. रकबा 1-3-15 बीघा, स्थित मोहाल हरहली/66, तहसील चच्योट, जिला मंडी, हि. प्र. में है। उक्त भूमि में से हिस्सा 8/95, रकवा 0-2-0 बीघा भूमि को कुल हक हकूकों सहित बहक श्रीमति नागण विध्वा कोला पुत्र नानक, निवासी मोहाल हरहली, डा. गोहर, तहसील चच्योट, जिला मंडी, हि. प्र. आयु 59 साल, को मु. 15,000/- रू. (मु. पंद्रह हजार रूपए) में विक्रय कर दिया है। मुल्यत: की कतई राशि अग्रिम ही प्राप्त कर ली है। कब्जा उक्त भूमि पर खाली रकवा का केत्री को दे दिया है। अब आज दिन के बाद उक्त भूमि पर मेरा कोई अधिकार नही रह गया है। अपितु आज दिन के बाद उक्त भूमि की पूर्ण रूप से स्वामी, अधिकारी एवं भोग्ता उक्त केत्री ही होगी। उक्त भूमि की श्रेणी Category- 1(First), में आती है। इसलिए उक्त भूमि के पंजिकरण के बारे प्रथम श्रेणी वैल्यू के स्टाम्प लगा दिए हैं और कि यदि दूरी से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की रिकवरी निकले तो उसे मैं देने के लिए बाध्य हूंगा।

**गोपाल** पुत्र श्री कौला गांव हरहाली डा. गोहर तहसील चच्योट जिला मंडी हि. प्र. ने हाजिर थाना आकर एक शिकायत पत्र पेश पुलिस किया जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। सेवा में थाना प्रभारी पुलिस थाना गोहर जिला मंडी हि. प्र.

**विषय:-** गुमशुदा वैनामा भूमि विलेख की F.I.R. दर्ज करने बारे आवेदन पत्र।

श्रीमान जी प्रार्थी की माता के नाम ठाकरु पुत्र नानक निवासी मुहाल हरहाली वाले ने एक बैनामा मुहाल हरहली का दिनांक 18-11-2022 को श्रीमति नागन विधवा कौला की कापी मुहाल हरहली वाली के नाम की है जो कि नागन से कहीं अचानक गुम हुई है। काफी तलाश किया लेकिन नहीं मिल पाई। प्रार्थी उक्त गुमशुदा वैनामा की FIR दर्ज करवाना चाहता है। अत: महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी को उक्त गुमशुदा वैनामा की FIR दर्ज करवाया जाये। Dated -10/7/2025 Sd/- Gopal गोपाल S/o कौला मुहाल हरहली डा. गोहर त. चच्योट मंडी हि. प्र. कार्यवाही पुलिस - आमदा शिकायतकर्ता के शिकायत पत्र को शब्द व शब्द लिखा गया। मजवुन शिकायत पत्र से मामला शिकायतकर्ता गोपाल उपरोक्त की माता श्रीमति नागन के नाम पर ठाकरु पुत्र नानक निवासी मुहाल हरहाली के द्वारा दिनांक 18.11.2022 को किए गए एक वैनामा के गुम होने का पाया जा रहा है। उक्त दस्तावेज की गुमशुदगी के बारे में थाना के समस्त मुलाजमानों को अवगत करवाया जा रहा है तथा शिकायतकर्ता को हिदायत करी गई कि उक्त दस्तावेजों के मिलने की सूरत में थाना को अवगत करवाए। बाद देने नि:शुल्क नकल रपट शिकायतकर्ता को थाना से फारीग किया गया


### सूडोकु नवताल- 7492 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7491 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

बुधवार, 16 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** षष्ठी (09:04) : **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपद (05:47), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** शोभन (11:56), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:26-02:10)।

### विशेष दिन

- 16 जुलाई 2025: कर्क संक्रांति आज।
- 16 जुलाई 2025: चातुर्मास व्रत नियम आज से होगा प्रारंभ (कर्क संक्रांति वालों का)।

**मेष:** शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। यात्रा सफल रहेगी।

**वृष:** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। यात्रा सफल रहेगी।

**मिथुन:** समय अनुकूल नहीं है निवेश से बचें। धैर्य से कार्य सम्पादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें। सफलता मिलेगी। कारोबारी समस्याओं से सामना होगा।

**सिंह:** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। किसी अपने के प्रति शुभ भावनाओं का उदय होगा। आशाएं बलवती होंगी।

**कन्या:** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी। मन चाही कार्य सिद्धि होगी। झूठ बोल कर फंस सकते हैं।

**तुला:** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी। सामाजिक संबंधों का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक:** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। भाग्य में प्रबलता रहेगी। दूर स्थान से संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु:** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा। अनुबंधों की पूर्ति होगी। संबंधों का लाभ मिलेगा। न्याय पक्ष उत्तम रहेगा।

**मकर:** कारोबार का विस्तार के योग बन रहे हे। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजन का व्यवहार कमजोर रहेगा। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता आएगी। धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**कुंभ:** काम बहुत है आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहें। मध्याह्न से कुछ राहत का अनुभव होगा।

**मीन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले। बड़ों का आदर करें। संतान सुख सम्भव है।

# युवाओं को कौशल विकास, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, चंबा

**एनएफसीआई** चंबा में विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ किया गया। यह आयोजन मेरा युवा भारत केंद्र, चंबा के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास के प्रति जागरूकता, रोजगार के अवसरों की जानकारी, और व्यक्तिगत व व्यावसायिक क्षमता वृद्धि को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक कुमार, जिला युवा अधिकारी, चंबा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल डोगरा, मैजिक बस फाउंडेशन से उपस्थित रहे।

दोनों अतिथियों ने युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल से जुड़ने और उससे प्राप्त होने वाले शिक्षण, प्रशिक्षण व प्रमाणन के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में कई प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा रोजगारपरक कौशल, आतिथ्य सेवाएं डिजिटल स्किल्स, और उद्यमिता जैसे विषयों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने यह संदेश दिया कि 21वीं सदी में कौशल ही सफलता की असली कुंजी है और अब युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यवहारिक दक्षता की भी ज़रूरत है। इस अवसर पर चंबा ज़िले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने करियर को नई दिशा देने का संकल्प लिया। अंत में एन एफ सी आई के मैनेजर रवि पठानिया के द्वारा समस्त अथितियों का आभार प्रकट किया गया।

# टिकाऊ खेती, जल संरक्षण पर की चर्चा

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** रजवाड़ी गांव में 44वां नाबार्ड स्थापना दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की सशक्त भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में टिकाऊ खेती, जल-संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, दलहन-तिलहन संवर्धन और सहकारिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई जिससे ग्रामीण समुदाय जागरूक होकर लाभ उठा सके। एलडीएम चंद्र प्रकाश ने योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। डीडीएम नाबार्ड राकेश वर्मा ने नाबार्ड की ग्रामीण विकास पहलों पर प्रकाश डाला। एफएलसी पीएनबी हरि सिंह कौंडल ने सरल भाषा में वित्तीय योजनाएं बताई। कार्यक्रम में बिंदर ठाकुर, चिंत राम शास्त्री और विनोद कुमार जैसे विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत साई खारसी
### विकास खंड सदर जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

**ग्राम** पंचायत साई खारसी विकास सदर जिला बिलासपुर हि.प्र. द्वारा वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशन) आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदाएं दिनांक 19/07/2025 तक ग्राम पंचायत साई खारसी के कार्यलय में पहुंच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 21/07/2025 को सांय 1:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत साई खारसी में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हों) खोली जाएंगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत साई खारसी में सुरक्षित होगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी । शर्तें लागू।

**सामग्री का विवरण:-** 1. रेत क्रशर- प्रति फुट, लगभग पांच हजार क्यूविक फीट, 2. बजरी क्रशर 10एमएम,20एमएम,40एमएम- प्रति फुट, लगभग पांच हजार क्यूविक फीट, 3. सोलिंग/बोल्डर पत्थर/लोकल बजरी, रेता- प्रति चैठा (6*6 फुट) प्रति फुट, लगभग पांच चैठे, 4. पत्थर (कट स्टोन)- प्रति पत्थर (6*8 इंच), लगभग एक हजार, 5. ईंट मिट्टी के भट्ठे की- प्रति 1000, लगभग 5000 Nos, 6. इंटरलोक टाइल/पेवर्स 40एमएम, 50एमएम, 60एमएम, व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल- प्रति पीस प्रति साइज, लगभग 5000 Nos, 7. JCB मशीन द्वारा मिट्टी कटान व ब्रेकर-प्रति घन मीटर (हार्ड/सॉफ्ट रोक) प्रति घंटा, लगभग 1000 क्यूयिक मीटर, 8. सामग्री ढुलान (सीमेंट बिलासपुर से साई खारसी उतराई-चढ़ाई सहित) ट्रेक्टर/जीप अन्य वाहन द्वारा-प्रति किलोमीटर प्रति फेरा/पति बैग-आवश्यकता अनुसार, 9. शटरिंग लोहा व लकड़ी-प्रति फुट, लगभग 1000 क्यूबिक मीटर, 10. लकड़ी व एल्युमीनियम फिटिंग्स व डोर विंडो-आइटम वार/प्रति घन फुट, आवश्यकता अनुसार, 11. प्लाई बोर्ड शीटें/OTHER फैंसी सीलिंग पैलींग SHEETS, आइटम वार/साइज वार/आवश्यकता अनुसार, 12. हार्डवेयर Items (सरिया 8एमएम, 10एमएम, 12एमएम, 16एमएम, एंगल, चैनल साइज वार, टाइल, पेंट, रेलिंग लोहा building fiting, सैनिटरी फिटिंग्स व लेवर रेट etc.-आइटम वार व प्रति किलो क्विंटल/प्रति प्वाइंट-आवश्यकता अनुसार, 13. कलर कोटेड रूफ शीट्स आदि व शीलिंग शीट्स- प्रति शीट साइज वार-आवश्यकता अनुसार, 14. RCC क्ल्वर्ट PIPE साइज वार- आवश्यकता अनुसार, 15. Furniture Items (Table & Chairs) सोफा/सेट्टी, मैट, लेक्चर स्टैंड इत्यादि सभी फर्नीचर वस्तुएं) - प्रति Item पूर्ण विवरण सहित-आवश्यकता अनुसार, 16. बैल्डिंग वर्क्स-प्रति किलो/क्विंटल-आवश्यकता अनुसार, 17. मिक्सर मशीन-प्रति दिन/प्रति घंटा-आवश्यकता अनुसार, 18. पेंटर प्रति दिन/स्क्वेयर फुट-आवश्यकता अनुसार, 19. साइन बोर्ड, वॉल राइटिंग, पेंटिंग-साइज वार/अन्य-आवश्यकता अनुसार, 20. इलेक्ट्रिकल फीटिंग सामग्री व लेबर-आइटम वार/प्रति प्वाइंट-आवश्यकता अनुसार, 21. एलसीडी बड़ी, माइक, कप्यूटर, यूपीएस, प्रोजेक्टर आदि, साइज वार, कंपनी नाम सहित, 22. गैस हीटर साइज बार, कंपनी नाम सहित, 23. स्टेशनरी विमिन रजिस्टर, कागज इत्यादि-सभी आइटम्स, 24. अन्य सामग्री-आइटम्स बार।

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदादाता/आपूर्तिकर्ता के पास अपना TIN No. /CST/GST No. होना आवययक है। 2. रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगा। . M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर रॉयल्टी जमा करनी होगा। 3. निविदा पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। OVERWRITING होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की Specification के अनुरूप होगी। 5. रेत,बजरी, पत्थर, ईंटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल, जहां तक वाहन योग्य सड़क है, तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पूरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगी। 6. अनुमादित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनीकी कर्मचारी से करवानी होगी। अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमादित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समय अनुसार नहीं कर पाता है, तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द करने सामन दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को दिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता का चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9. सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य/ निर्णय विभाग की Justification व अनुमोदित निविदादाताओं के साथ Negotiation अनुसार ही किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत साई खारसी, विकास खंड सदर जिला बिलासपुर**

किसी को भी किसी भी फायदे के लिए एक अच्छा विजन और फरिश्ते की आवाज की आवश्यकता होती है। -सरोजिनी नायडू

## संपादकीय

# भारत का वैज्ञानिक सामर्थ्य

लखनऊ के युवा वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सकुशल वापसी न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक सामर्थ्य का प्रतीक भी है। स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेस क्राफ्ट से शुभांशु 18 दिन अंतरिक्ष में रहकर धरती पर लौटे। उनके साथ इस मिशन में पोलैंड के स्लावोस्ज उज्नान्स्की विज्निवस्की, हंगरी के टिबोर कापू और अमेरिका की प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन शामिल थीं। भारत के लिए यह पल इसलिए भी महत्वपूर्ण बन जाता है, क्योंकि शुभांशु न केवल भारत के प्रतिनिधि के रूप में इस मिशन का हिस्सा बने, बल्कि उन्होंने अंतरिक्ष में भारत के सात वैज्ञानिक प्रयोगों को भी सफलतापूर्वक संपन्न किया। अंतरिक्ष में बीजों की खेती, सूक्ष्मजीवों पर अध्ययन और हड्डियों की संरचना पर प्रभाव जैसे प्रयोग यह संकेत दे रहे हैं कि भारत अब केवल अंतरिक्ष यानों को भेजने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह गहन अनुसंधान और दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रहा है। शुभांशु ने अपने 18 दिवसीय प्रवास के दौरान 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

सबसे उल्लेखनीय था भारत के दो पारंपरिक फसलों-मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में अंकुरित करना। यह प्रयोग दर्शाता है कि भारत अपने कृषि ज्ञान को अंतरिक्ष में भी आजमाने और वहां जीवन की संभावनाएं तलाशने को लेकर प्रतिबद्ध है। अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि और विकास से जुड़ी जानकारियां न केवल भविष्य के मंगल या चंद्र कॉलोनियों के लिए उपयोगी होंगी, बल्कि यह धरती पर भी कृषि नवाचारों के रास्ते खोल सकती हैं। इसके अलावा उन्होंने स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भाग लिया, जो अंतरिक्ष में पोषक तत्वों के स्रोत के रूप में शैवाल के उपयोग पर केंद्रित था। यह प्रयोग इस दिशा में संकेत देता है कि भविष्य में भोजन, ऑक्सीजन और जल की आपूर्ति के लिए जैविक उपाय कैसे उपयोगी हो सकते हैं। वहीं, अंतरिक्ष में हड्डियों की संरचना पर प्रभाव का अध्ययन उन संभावनाओं का परीक्षण है, जिससे भविष्य के दीर्घकालिक मिशनों में अंतरिक्ष यात्रियों की शारीरिक सेहत को सुरक्षित रखा जा सके। शुभांशु की इस सफलता ने भारत को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में एक गंभीर, परिपक्व और भरोसेमंद सहयोगी के रूप में स्थापित किया है।

यह महज एक अंतरिक्ष यात्रा नहीं, बल्कि भारत की वैज्ञानिक दृष्टि, आत्मविश्वास और तकनीकी प्रगति का प्रमाण है। जहां कभी हम अमेरिकी या रूसी मिशनों में मात्र दर्शक की भूमिका में रहते थे, वहीं अब हम स्वयं प्रयोगकर्ता और नवप्रवर्तक की भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु की सफलता पर उन्हें बधाई दी और इस उपलब्धि को देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। यह एक सकारात्मक संकेत है कि अब सरकार भी वैज्ञानिक उपलब्धियों को सिर्फ तकनीकी विषय नहीं मानती, बल्कि इसे राष्ट्रीय गौरव और जन-सहभागिता से जोड़ रही है। हालांकि, यह उपलब्धि गौरवपूर्ण है लेकिन यह भी आवश्यक है कि भारत इस राह पर रुक न जाए। शुभांशु की सफलता हमें प्रेरणा देती है कि भारत को अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों, चंद्र और मंगल पर मानव बस्तियों की संभावनाओं और डीप स्पेस में खोज जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके लिए हमें स्वदेशी अंतरिक्ष प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करनी चाहिए ताकि भारतीय वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देश में ही मिल सके।

निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए ताकि स्पेस टेक्नोलॉजी में निवेश और नवाचार को बढ़ावा जा सके। स्कूलों और कॉलेजों में अंतरिक्ष विज्ञान को लोकप्रिय बनाकर एक ऐसी पीढ़ी तैयार करनी होगी जो सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता और खोजकर्ता बने। स्पेस हेल्थ और स्पेस बायोलॉजी जैसे उभरते विषयों में शोध को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए, ताकि अंतरिक्ष में दीर्घकालिक मानव उपस्थिति को संभव बनाया जा सके। शुभांशु की इस उड़ान ने यह भी साबित किया है कि अब अंतरिक्ष विज्ञान केवल वैज्ञानिकों की प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रह गया है। यह जनमानस से जुड़ रहा है।

लोग जानना चाहते हैं कि अंतरिक्ष में क्या हो रहा है, किस तरह से यह हमारे जीवन को प्रभावित कर सकता है और हम स्वयं उसमें कैसे भागीदार बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि विज्ञान को सरल, सरस और संवादात्मक बनाया जाए ताकि हर नागरिक उसमें अपनी भागीदारी महसूस करे। शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि भारत के अंतरिक्ष सफर का नया पड़ाव है, जो भविष्य की विशाल संभावनाओं का संकेत देती है। यह सफलता हमें दिखाती है कि भारतीय युवा यदि सही दिशा, समर्थन और संसाधन पाएं तो वे अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों तक पहुंच सकते हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, वैज्ञानिक समुदाय, उद्योग जगत और आम नागरिक मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार करें जहां विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर बच्चों की आंखें चमकें, युवा सपने देखें और देश उन्हें पूरा करने के लिए हरसंभव सहयोग दे।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### बॉलीवुड अभिनेत्री

**कैटरीना** कैफ कौशल एक बॉलीवुड अभिनेत्री हैं जो हिंदी फिल्मों में काम करती हैं। भारत की सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्रियों में से एक, उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें चार स्क्रीन पुरस्कार और चार जी सिने पुरस्कार, साथ ही तीन फिल्मफेयर नामांकन शामिल हैं। हालांकि उनके अभिनय की आलोचनात्मक प्रशंसा अलग-अलग रही है, लेकिन उन्हें एक्शन फिल्मों में उनकी भूमिकाओं और उनकी नृत्य क्षमता के लिए जाना जाता है। ब्रिटिश हांगकांग में जन्मी कैफ लंदन जाने से पहले कई देशों में रहीं, जहां उन्होंने तीन साल बिताए। उन्हें किशोरावस्था में पहला मॉडलिंग असाइनमेंट मिला और बाद में उन्होंने फैशन मॉडलिंग में अपना करियर बनाया। कैफ ने भारत में एक सफल मॉडलिंग करियर की स्थापना की।



कैटरीना कैफ
जन्म : 16 जुलाई 1983

## कविता



### नजर नजर में फर्क

रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, बिलासपुर

*नजर नजर में होता है फर्क बहुत, कोई नजरें होकर भी है अंधा।*
*देखकर भी कर देता है कोई अनदेखा,*
*दुनियां में सब मतलब का है धंधा।*
*मां की नजर में हैं ममता ही ममता,*
*पिता की नजर में त्याग है बसता।*
*जमाने की नजर में है स्वार्थ नजर आता,*
*प्यार का दिखावा करके पीठ पीछे से है डसता।*
*नजरें भी कई बार खा जाती हैं धोखा,*
*कई बार सच नहीं होता जो है नजर आता।*
*सच्चाई कुछ और होती है, आदमी धोखा है खा जाता।*
*नजरें किसी से जब होती हैं चार,*
*मिलने को दिल हरपल रहता है बेकरार।*
*नजरें ही जब बुढ़ापे में दे जाती हैं धोखा,*
*देख नहीं पाते हो जाता चलना दुश्वार।*
*नजर अच्छी है तो सब अच्छा है लगता,*
*बुराई में भी अच्छाई नजर है आती।*
*नजरें यदि थोड़ी भी हैं खराब, तो अच्छाई में भी बुराई है दिख जाती।*
*नजर भी कई बार खा जाती है धोखा, इसलिए दिमाग का करना इस्तेमाल।*
*दुनियां को हर शय में अच्छाई देखना,*
*यह भी तो है हमारी नजर का कमाल।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# विनाश का कारण बनता जा रहा आधुनिक विकास





डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

पहाड़ों की खूबसूरती को न जाने किसकी नजर लगी या प्रकृति ही मानव से खफा होकर कहर बनकर हिमाचल को बर्बाद कर रही है। यह तो सवाल बहुत बड़ा है, शायद इस प्रश्न का कभी उत्तर मिलेगा कोई वैज्ञानिक पर्यावरण संरक्षण वाले या प्रकृति प्रेमी दे पाएगा। पहाड़ पर तो पहले लोग मकान बनाकर रहते थे, पर कभी पुराने पहाड़ प्रेमी पानी के रास्ते नहीं रोका करते थे। आज का पढ़ा लिखा आधुनिकता के दौर में दौड़ने वाला आदमी पहाड़ों को प्रकृति को ही अपना गुलाम बनाने लगा है। वह यह सोचता है मैं ही पहाड़ से मजबूत हूं, कारण मेरे पास सीमेंट कंक्रीट है जहां चाहेंगे घर बना लेंगे जल के वेग को रोक लेंगे पहाड़ों को दीवारों से रोककर उनको बस में कर लेंगे। यही सोच आज हिमाचल में आए भयंकर त्रासदी के तांडव का मंजर लोग देख रहे हैं।

निश्चित ही यह अवैज्ञानिक तरीके से हो रहे विकास का नया विनाश का ढांचा है। इस ढांचे को अगर अपनाया गया, तो विनाश का विकास हिमाचल और देखेगा। हिमाचल में अभी तो मानसून की बरसात शुरू हुई है तो ग्यारह स्थानों पर बादल फट गया पचास से अधिक जानें चली गई, मकान धन गृहस्थी सब अपने साथ लेकर कर गया, छोड़ा तो बस तन पर एक कपड़ा। जिनका सब कुछ बह गया आधुनिक विकास में वह आज शरण स्थली में जीवन जीने के लिए वह सब परिवार सरकारी दान पर है। लोगों की मदद पर है। यह मंजर ऐसा जीवन में आएगा कभी नहीं सोचा होगा। पर आ गया।

अब इस भयावता से कैसे निकलना है उभरना है नए सिरे से फिर नई जिंदगी जीना है। वह दिनरात इसी सोच में लगे होंगे कितना सरकार देगी यह तो सत्य है, आजतक कभी कोई सरकार किसी परिवार को सब कुछ वापस नहीं किया जो आपदा में उसका बह गया बर्बाद हो गया थोड़ा सा आंसू पोछना फिर सरकार और सहायता करने वाले सभी भूल जाते, जीवन में सघर्ष तो वहीं करके आगे बढ़ने लगाता है। जिसका सब कुछ गया है। सराज विधानसभा हिमाचल में एक विकसित क्षेत्र बन गया था, सब सुविधाएं थी, जीवन बहुत सुंदर चल रहा था, पर नजर किसकी लगी एक पल में सब जमींदोज हो गया न वह सुंदर सड़क न हीं सुंदर घर दिखाई दे रहा है। दिखाई दिया तो बस गिरा हुआ मलवे का ढेर। अब इस हादसे पर कितना आंसू कोई बहाएगा जो गया वह लौट कर नहीं आएगा। यह तो सच है। पर जो नए रूप में सृजन करना है वह कैसा हो इस पर सरकार और वहां के निवासियों को विचार तो करना होगा।

निर्माण नया तो हर तरह से होगा मकान व सड़क। पर वह मंजर वह रात वह बारिश कोई नहीं भूल पाएगा। हां अगर जिंदगी सही रूप चल पड़ी तो कुछ दर्द कम होगा। पर उस दर्द की पीड़ा हर रोज उठेगी कारण पैसा नहीं होगा, बल्कि जो परिवार के लोग आंखों के सामने बह गए अभी तक मिले नहीं। उनको खोजकर थक गए न जाने कहां गए, कहानी के पात्र की तरह एकाक बिखर गए। बह गए देखते-देखते वह बह गए, तो पानी के शोर में आवाज नहीं दे पाए बचाओ हमें और दिए तो हम सुन नहीं पाए प्रकृति के क्रूर शोर में दुख यह है कि मकान रुपए सब वापस मिलेगा पर वह नहीं मिलेंगे जो बह गए। बच्चों का स्कूल बह गया, उनके बचपन का खिलौना आंखों का सपना सब बह गया है। वह कैसी काली रात थी, यह अनुभव करके मन विचलित हो जाता है। पर कोई करेगा क्या नियति पर नियंत्रण किसी का नहीं है। शायद यही नियति का खेल रहा हो, सजग रहने का इशारा हो कि अब भी मान जाओ प्रकृति के विनाश को रोक दो पहाड़ों को छोड़ दो छलनी मत करो नहीं हम भी उग्रवादी हो जाएगे। पर आज का विज्ञान कहा मानता है ईश्वर को प्रकृति को वह तो बस यही सोचता है धरा पर विज्ञान है तो आसमान सब मूठ्ठी में है।

हिमाचल के मंडी में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है एक हजार करोड़ से ज्यादा क्या सरकार के सात लाख की सहायता से जो कुछ बह गया, लोगों का पूरा हो जाएगा। यह एक ऐसा प्रश्न है जो बिना उत्तर के ही रहेगा हर सरकार के सामने। पर सरकार नियम में बंधी है यही कहकर हर हादसे की इतिश्री हो जाती है। यही हाल अब इस हादसे में होगा समय से राहत पुनर्वास कभी किसी हादसे के शिकार लोगों का सही तरीके से देश में या किसी प्रदेश में आजतक नहीं हुआ है। सब खानापूर्ति होती है। हिमाचल हादसे सीखता नहीं है। पालमपुर हो मंडी हो शिमला हो सोलन हो हर शहर गांव में नाले हैं नदी है लोग उसी नाले नदी पर भवन बनाकर रहते हैं। सरकार कभी नहीं रोकती है निर्माण को। कोई ठोस नीति नहीं बनी है पहाड़ों पर नदी-नालों पर भवन बनाने की। अगर नीति बनी होती तो शायद हादसे कम होते जब बादल फटता है अतिवृष्टि ओलावृष्टि होती है। नहीं कोई किसी तरह की रोक है। जो जहां चाहता निर्माण कर लेता है। पहाड़ों पर बहुमंजिला भवन शिमला, सोलन, मंडी हर जगह बन रहे हैं पर रोक नहीं सब वोट के लिए होता प्रकृति पहाड़ बचाने को नहीं। बस सरकार सत्ता के लिए सब होने दें रही है। क्यों हिमाचल में फोरलेन या सुपर हाईवे की जररूत है। टू लेन सड़क बहुत सही होगा पर विकास का विनाश मॉडल शुरू हुआ सड़कें बनाने पहाड़ों को काटने का जोर शोर से चल रहा है नतीजा सब देख रहे हैं। बस दो चार दिन के राजनीतिक आंसू फिर वही काम कांटों पहाड़ बनाओ सड़क नालों नदियों का सीना चीर कर कमाओ नदी पर करोड़ों का पुल भले बाढ़ में बह जाए पर रेत बजरी निकालो और पैसा बढोरों की राजनीति चल रही है। अब भी समय है सरकार हादसे कम करने पर ठोस उपाय करें और पहाड़ों पर नए तरीके के मकान बनाने के लिए नई नीति बनाए। सड़क बने पर फोरलेन जहां जरूरत हर पहाड़ पर फोरलेन न बनाए। तो ही अच्छा होगा। हिमाचल में आधुनिक विकास ही विनाश का कारण बनता जा रहा है मनाली में नदी तट पर बने होटलों को हटाना जरूरी है नहीं तो कभी भी भयंकर हादसा अवश्य होगा। पर्यटन को बढ़ावा दे पर हिमाचल को सुरक्षित संरक्षित कर।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्रेस की गरिमा बनाम निजी स्वार्थ एक विचारणीय संघर्ष



राजेंद्र कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक



पत्रकारिता को किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली का एक मजबूत स्तंभ माना जाता है। पत्रकारिता और समाचार पत्रों की ताकत किसी से छिपी नहीं है। जब सत्ता निरंकुश हो जाए तो जनता को निरंकुशत्ता से बचाने की जिम्मेदारी निष्पक्ष पत्रकारिता के कंधों पर आ जाती है। देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता के द्वारा लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं, परंतु कुछ तथाकथित तथा अव्यावसायिक पत्रकार इस आदर्श व्यवसाय को दागदार करने की नाकाम कोशिशें कर रहे हैं। आज ऐसे लोगों की कमी नहीं जो जैसे तैसे प्रेस का परिचय पत्र प्राप्त कर, प्रेस शब्द का दुरुप्रयोग करने से भी गुरेज नहीं करते।

दुर्भाग्यवश पत्रकारिता जैसा गरिमामय पेशा आज कुछ लोगों द्वारा स्वार्थ, दबाव एवं ब्लैकमेलिंग के लिए प्रयोग किया जा रहा है। पत्रकारिता का यह दुरुपयोग, गलत जानकारी, भय और धमकी के माध्यम से, न केवल लक्षित व्यक्तियों व संस्थाओं को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि इससे प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों की साख भी प्रभावित हो रही है। ऐसे तथाकथित पत्रकार, समाचार पत्रों और प्रेस की छवि को धूमिल कर रहे हैं। छोटे शहरों और गांव में ऐसे तथाकथित पत्रकारों की कमी नहीं है जिनके पास समाचारों के नाम, घर परिवारों के झगड़ों से संबंधित समाचार ही होते हैं। खोजी पत्रकारिता और स्टिंग ऑपरेशन के नाम पर ये तथाकथित पत्रकार, पीत पत्रकारिता का सहारा ले, लोगों, शैक्षणिक संस्थाओं, व्यावसायिक संस्थानों को अपना शिकार बनाते हैं। ऐसे समाचार पत्रों की भी कमी नहीं जिनके पास आरएनआई पंजीकरण भी नहीं, मात्र एक पृष्ठ पर टाइप करके, समाचार पत्र का लेआउट देकर, उसे व्हाट्सऐप के माध्यम से उस संस्थान या व्यक्ति तक पहुंचा देते हैं जिसके बारे में समाचार प्रकाशित किया गया है। ये वो हथकंडे हैं जिसके द्वारा वे लोगों और संस्थानों को ब्लैकमेल करके उनसे पैसे उगाहने के लिए, इस आदर्श व्यवसाय का दुरुप्रयोग करते हैं।

पीत पत्रकारिता जनहित की सेवा नहीं करती, बल्कि व्यक्तिगत द्वेष एवं आर्थिक लाभ को बढ़ावा देती है। यद्यपि ऐसे लोगों की संख्या सीमित है, फिर भी उनका प्रभाव विस्तृत और अत्यंत हानिकारक हो सकता है। हमारे देश में ऐसे प्रतिष्ठित समाचारपत्रों की कमी नहीं है जिनके पास पत्रकारिता के क्षेत्र में एक स्वर्णिम इतिहास है तथा इन प्रतिष्ठित समाचारपत्रों के कारण ही आम लोगों का आज भी पत्रकारिता पर विश्वास कायम हैं। ऐसे तथाकथित पत्रकारों और उनके संपादकों को ध्यान रखना चाहिए कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को गरिमा एवं सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। जब कोई पत्रकार या मीडिया संस्थान बिना किसी प्रमाण के किसी संस्था पर आरोप लगाता है, तो यह न केवल मानहानि है, बल्कि एक दंडनीय अपराध भी है।

इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर झूठी जानकारी प्रसारित करता है जिससे किसी व्यक्ति या संस्था की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचे, तो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत भी कार्यवाही की जा सकती है। जो संस्थाएं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ देशहित में कार्यरत हैं, वे कुछ स्वार्थी और अनैतिक तत्वों का शिकार नहीं बननी चाहिए। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक (आरएनआई)का दायित्व समाचार पत्रों का पंजीकरण व उनकी वैधता की निगरानी करना है। अब समय आ गया है कि प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान भी आगे आकर इन अनैतिक पत्रकारों एवं संपादकों की पोल खोलें। तभी पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखा जा सकता है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ में जनता का विश्वास पुन: स्थापित किया जा सकता है। अब समय है कि पीत पत्रकारिता जैसी विकृति के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की जाए। तभी आने वाली पीढ़ियां एक निष्पक्ष, सम्मानजनक और सत्यनिष्ठ मीडिया व्यवस्था की ओर देख सकेंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**संसार** के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मिनी स्विट्जरलैंड यानी खज्जियार और गेट नामक स्थान के मध्य वन विभाग ने चुंगी कर लगाया है। ऐसा ही विभाग ने विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थान डलहौजी के बहुत समीप लकड़ मंडी में भी लगा रखा है। कम से कम स्थानीय चंबा के निवासियों को तो ऐसे कर से राहत मिलनी चाहिए। चंबा के हजारों लोगों के श्रद्धास्थल पहलवानी माता मंदिर के दर्शन करने जाएं, तो इन चुंगी करों पर श्रद्धालुओं से भी शुल्क वसूला जाता है, जबकि इस प्रकार के चुंगी कर को केवल बाहरी राज्यों या जिलों से घूमने आए सैलानियों के लिए ही कुछ हद तक उचित माना जा सकता है। जिला चंबा में स्थानीय लोगों को इस प्रकार के कर समाप्त करना अनिवार्य है। सरकार को अपनी आय के लिए कुछ न कुछ ऐसे साधन होना अति आवश्यक है, लेकिन ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। **अमर सिंह, जसूर**

# वर्तमान में कंक्रीट के जंगल में खो गए मिट्टी-गारे के 'टप्परू'



रामलाल पाठक
वरिष्ठ साहित्यकार



मानव जीवन की मूलभूत सुविधाओं में रोटी, कपड़ा और मकान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मानव जीवन युगों से संघर्षरत रहा है। आदि मानव ने सबसे पहले जंगली कंद-मूल से अपने पेट की ज्वाला को शांत किया। वृक्षों की छाल व पतों से अपने शरीर को ढांपने का काम किया। इसके उपरांत आदि मानव ने अपने रहने के लिए सुरक्षित स्थान की तलाश की, ताकि बारिश, सर्दी तथा धूप से अपना बचाव किया जा सके। धीरे-धीरे मानव जीवन में विकास हुआ तथा साथ ही उसकी आवश्यकताएं भी बढ़ने लगी।

तन को ढांपने के लिए वृक्षों या जानवरों की छाल का सुधार हुआ। दो पत्थरों के टकराने से आग का आविष्कार हुआ। कंद-मूल खाने के साथ ही आदि मानव पहले जंगली जानवरों का शिकार भी करता रहा। फिर कच्चे भोजन को आग पर पकाकर खाने लगा। तदोपरांत आदि मानव कंदराओं में रहने के साथ ही छोटे-मोटे सुरक्षित आशियाने का निर्माण किया। ताकि सर्दी, गर्मी व बरसात से वचाव के साथ ही हिंसक जंगली जानवरों से वचाव हो सकें तथा चैन से रात बिताई जा सकें। घर-बसाव के साथ ही परिवार बने, गांव बसे और भाईचारे के साथ ही आदर्श समाज की उत्पति हुई। इसके बाद भी मानव चुप नहीं बैठा तथा और अधिक सुविधाएं जुटाने के लिए नए-नए अविष्कार करने लगा। अनाज की खोज होने के बाद खेती-बाड़ी की जाने लगी। इसके लिए जानवरों को उपयोग में लाया जाने लगा। अनाज को बारीक करने के लिए पत्थरों का प्रयोग किया जाने लगा। इसके बाद घरेलू चक्की का अविष्कार हुआ। रोटी और कपड़े की सुविधा मिलने के बाद मनुष्य अपने आशियाने के सुधार में जुट गया। फिर पत्थरों व मिट्टी के मकान बनने लगे। विकास की इस लंबी प्रक्रिया में सैकड़ों वर्ष लगे। बीती शताब्दी के पूर्वार्द्ध के बाद सातवें दशक तक पत्थरों व मिट्टी के गारे से बने मकानों का अधिक प्रचलन रहा है। उन मकानों पर घास की छत बनाई जाती रही है।

शुरू में धरातल मंजिल ही होती थी । उसे 'भ्यूंसू घर' कहा जाता था। उसमें मात्र एक ही कमरा होता था। उसी में ही रसोई होती थी तथा उसी में ही बाण की चारपाई बिछा कर शयन कक्ष होता था। दिन को चरपाइयां खड़ी कर देते थे। फर्श की तीन-चार दिन के बाद गाय के गोबर से लिपाई की जाती थी। जिसमें लिपाई में ही फूल-पत्तियां आदि उकेरी जाती थी। अंदर व बाहर दीवार पर फुट-दो फुट की ऊंचाई तक काली मिट्टी से लिपाई की जाती थी। उसे 'पाठू' कहा जाता था। कच्चे मकान प्रकृति रूप से एयरकंडीशनर होते थे। गर्मियों में ठंडे व सर्दियों में गर्म होते थे। मकान बनाने के लिए सबसे पहले सुरक्षित स्थान की तलाश होती थी। मकान की कितनी लंबाई चौड़ाई होनी है उस हिसाब से उस स्थान को समतल किया जाता था। ज्योतिष गणना के अनुसार शुभ मुहूर्त में ही सारे काम किए जाते। मकान का निर्माण करने वाला कारीगर (मिस्त्री) को बुलाकर उस स्थान की नाप-नपाई करवाई जाती। इसका पैमाना 'हाथ' में होता था। अर्थात बाजू की कोहनी से आगे बड़ी उंगली तक का माप, जो करीब डेढ़ फुट का होता है। मकान की पैमाइश 'हाथ' की गणना अनुसार ही होती थी। यानी 7 हाथ चौड़ा तथा 11 हाथ लंबा मकान बनाया जाता था। रस्सी से मकान के नीचे आने वाली जमीन को मापा जाता था।

मकान कितना लंबा-चौड़ा बनाना है, इसके लिए मकान मालिक की स्वीकृति जरूरी होती। मकान छोटा या बड़ा बनाना मकान मालिक की समर्थानुसार ही होता था। इस नाप-नपाई की 'रस्सी बाणा' की रस्म कहा जाता था। इस खुशी में मकान बनाने वाला व्यक्ति शक्कर या बताशे बांटता था। भूमि पूजन के बाद नींव की खुदाई की जाती तथा उसके साथ ही नींव पत्थर स्थापित किया जाता था। उसे 'वास्तु रखना' कहा जाता। था। नींव की खुदाई कच्ची या पक्की जमीन देखकर की जाती। कच्ची जगह होने पर नींव तब तक खोदी जाती जब तक पक्की जमीन आ न जाए। उसमें बड़े व पक्के पत्थर डाले जाते। इसे 'नीऊं भरना कहा जाता था।

नींव जितनी पक्की होगी मकान भी उतना ही मजबूत होगा। यह एक लोक कहावत भी है। पत्थरों की चिनाई मिट्टी के गारे से की जाती थी। फुटभर की चिनाई के बाद लकड़ी से बनी दरवाजे की चौखट खड़ी की जाती थी, जबकि 3-4 फुट तक पत्थरों की चिनाई की जाती थी, ताकि भविष्य में बरसात की बौछार से दीवार खराब न हो। उसके बाद 'भीत-कांधा' का काम शुरू हो जाता था। लकड़ी के दो तख्त जो करीब सात-आठ फुट लंबे और एक-डेढ़ फुट चौड़े होते थे। उनको आपस में करीब डेढ़ से दो फुट की चौड़ाई में फिट किया जाता था। उनके एक सिरे को भी लकड़ी के टुकड़े से बंद किया जाता था। उक्त दो तख्तों को बैलों की तरह जोड़ा जाता था। तख्तों के नीचे तीन बांस के टुकड़े रखे जाते। उनके दोनों सिरों की ओर एक-एक छेद किया होता है। इसी तरह तख्तों के ऊपर भी तीन डंडे जोड़े जाते थे। ऊपर व नीचे के डंडों में डाले गए छेदों को बराबर करके अन्य तीन डंडों जो दोनों ओर से पैने किए हुए दोनों सिरों को ऊपर नीचे के डंडों में फिट करके दोनों तख्तों को सिकंजे की तरह कस देते थे। उन तख्तों को भीत कहा जाता है। दोनों भीतों की निर्धारित दूरी बनाए रखने के लिए उनके बीच में मोटे छोटे लकड़ी के डंडे जो उतने नाप के होते थे जितने नाप की मोटी दीवारें बनानी होती थी ।

बांस के डंडों से कसे भीतों के बीच नमी वाली मिट्टी डाली जाती थी। उस पर मुंगरियों (करीब एक फुट गोल व्यास की लकड़ी, जिसे पकड़ने के लिए हत्थी गढ़ी होती है) से चोटें करके मिट्टी को जाम किया जाता। जब वह भाग पक्का हो जाता तो उन तख्तों को उसी तरह आगे जोड़ा जाता। दीवारों के कोने बनाने के लिए भीत की चौड़ाई के माप की वर्गाकार की छोटी तख्ती लगाई जाती। उसे 'धड़ा' कहा जाता था। दीवार के बीच वाले भाग में धड़ा नहीं लगाया जाता था। चारों ओर दीवार खड़ी होने पर धड़े की स्थिति एक के ऊपर इकट्ठा एक इस ओर तथा दूसरी उस ओर होती थी। ताकि दीवार के कोनों में दाब आ सकें। इस प्रक्रिया को 'भीत कांधा' कहा जाता था। अब स्लैप वाले पक्के मकानों के प्रचलन बढ़ गया है। देखने में घास की छत बड़ी मनमोहक लगती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतवर्ष में आज भी वीआईपी कल्चर सिर चढ़कर बोल रहा



शांति गौतम
स्वतंत्र लेखक



देश के प्रधानमंत्री की पहल पर वीआईपी द्वारा रेड लाइट के प्रयोग पर पाबंदी लगी थी, लेकिन रेड लाइट तो हट गई और वीआईपी कल्चर में बढ़ोतरी हो गई है।

इस वीआईपी कल्चर के दुष्परिणाम रोज देखने को मिलते हैं। प्रतिष्ठित अखबार में छपे एक लेख के अनुसार कुछ दिन पहले पुरी में प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर की वार्षिक रथयात्रा के दौरान मची भगदड़ में कम से कम तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए। अखबार के अनुसार शुरुआती रिपोर्ट्स से पता चलता है कि भगदड़ वीआईपी के लिए विशेष प्रवेश द्वार की सुविधा के लिए एक प्रवेश बिंदु को अवरुद्ध करने के कारण हुई। यह पहली बार नहीं है कि तथाकथित वीआईपी के लिए विशेष व्यवस्था ने इस तरह की त्रासदी को जन्म दिया हो या आम जनता को बहुत असुविधा हुई हो। हाल ही में कुंभ मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को एक साथ मीलों पैदल चलना पड़ा, जबकि प्रभावशाली लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

इस व्यवस्था के अंतर्गत वीआईपी अपने निजी वाहनों द्वारा घाटों तक जा सकते थे।

भारत में नेताओ के लिए जिस तरह की बंदोबस्ती होती है वह किसी देश में देखने को नहीं मिलती है। काबिलेगौर है कि राज्यपालों और मंत्रियों के काफिले में दर्जनों चलती गाड़ियां आम बात है। जो हमेशा बहुत जल्दी में दिखते हैं। काफिले में एंबुलेंस और फायर टेंडर भी शामिल रहते हैं। आम नागरिकों के लिए लंबे समय तक यातायात अवरुद्ध रहता है, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है।

कभी- कभी तो ऐसा लगता है कि ट्रैफिक पुलिस का काम सिर्फ वीआईपी काफिले को सुगम रास्ता उपलब्ध करवाना है। कभी तो ट्रैफिक जाम में आपातकाल वाहनों को फंसे भी देखा जा सकता है। इस संदर्भ में सोलन को लेकर यह बात दर्ज करना अति आवश्यक है कि अभी हाल ही संपन्न माता शूलिनी मेले में हजारों लोगों ने शिरकत की और तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में इतनी भीड़ थी कि तिल रखने को जगह नहीं थी।

आमजन के लिए ट्रैफिक पूरी तरह बंद था। प्रदेश के मुख्यमंत्री इस मेले में बतौर मुख्य अतिथि पधारे थे। जब उन्होंने सोलन में प्रवेश किया तो उनके काफिले में 26 वाहन चल रहे थे। दिलचस्प बात है कि एंबुलेंस के अतिरिक्त पुलिस पायलट और एस्कार्ट्स की एक की जगह दो-दो गाड़ियां काफिले में थी। यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुने हुए मुख्यमंत्री द्वारा शाही अंदाज में राजसी ठाठ-बाट के प्रदर्शन के अतिरिक्त कुछ नहीं था। इसके साथ ही बड़े मिंया तो बड़े मिंया और छोटे मिंया सुबहानल्लाह की कहावत को चरितार्थ करते हुए भी सोलन के स्थानीय विधायक और हिमाचल सरकार के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शाडिंल भी आठ गाड़ियों के साथ मेले में घूम रहे थे। लेकिन ऐसा करने की पहल उन्ही लोगों को करनी होगी, जो ऐसे विशेषाधिकारों का आनंद ले रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

प्राकृतिक आपदा से सराज विधानसभा क्षेत्र के सरोआ कैंची से दारण, हंडोचा-कोटलू मार्ग पर भारी नुकसान

# रास्ता टूटने से तीन हजार की आबादी प्रभावित

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** समूचा हिमाचल 30 जून को हुई प्राकृतिक आपदा से ग्रस्त है। मगर सिराज विधानसभा क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। जिसे संवारने और सजाने में वर्षों लग जाएंगे। निचले सराज में भी इस बरसात ने जमकर तबाही मचाई है। मगर वे थुनाग, यानी अप्पर सिराज के आवाज में दबी रह गई। जिसमें ग्राम पंचायत कांडी सरोआ कैंची, दारण, हंडोचा और कोटलू गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

इन गांव को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क अनेकों स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे करीब 3 हजार आबादी प्रभावित हो रही है। बारिश का पानी दो नालों के रूप में उफान बन कर आए। जिसमे आसपास के खेत और रास्ते बह गए। खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई और कई परिवारों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। सबसे ज्यादा नुक्सान हंडोचा गांव के खेम चंद का हुआ है। जिसमें 10 लाख रुपये की शटरिंग वर्षा में खलीण नालों में आई बाढ़ की भेंट चढ़ गई है। लोगों का दुःख सांझा करते हुए स्वयं कांडी पंचायत के प्रधान नेत्र सिंह ने बताया कि उनकी पंचायत में 8 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। दरारें आई हैं जबकि कई लोगो के घरों के आंगन में दरारें आने से वे भयभीत हैं। कई लोगों के घरों में अभी तक मलबा भरा हुआ है और कई लोगों खेतों के ढंगे टूट चुके है।

प्रभावित परिवारों में शेर सिंह, बक्शी राम, तिलक राज, उत्तम चंद, जसपाल, विमला देवी, फते राम, जीत पाल और खेम चंद शामिल हैं। इसके अलावा पंचायत के अन्य गांवों के भी कई घर असुरक्षित हो गए हैं। दारण मिडल स्कूल की बिल्डिंग भी खतरे की जद में है इसका एक किनारा टूट गया है। स्कूल का ग्राउंड भी क्षतिग्रस्त हो चूका है। संपर्क मार्ग टूटने से राशन और जरूरत का सामान लोग पीठ पर लादकर दूर से ला रहे हैं। किसी को अब तक फौरी राहत नहीं मिली है। लोग डर के साये में जीने को मजबूर हैं। प्रभावितो ने बताया कि पटवारी और पंचायत प्रधान ने मौका पर आ कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है। लोगों ने तत्काल रास्ते की मुरम्मत और राहत राशि देने की मांग की है।


प्राकृतिक आपदा से सराज विधानसभा क्षेत्र के कांडा में नाले में तब्दील हुआ सड़क मार्ग।

# राहत के साथ अब त्रासदी से प्रभावित लोगों के पुनर्वास की दिशा में करना पड़ेगा काम : जयराम

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राहत के साथ-साथ अब इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के पुनर्वास की दिशा में साथ-साथ काम करना पड़ेगा। हम हिमाचल के हर आपदा प्रभावित के पुनर्वासन के लिए जी जान से जुटे हैं। आपदा प्रभावितों के हित की बात हम हर मंच से उठा रहे हैं आगे भी उठाते रहेंगे। यह तबाही इतनी बड़ी है कि बिना सबका साथ दिए इससे उबरना कठिन होगा। अभी भी बहुत जगह पर सड़के नहीं खुल पाई हैं, जनजीवन अस्त व्यस्त है। हजारों की संख्या में लोग आपदा राहत शिविरों में या अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लिए हुए हैं। ऐसे लोगों की घर वापसी भी सुनिश्चित करानी है। उन्हें सुरक्षित आशियाना देना, समय से आवश्यक सेवाएं और सुविधा देना भी हमारी जिम्मेदारी है।

जयराम ने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों को समय से सरकार की पुनर्वासन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। क्योंकि अभी बारिश की शुरुआत है आगे भी भारी बरसात की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। ऐसे में लोगों को सुरक्षित अस्थाई शरण और सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध करवाने में सरकार को तेजी लानी पड़ेगी। उन्होंने आपदा प्रभावितों के हक की आवाज को हर मंच पर प्रमुखता से उठाने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावितों के राहत कार्य व राहत सामग्री वितरण समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की और संबंधित लोगों को उचित निर्देश दिए।



## लोगों के नुकसान का संपूर्ण आंकड़ा दस्तावेजों के साथ किया जाए जारी

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में हजारों की संख्या में लोगों के घर बह गए हैं और हजारों की संख्या में ऐसे घर हैं जो आंशिक रूप से नष्ट हुए हैं लेकिन वह रहने लायक नहीं है। अभी तक सभी प्रभावितों का आधिकारिक आंकड़ा भी सामने नहीं आया है। इसलिए प्रदेश सरकार से मेरा आग्रह है कि लोगों के हुए नुकसान का संपूर्ण आंकड़ा दस्तावेजों के साथ जारी किया जाए। पुनर्वास और पुनर्निर्माण की योजनाओं को गति मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवा प्रोजेक्ट कमेटी गमधाल ने दिए 51 हजार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ध्वाली पंचायत के गमधाल शिवा बागवानी कलस्टर के बागवानों व अन्य गांववासियों ने स्याठी-नौणी आपदा प्रभावितों को 51 हजार रुपए की सहयोग राशि उन्हें नैना माता मंदिर त्रैम्बला धार में जाकर दी। शिवा बागवानी कलस्टर के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमचंद ठाकुर, देश राज, हंसराज, प्रभदयाल ठाकुर, राजेश कुमार, पूर्व चंद इत्यादि ने गमधाल गांव में 30 लोगों से यह सहयोग राशि एकत्रित की है और इसे प्रभावितों को हैंडओवर किया गया।ओमचंद और प्रभदयाल ने बताया कि ऐसी आपदा के समय धर्मपुर के ज्यादा से ज्यादा लोगों और संस्थाओं को प्रभावितों का सहयोग करना चाहिए।सहयोग के लिए कुमारी की प्रधान अति देवी, उपप्रधान रजनी देवी, सचिव नीलम कुमारी, कोषाध्यक्ष दीपकुमार, धनदेव, ललित कुमार, सलिता देवी इत्यादि ने उनका इस सहयोग के लिए धन्यवाद किया है।

### सराज के आपदा पीड़ितों को भेजी सहयोग राशि

**अनंत ज्ञान, बरोट।** आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पूरे प्रदेश से राहत सामग्री भाजपा के जिलों व मंडलों के माध्यम से लगातार भेजी जा रही है। इसी क्रम में द्रंग क्षेत्र की चौहार घाटी के लोगों ने भी सराज क्षेत्र के आपदा पीड़ितों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। बरोट पंचायत के बलवीर ठाकुर, प्रेम कुमार, कृष्ण कुमार और प्यार चंद ने जानकारी दी कि सराज क्षेत्र में आई आपदा और वहां पीड़ित परिवारों की पीड़ा को देखते हुए उन्होंने बरोट पंचायत के अंतर्गत आने वाले बरोट, लंबाडग मार्किट तथा लक्कड़ बाजार के व्यापारियों सहित इन बाजारों और आसपास के गांवों के दानी सज्जनों से स्वेच्छा से अंशदान करने की अपील की। सभी के सहयोग से कुल 41,270 रुपए की धनराशि एकत्रित की गई है। इस राशि को मंगलवार को द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्ण ठाकुर के माध्यम से सराज क्षेत्र के उन दुर्गम गांवों में भेजा गया है ।

### 20,000 की राशि सहित भेजी राहत सामग्री

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सराज घाटी में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने सैकड़ों परिवारों को बेघर और असहाय कर दिया है। इस संकट की घड़ी में गुरु इंटरनेशनल एलएमएस, जोगिंद्रनगर ने मानवीयता और सामाजिक सरोकार का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर आपदा पीड़ितों के लिए नगद व सामग्री सहायता एकत्र की। विद्यालय की ओर से 20,000 रुपए की नकद राशि के साथ-साथ राशन सामग्री, पहनने के कपड़े, बर्तन, सैनिटरी नैपकिन, साबुन और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं जुटाई गईं। यह संपूर्ण सामग्री स्थानीय प्रशासन को सौंपकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष एवं राहत शिविरों तक पहुंचाई गई।

### कौशल विकास के प्रति युवा किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंदरनगर में मंगलवार को 'विश्व युवा कौशल दिवस' के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा सेवाएं एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में मेरा युवा भारत संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निशा वैद्य ने की। इस अवसर पर प्रो. श्रवण डोगरा, प्रो. मोहिनी, माय भारत के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रद्युमन, तनीषा ठाकुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा शिव वालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में शिव वालिया ने युवाओं से अपने कौशल विकास पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल को अपनाना आज के दौर में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नशा मुक्ति और साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत मुद्दों पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### लॉड्र्स कान्वेंट के 3 छात्र शिमला से करेंगे बीटेक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय पाठशाला लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय देते हुए यूआईटी शिमला की बीटेक प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के तीन छात्रों में इस परीक्षा को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है। प्रवेश परीक्षा में शानदार अंकों के साथ एंजेलीन बन्याल ने कंप्यूटर साइंस,श्रद्धा शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, अक्षत ठाकुर ने इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। तीनों छात्र अब यूआईटी शिमला से अपनी बीटेक की डिग्री पूरी करेंगे। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया तीनों छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक लेकर लॉर्ड्स कॉन्वेंट से पास की है।

### सुंदरनगर में 'पासपोर्ट टू अर्निंग' कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में 'पासपोर्ट टू अर्निंग' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो यूनिसेफ द्वारा जेनरेशन अनलिमिटेड की साझेदारी में विकसित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्रों को डिजिटल रोजगार व वित्तीय साक्षरता के क्षेत्र में दक्ष बनाने के लिए संचालित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. खुशवंत सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्य रूप से 14 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं को लक्षित करता है। कार्यक्रम के तहत छात्रों को प्रमाणित डिजिटल प्रशिक्षण, रोजगार की संभावनाएं और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। इससे उन्हें न केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काम करने का अवसर मिलेगा, बल्कि वे स्वरोजगार की दिशा में भी सशक्त बन सकेंगे।

## स्याठी में पीड़ितों को दिए 50 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जीवन बीमा निगम की सरकाघाट शाखा ने स्याठी के आपदा पीड़ितों को पचास हजार रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करवाई। निगम की सरकाघाट शाखा प्रबंधक की अगुआई में विकास अधिकारी पुष्पेंद्र राजपूत सहित तीन अन्य विकास अधिकारियों व वरिष्ठ अभिकर्ता नेतर सिंह राज कुमार, कालिदास, प्रवीण शर्मा के साथ स्याठी जाकर आपदा पीड़ितों से मुलाकात करते हुए उनका दुख दर्द साझा किया और प्रत्येक प्रभावित को पचीस सौ रुपये की सहायता राशि 20 प्रतिभागिओं में बांटी। शाखा प्रबंधक ने कहा कि ये राशि कोई बहुत बड़ी राशि नहीं है, लेकिन सभी लोग व सामाजिक संस्थाए इस तरह से बुंद-बुंद इस घड़े में डालेंगी तो एक दिन जरूर इन उजड़े परिवारों के आशियाने जरूर बनकर तैयार होंगे।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्य जोरों पर: शांडिल

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मंडी जिला के थुनाग, करसोग, गोहर व धर्मपुर उपमंडलों में बादल फटने के कारण बाढ़ एवं भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्य जोरों पर है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा के 24 घंटों के भीतर धर्मपुर के स्याठी गांव में पहुंचकर प्रभावितों को ढांढ़स बंधाया और नुकसान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इसी दिन सराज क्षेत्र में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण भी किया। उन्होंने बताया जिला में अभी तक 3 हजार 657 राशन किट प्रभावित क्षेत्रों में भेजी जा चुकी हैं। इसके अलावा 6 हजार 659 तिरपाल, 1,175 कंबल, 401 गद्दे, 90 हाइजीन किट, किचन सेट, आवश्यक दवाएं, रेडी टू ईट खाद्य सामग्री, पेयजल बोतलें, पहनने के कपड़ों सहित अन्य वस्तुएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने संवेदनशील नेतृत्व का परिचय देते हुए प्रदेश सरकार की ओर से बेघर लोगों को छह माह तक पांच हजार रुपए मकान किराए के रूप में देने का निर्णय लिया है। जिला में आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता के रूप में 51 लाख 78 हजार रुपए की राहत राशि दी गई है। इसमें से थुनाग क्षेत्र में लगभग 39 लाख रुपए की तत्काल राहत राशि प्रभावितों को वितरित की गई है।

## हिमाचल को मिलेंगे 200 नए विशेषज्ञों सहित चिकित्सक

**प्रदेश** में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने को लेकर विशेषज्ञों सहित चिकित्सकों के 200 पद भरे जाएंगे। जुलाई अंत तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। अगस्त के बाद इसे ही और पदों को भरने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया जाएगा। प्रदेश सरकार प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयासरत है।

# स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने भरनाल में बाल गृह का दौरा कर जानी समस्याएं

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने मंगलवार को सरकाघाट उपमंडल स्थित भरनाल में दीनबंधु सेवा मंडल द्वारा संचालित बाल गृह का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना और उनके रहन-सहन तथा शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने बच्चों से बातचीत के दौरान उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और भविष्य में भी उनकी जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी।

डॉ. शांडिल ने बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास को ध्यान में रखते हुए अपने ऐच्छिक कोष से 51,000 रुपए की राशि बाल गृह को प्रदान करने की घोषणा की। यह राशि बच्चों के मनोरंजन व रचनात्मक गतिविधियों के लिए उपयोग की जाएगी । इस अवसर पर उन्होंने बाल गृह में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्यों के निर्देश दिए। कार्यक्रम में निदेशक स्वास्थ्य (अतिरिक्त कार्यभार) डॉ. गोपाल बेरी, एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, डीएसपी संजीव गौतम, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपाली शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी समीर एवं संस्था के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।


भरनाल में दीनबंधु सेवा मंडल द्वारा संचालित बाल गृह का दौरा करने के दौरान स्वास्थ्य मंत्री व अन्य।

## दो पीड़ित परिवारों को दी चार लाख की बीमा राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल ग्रामीण बैंक शाखा बरयारा ने जिला मंडी के तहत आने वाले एक पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान किया है। जानकारी के अनुसार केसर सिंह (50), जो गांव बड़गांव कसान तहसील मंडी के निवासी थे, कि मृत्यु 28 जनवरी को पहाड़ से फिसलकर सड़क में गिरने के कारण हो गई थी। बैंक ने इंद्रा देवी पत्नि केसर सिंह के खाते में 2 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान किया। केसर सिंह ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपए का बीमा करवाया था, जिसका लाभ अब उनके परिवार को मिला है।

एक अन्य मामले में शेर सिंह (66) जो गांव बीर तहसील मंडी के निवासी थे, कि मृत्यु 5 नवंबर 2024 को बकरी चराते समय पहाड़ से फिसलकर गिर जाने के कारण हो गई थी। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बरयारा ने सूती देवी पत्नि शेर सिंह के खाते में 2 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान किया। शेर सिंह ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपये का बीमा करवाया था, जिसका लाभ अब उनके परिवार को मिला है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संदीप कुमार के साथ उनके सहकर्मी अमन उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति की हो भरपाई

## डीसी से मिला भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल, सीएम को भेजा ज्ञापन

आदर्श, अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** मंडी जिला में प्राकृतिक आपदा के कारण हुई जान माल की क्षति व भूस्खलन से प्रभावित किसानों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार प्रभावी कदम उठाना सुनिश्चित करें इसके लिए भारतीय किसान संघ ने उपायुक्त मंडी के माध्यम से सीएम सुक्खू को एक ज्ञापन भेज कर आपदा प्रभावित किसानों की समस्याओं को उठाया है। मंगलवार को भारतीय किसान संघ मंडी जिला इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले को लेकर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को इन किसानों की मांगों को लेकर एक ज्ञापन भेजा जिसकी प्रतिलिपि पीएम मोदी को भी किसान संघ ने प्रेषित की है। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से गत 30 जून 2025 को जिला मंडी में प्राकृतिक आपदा के कारण जिन किसानों का जीवन समाप्त हो गया है उन किसानों के आश्रितों को उचित मुआवजा देने और जो किसान अभी भी लापता है उन्हें तलाशने के लिए सरकार से अभियान चलाने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे किसान संघ के जिलाध्यक्ष रोशन लाल सैनी ने बताया कि इस त्रासदी में बहुत से किसानों के घर उजड़ गए हैं। गौशालाएं व मावेशीए बह गए हैं। ऐसे किसानों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। जिन किसानों की नगदी फसल, कृषि व बागवानी योग्य भूमि बह गई है उन्हें भूमि उपलब्ध करवाई जाए। भारतीय किसान संघ ने प्रदेश सरकार से मंत्रिमंडल की बैठक में इस भयंकर त्रासदी को प्राकृतिक आपदा घोषित करके केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने तथा केंद्र सरकार से इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करके विशेष आर्थिक मदद प्रदान करने की मांग की है।


भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मंडी को ज्ञापन सौंपता हुआ।

## पुलिस थाने में दी पत्नी के लापता होने की शिकायत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के तहत आने वाले गांव पनिहौर जवराली डाकघर रखोह तहसील सरकाघाट मंडी निवासी कुशाल कुमार पुत्र प्रीतम सिंह ने पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट सरकाघाट थाना में दर्ज की करवाई है। इस संबंध में कुशाल कुमार ने थाने में शिकायत दी कि उसकी पत्नी बिना बताए घर से कहीं चली गई है और अब तक वापस नहीं लौटी है।

शिकायत के अनुसार, कुशाल कुमार की पत्नी 10 जुलाई को अपने मायके गई थी। वहां पर उसकी माता-पिता से मुलाकात के बाद वह घर लौटने वाली थी, लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजन चिंतित हो उठे। अगले दिन जब परिजनों ने खोजबीन की तो उसका कुछ पता नहीं चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकाघाट थाना पुलिस ने महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस ने महिला की जानकारी संबंधित थानों को भी भेज दी है। साथ ही मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर जांच की जा रही है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि महिला की तलाश के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

यौन व मानसिक उत्पीड़न से परेशान छात्रा के आत्मदाह का मामला

# एनएसयूआई ने जलाया सीएम माझी का पुतला

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**उड़ीसा** के बालासोर जिले में एक होनहार छात्रा द्वारा यौन और मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर आत्मदाह कर लेने की हृदयविदारक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई जिला मंडी इकाई के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अनित जसवाल की अध्यक्षता में सुंदरनगर में विरोध प्रदर्शन किया व उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का पुतला जलाया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि यह घटना सिर्फ एक छात्रा की मौत नहीं, बल्कि यह ओडिशा की भाजपा सरकार और शिक्षा व्यवस्था की शर्मनाक असफलता को दर्शाती है। पीड़िता ने कई बार कॉलेज प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन न तो उसकी बात सुनी गई और न ही आरोपी शिक्षक पर कोई ठोस कार्रवाई की गई। आखिरकार न्याय की उम्मीद छोड़कर उसने अपने शरीर को आग के हवाले कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जो राज्य की शासन व्यवस्था को दर्शाता है। हमारी स्पष्ट मांग है कि इस पूरे मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच करवाई जाए, आरोपी शिक्षक और लापरवाह कॉलेज प्रशासन पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो, पीड़िता के परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता दी जाए व देशभर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में महिला सुरक्षा के लिए एक ठोस निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए।


एनएसयूआई ओडिशा भाजपा के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए।

## मुल्थान-बड़ाग्रां सड़क की मांग ने फिर पकड़ा जोर

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बैजनाथ उपमंडल की छोटाभंगाल घाटी के लोगों ने इन दिनों मुल्थान-बड़ाग्रां सड़क मार्ग को डेढ़लैन बनाने की मांग को लेकर आवाज बुलंद कर दी है। यह 16 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग मुल्थान, कोठी कोहड़, बड़ा ग्रां, घड़सा, राजगुंधा और विश्वप्रसिद्ध बिल्लिंग पैराग्लाइडिंग स्थल को बीड़ से जोड़ता है स्थानीय लोगों का कहना है कि बरोट जैसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल से राजगुंधा की ओर जाने वाले सैलानियों की संख्या में दिन-ब-दिन वृद्धि हो रही है। सुरजीत सिंह, प्यार चंद, दर्शन कुमार, देश राज, रूप लाल, पूर्ण चंद, जसवंत सिंह व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब पर्यटक बरोट से निकलकर इस सड़क मार्ग से राजगुंधा की ओर बढ़ते हैं तो उन्हें बार-बार जाम और असुविधा का सामना करना पड़ता है। धर्मशाला से आने वाले पर्यटक बीड़-बिल्लिंग होकर राजगुंधा पहुंचते हैं और वहां से बड़ाग्रां-मुल्थान होकर बरोट व मंडी की ओर लौटते हैं। इसी तरह मंडी से आने वाले पर्यटक पहले बरोट आते हैं और फिर राजगुंधा जाकर बीड़ के रास्ते धर्मशाला निकलते हैं। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि इस मार्ग को जल्द डेढ़लैन किया जाए ताकि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके और यातायात सुविधाएं बेहतर हों।

# महादेव के शिव मंदिर प्रांगण में आवारा कुत्तों का आतंक


महादेव में कुत्तों का आतंक, लोगों ने प्रशासन से की समस्या को हल करने की मांग।

भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान

**महादेव।** एक ओर जहां पिछले कई वर्षों से बेसहारा पशुओं से लोग परेशानी झेल रहे हैं, वहीं नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते गांव महादेव के प्राचीन शिव मंदिर (शंभू नाथ मंदिर) के पास आवारा कुत्तों के आतंक से स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि आजकल सावन माह चल रहा है, जिससे शिव मंदिरों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में अगर कहीं से अचानक बेसहारा पशु व कुत्ते आदि सामने आ जाते हैं तो स्वाभाविक है कि एक डर का माहौल बन जाता है। नियमित पूजा और पीपल की परिक्रमा करने सहित अन्य धार्मिक कर्म कांडों में खलल पड़ जाता है। लोगों ने महादेव की ग्राम पंचायत व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बेसहारा पशुओं व आवारा कुत्तों से निजात दिलाई जाए।

# पेंशनरों ने की प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने की निंदा

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**बिजली** बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर इकाई की बैठक का आयोजन सुंदरनगर के सुकेत सिनेमा परिसर में प्रधान केएस जम्वाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विद्युत परिषद से सेवानिवृत्त इंजीनियर्ज, अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

बैठक में सदस्यों ने हाल ही में विद्युत परिषद प्रबंधन द्वारा बोर्ड के मुख्यालय के बाहर एवं विद्युत परिषद के सभी क्षेत्रीय कार्यालय के परिसरों के बाहर कर्मचारियों एवं सेवानिवृत पेंशनर्ज द्वारा अपनी लंबित समस्याओं की अनदेखी के विरोध में किसी भी प्रकार के शांतिप्रिय प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगाने की कड़ी निंदा की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केएस जम्वाल व महासचिव सोहन सिंह चौहान ने कहा कि हाल ही में बोर्ड को विघटित करने तथा कर्मचारियों के विरुद्ध दमनात्मक रवैये के विरोध में एकजुटता के लिए धर्मशाला में एक बड़ी बिजली पंचायत का शांतिप्रिय आयोजन किया था, जिससे घबराकर विद्युत परिषद ने हड़बड़ी में यह तानाशाही आदेश पारित करके प्रदेश में एक नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है।

बैठक में सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर केडी खोसला, आरपी धीमान, एसएस दैहल, पवन शर्मा, सतीश ठाकुर, जेपी गुप्ता, यू के राणा, एनडी वालिया, भाल चंद्र शर्मा, मनोज गुप्ता, विमल शर्मा, कपूर सिंह, खुशाल शर्मा, पीके शर्मा, सुख लाल कश्यप, बालक राम, महेंद्र सिंह, गौरी राम ठाकुर, परस राम, सरला देवी, गंगा राम, खूब राम, राज कुमार, खीमा राम ठाकुर, चैत्र राम शर्मा, राम दास, अमर जीत सिंह, पृथ्वी राज पराशर, शेर सिंह ठाकुर,देवेंद्र चौहान, रती राम, श्याम लाल, भगतराम, कृष्ण कुमार शर्मा, योगेश प्रकाश, प्रेम सिंह, लेख राम, अमर सिंह, जय सिंह, मुनी लाल, लक्ष्मी दास,इंद्र ठाकुर व राम सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित हे।


बैठक के दौरान बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर के सदस्य।

**कार्यशाला** डीएवी स्कूल जवाहर नगर मंडी में तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न, 14 स्कूलों के प्राध्यापक व प्रधानाचार्य हुए शामिल

# शिक्षण-अधिगम को आधुनिक व प्रभावशाली बनाने पर फोकस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**डीएवी** सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में पीजीटी वर्ग के प्राध्यापकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण-अधिगम को प्रभावशाली, आधुनिक तथा विद्यार्थियों के अनुकूल बनाना था। एआरओ एचपी डीएवी जोन सी केएस गुलेरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में डीएवी मंडी, मनाली, कुल्लू, कटराइ, सुंदरनगर, गोहर, नेरचौक, बिलासपुर, घुमारवीं, जोगिंद्रनगर, झबोला, जामथल, लझियानी व ग्रियोह सहित 14 डीएवी विद्यालयों के प्राध्यापक व प्रधानाचार्य शामिल हुए।

कार्यशाला के प्रथम दिन कॉमन सेशन में डीएवी गोहर के प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर शर्मा ने 'वैल्यू एवं एथिक्स' विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस दौरान डीएवी कटराई की प्रधानाचार्य चंद्रिका, डीएवी जमथल की प्रधानाचार्य दीपिका, डीएवी जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, डीएवी झबोला के प्रधानाचार्य रवि कारवां सहित समस्त प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे। दूसरे दिन की शुरुआत भी एक कॉमन सेशन से हुई, जिसमें डीएवी कटराई की प्रधानाचार्य चंद्रिका मल्होत्रा ने 'मेंटल हेल्थ एवं वेलनेस' विषय पर और डीएवी जमथल की प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने 'जेंडर सेंसटिविटी' विषय पर विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद सभी विषय विशेषज्ञों ने अपने-अपने वेन्यू में जाकर सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त रिसोर्स पर्सन के साथ मिलकर शिक्षण संबंधी समस्याओं एवं उनके समाधानों पर चर्चा की। इस दौरान कक्षा-कक्ष, विद्यार्थियों एवं विषय से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों को समझा गया और समाधान प्रस्तुत किए गए। तीसरे व अंतिम दिन का आयोजन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। इस दिन मुख्य अतिथि के रूप में एआरओ डीएवी जोन एफ व प्रधानाचार्य डीएवी अंबोटा नमित शर्मा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में डीएवी नादौन के प्रधानाचार्य सुरजीत राणा, डीएवी हमीरपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र ठाकुर व डीएवी लझियानी के प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कॉमन सेशन में डीएवी जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर तथा डीएवी झबोला के प्रधानाचार्य रवि कारवां ने 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसी सत्र में सीबीएसई के अनुभवी रिसोर्स पर्सन अमिता शर्मा, सुशील ठाकुर एवं शिवांगी ने भी अपने-अपने विषयों पर शिक्षकों को नवाचार एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की।

समापन अवसर पर एआरओ केएस गुलेरिया ने इस कार्यशाला को सफल बताते हुए कहा कि डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति नई दिल्ली एवं सेंट्रल बोर्ड ऑफ स्कूल मैनेजमेंट के निर्देशानुसार इस प्रकार की कार्यशालाएं प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित की जाती हैं । उन्होंने मुख्यातिथि नामित शर्मा सहित सभी प्रधानाचार्यों, रिसोर्स पर्सन एवं प्रतिभागी प्राध्यापकों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।


अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी दरबार में रत्न जड़ित मुकुट चढ़ाया



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के धार्मिक शक्तिपीठ में एक श्रद्धालु ने मां के दरबार में रत्न जड़ित मुकुट चढ़ाया है। गुजरात के वडोदरा से आए कौशल सेकड़ी ने मां चिंतपूर्णी के चरणों में यह बहुमूल्य मुकुट अर्पित किया है। कौशल सेकड़ी पिछले 12 वर्ष से सावन के महीने में मां के दर्शनों के लिए आते हैं और अपनी इच्छा शक्ति के अनुसार इस महीने में मां के चरणों में कुछ न कुछ भेंट करते हैं। मंदिर के पुजारी रोहन कालिया ने कौशल सेकड़ी और उनके परिवार को मंत्र उच्चारण के साथ पूरी विधि विधान सहित पूजा-अर्चना करवाई। कौशल सेकड़ी ने कहा कि मैं और मेरा पूरा परिवार मां चिंतपूर्णी के चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हैं, जिन्होंने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

### टिप्पर और बस की टक्कर में चार घायल



**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** रविवार देर रात ऊना-अंब हाईवे पर कुठियाड़ी के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जिला कांगड़ा के बीड़ बिलिंग से दिल्ली जा रही एक लग्जरी बस आगे चल रहे एक ट्राला (टिप्पर) से टकरा गई। जानकारी अनुसार रविवार रात करीब 11:30 बजे कुठियाड़ी के पास, ट्राला के सामने अचानक एक नीलगाय आ गई। ट्राला चालक ने नीलगाय को बचाने के लिए तेजी से ब्रेक लगाए और वाहन को मोड़ने का प्रयास किया। ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक सफेदे के पेड़ से जा टकराया। ठीक उसी समय पीछे से आ रही वॉल्वो बस भी अनियंत्रित ट्राला से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार यात्री बुरी तरह सहम गए। दुर्घटना में बस में सवार चार यात्री घायल हो गए। घायलों में रक्कड़ की एक महिला, हमीरपुर निवासी गौरव ठाकुर, मंडी के लड़भड़ोल निवासी अशोक कुमार और बस चालक शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब लाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई। बस में 35 यात्री सवार थे। हादसे के बाद वॉल्वो कंपनी ने तुरंत वैकल्पिक बसों की व्यवस्था की और सभी यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारु किया।

### सर्व समाज ने सीएम राहत कोष में दिए 12,501 रुपए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की पावन भूमि से सामाजिक समरसता और मानवीय करुणा का सशक्त संदेश पूरे प्रदेश को दिया। मंडी जिले के थुनाग क्षेत्र में आई भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सर्व समाज ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 12,501 का आर्थिक योगदान प्रदान कर सच्ची सेवा भावना का परिचय दिया। कार्यकारी एसडीएम अमित शर्मा को ये राशि चेक के माध्यम से दी गई। इस मौके पर आचार्य सुनील, पंडित दीपक शर्मा, पंडित जियालाल, अजय शर्मा, दिलबाग सिंह, शिव कुमार, साहिल शर्मा एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। पंडित दीपक शर्मा और पंडित शिव कुमार ने कहा कि मंडी प्रभावितों के लिए हमारी एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। कार्यकारी एसडीएम अमित शर्मा ने सर्व समाज के इस सहयोग की प्रशंसा की।

### डठवाड़ा स्कूल में दांतों को स्वच्छ रखने के दिए टिप्स

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** हिमडेंट फाउंडेशन के 'स्माइलिंग स्कूल प्रोग्राम' समग्र शिक्षा के साथ हुए समझौते में ब्लॉक जोल के राजकीय प्राथमिक विद्यालय डठवाड़ा में दो दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन हुआ। इस शिविर में 24 विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया, जिसमें से लगभग 19 बच्चों के दांतों में 38 पक्की भराई (फिलिंग्स) की गईं। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आदित्य वोहरा और उनकी टीम ने बच्चों को भविष्य में अपने दांतों की देखभाल कैसे करें, इसकी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान विद्यालय के मुख्य शिक्षक मनोज कुमार एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### मंडी प्रभावितों के लिए ऊना से राहत सामग्री रवाना



**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाढ़ प्रभावित मंडी जिले के सिराज क्षेत्र के परिवारों के लिए राहत भेजकर ऊना जिले ने एक एकजुटता और मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। हरोली ब्लॉक उद्योग संघ टाहलीवाल द्वारा एकत्रित राहत सामग्री और आवश्यक सामान से भरे वाहन को आज मंडी जिले के प्रभावितों के लिए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने संघ की सामाजिक जिम्मेदारी और आपदा के समय सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। डीसी जतिन लाल ने कहा कि स्थानीय संगठनों की इस प्रकार की सक्रिय भागीदारी न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह संकट की घड़ी में समाज की एकजुटता और करुणा का सशक्त उदाहरण भी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों और संगठनों से आगे आकर राहत प्रयासों में योगदान देने की अपील की ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र सहायता मिल सके। गौरतलब है कि जिला ऊना प्रशासन, सामाजिक संस्थाएं और औद्योगिक प्रतिष्ठान मिलकर मंडी जिले के प्रभावित क्षेत्रों तक राहत पहुंचाने में निरंतर जुटे हुए हैं।

### अंबेहड़ा स्कूल में एनसीसी इकाई का गठन

**अनंत ज्ञान, जोल।** उप तहसील जोल के तहत पड़ती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्बेहड़ा में सत्र 2025-26 के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय कैडिट कोर इकाई ऊना द्वारा भर्ती अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत इस सत्र में कक्षा नवम के 25 कैडेट्स का चयन किया गया है। राष्ट्रीय कैडिट कोर इकाई (एनसीसी) कंपनी के कार्यालय से हवलदार गुरदीप सिंह द्वारा शारीरिक परीक्षण के उपरांत 25 कैडेट्स के चयन की सूची जारी कर दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विभाग व सरकार एवं कंपनी कमांडेड ऊना का इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने बताया कि विद्यालय द्वारा 2007 से यह मांग जारी थी।

### धार्मिक गुरु को बदनाम करने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** धर्म गुरु रामपाल महाराज के भक्तों ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया इन्फ्लेंसर हिमांशु जोशी के खिलाफ ऊना पुलिस को एक शिकायत सौंपी है। इस शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि हिमांशु जोशी ने उनके धर्म गुरु को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा है। आरोपित ने पहले 20 मार्च और उसके बाद एक अप्रैल और भी अप्रैल को आपत्तिजनक पोस्ट डालकर भक्तों की भावनाओं को आहत किया है। इन लोगों ने एएसपी ऊना संजीव भाटिया को शिकायत पत्र देते हुए हिमांशु जोशी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की सिफारिश की है।

# अवैध कटान का मामला गर्माया

## जिला परिषद की बैठक में उठा कुटलैहड़ क्षेत्र के रामगढ़ धार में खैर के पेड़ों को काटने का मुद्दा

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



जिला परिषद की बैठक में उपस्थित कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा और अन्य सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

**ऊना।** जिला ऊना की जिला परिषद बैठक में मंगलवार को कुटलैहड़ क्षेत्र के रामगढ़ धार को रामगढ़ बीट अंतर्गत गांव गहरा में हुए खैर के अवैध कटान का मामला गर्मा गया। जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने इस गंभीर विषय को उठाते हुए वन विभाग के वन रक्षक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि खैर के पेड़ों के इस सुनियोजित अवैध कटान में विभाग के ही कर्मचारी संलिप्त हो सकते हैं और इसकी गहन जांच जरूरी है। कृष्ण पाल शर्मा ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि गहरा गांव में बड़े पैमाने पर खैर के पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। इसमें स्थानीय वन रक्षक की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

हमें यह जानना जरूरी है कि विभाग ने इस दिशा में अब तक क्या कार्रवाई की है। केवल स्थानांतरण से जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। उन्होंने कहा कि यह केवल एक वन्य अपराध नहीं है, बल्कि पूरे वन तंत्र की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला मामला है। कृष्ण पाल शर्मा ने यह भी पूछा कि क्या रामगढ़ धार के थानाकलां क्षेत्र में हुए खैर कटान में भी उसी वन रक्षक की संलिप्तता रही है ?

> **स्थानीय जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा ने पूछा, वन रक्षक पर क्या हुई कार्रवाई?**

**डीएफओ सुशील राणा ने बैठक में दी जानकारी :** जिला वन पर्यवेक्षक अधिकारी ऊना सुशील राणा ने बैठक में जवाब देते हुए बताया कि गहरा गांव में खैर के अवैध कटान की शिकायत पर विभाग ने त्वरित संज्ञान लिया है। प्रारंभिक जांच में अवैध कटान की पुष्टि हुई है और इस सिलसिले में कुछ वन काटुओं को गिरफ्तार भी किया गया है।

सुशील राणा ने बताया कि इस प्रकरण में जिस वन रक्षक पर संलिप्तता का संदेह है, उसे तत्काल प्रभाव से गगरेट फॉरेस्ट चेक पोस्ट पर स्थानांतरित कर दिया गया है। उसके विरुद्ध विभागीय जांच भी आरंभ कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त वन रक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें उसे अपनी भूमिका स्पष्ट करने के लिए जवाब मांगा गया है। सुशील राणा ने आश्वासन दिया कि वन रक्षक के जवाब का मूल्यांकन करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**विजिलेंस जांच की मांग**

जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने यह भी मांग रखी कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष विजिलेंस जांच होनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि किन-किन लोगों की मिलीभगत से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई संभव हो पाई। उन्होंने कहा कि यह केवल एक बीट तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि संभव है कि इसमें बड़े नेटवर्क की भूमिका हो। खैर की लकड़ी की अवैध तस्करी वर्षों से चल रही है, लेकिन इसमें विभागीय चूक भी नजर आती है। ऐसे में जब तक पूरी पारदर्शिता से जांच नहीं होती, तब तक दोषियों को पकड़ना मुश्किल होगा।

# मनोरंजन कालिया ने मां चिंतपूर्णी के दर्शन कर प्राप्त किया आशीर्वाद



पंजाब भाजपा के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के साथ मंदिर अधिकारी और अन्य।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में मंगलवार को पंजाब भाजपा के दिग्गज नेता एवं पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया ने मां चिंतपूर्णी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुजारी नवीन कालिया ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई और उन्हें माता की चुनरी भेंट स्वरूप प्रदान की। मनोरंजन कालिया एक प्रसिद्ध राजनेता हैं, जिन्होंने पंजाब की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और पूर्व में मंत्री पद पर रह चुके हैं। उनकी गिनती पार्टी के शीर्ष नेताओं में होती है।

पूजा-अर्चना करने के बाद मनोरंजन कालिया ने बताया कि चिंतपूर्णी मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। श्रद्धालु मां की पावन पिंडी के दर्शन कर यहां पर हर प्रकार की अपनी मनोकामना पूरी करने पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब की जनता के खुशहाल और मंगल जीवन के लिए उन्होंने मां के चरणों में अरदास की है।

**आस्था और विश्वास :** मनोरंजन कालिया का मां चिंतपूर्णी के प्रति आस्था और विश्वास दर्शाता है कि कैसे राजनीतिक जीवन में भी धार्मिक मूल्यों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। उनकी इस यात्रा ने एक बार फिर से मां चिंतपूर्णी के प्रति लोगों की आस्था को प्रदर्शित किया है।

**उपस्थिति :** इस अवसर पर उनके साथ मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल, सहायक अभियंता आर के जसवाल आदि उपस्थित रहे।

# अमृतसर में होगा अखिल भारतीय सामाजिक संस्था का अधिवेशन



हिमाचल प्रदेश निष्काम सभा अमृतसर की कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित सदस्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश निष्काम सभा अमृतसर की कार्यकारिणी की बैठक हिम लोक मंदिर फतेह सिंह कॉलोनी अमृतसर में हुई, जिसमें संस्था के सभी संरक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान तिलक राज शर्मा ने कहा कि उनकी सभा का उद्देश्य सामाजिक व धार्मिक आयोजन करने के साथ साथ लोगों में भ्रातृभाव को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि उनकी संस्था अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ नई दिल्ली के साथ संबद्ध है व संस्था का भविष्य में कई सामाजिक कार्य शुरू करने का विचार है। इस अवसर पर अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ के महासचिव अधिवक्ता राकेश कुमार शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि संघ की अर्धवार्षिक बैठक इस बार निष्काम सभा अमृतसर की मेजबानी में अमृतसर में होगी। उन्होंने कहा कि इसमें देश के विभिन्न राज्यों में कार्य कर रही 40 से 45 हिमाचली सामाजिक संस्थाओं के सदस्य भाग लेंगे जिसमें समाज में फैली कुरीतियों के उन्मूलन और गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए चर्चा होगी।

ये सामाजिक संस्थाएं पूरे देश के विभिन्न भागों में समाज हित में कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर तिलक राज शर्मा, जय गोपाल शर्मा, शाम लाल चौहान, अश्वनी कुमार शर्मा, शमशेर सिंह ठाकुर, संजय कुमार शर्मा, लेख राज शर्मा, काली दास शर्मा आदि मौजूद थे।

# युवक की सांप के काटने से मौत

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** डुहल भटवाला पंचायत के धलवाड़ी गांव में एक युवक की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय कुमार (28 वर्ष) पुत्र विजय कुमार के रूप में हुई है। अजय कुमार सोमवार दोपहर बाद अपने पशुओं को घास चराते समय सांप के काटने से घायल हो गया। इसके बाद उसे सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रीजनल हॉस्पिटल ऊना रैफर कर दिया गया।

हालांकि, परिवार ने उसे होशियारपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाने का फैसला किया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। हॉस्पिटल द्वारा युवक के शव को परिवार के सदस्यों के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पंचायत प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि इस घटना से गांव में शोक की लहर है और परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने के लिए लोग पहुंच रहे हैं।

# 25 करोड़ की लागत से बनने वाली 24 किमी सड़क का शुभारंभ



विधायक 24 किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए, साथ हैं अन्य।

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विधायक विवेक शर्मा ने मंगलवार को कुटलैहड़ के बसाल पुली से नंगल सलांगड़ी एवं लुहारड़ी से लेकर धमांदरी तक बनने वाली 24 किमी लंबी सड़क परियोजना के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

इस सड़क का निर्माण नवीनतम कंक्रीट और सीमेंट तकनीक से किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 25 करोड़ है। यह परियोजना न केवल भौगोलिक रूप से क्षेत्र को जोड़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए सुविधाएं और संभावनाएं भी बढ़ाएगी। इस सड़क की मांग वर्षों से स्थानीय जनता द्वारा की जा रही थी।

खराब और संकरी सड़कों के चलते लोगों को परिवहन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विधायक ने लोगों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए इसे मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने भी तत्काल प्रभाव से 25 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी। निर्माण के दौरान पर्यावरण संतुलन और जल निकासी की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी।

# हर घर पहुंचाए जाएंगे पांच पौधे : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के मुच्छाली जिला पार्षद वार्ड के अंतर्गत आने वाली हर पंचायत और गांव में 20 जुलाई से विशेष पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान के तहत प्रत्येक घर तक पांच पौधे पहुंचाए जाएंगे, जिससे हर परिवार इस पर्यावरणीय मुहिम में भागीदार बन सके। इस कार्य का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना है, बल्कि लोगों को प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व का भी बोध कराना है। इस अभियान की जानकारी राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन और जिला भाजयुमो सचिव अजय ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि इस पौधरोपण कार्यक्रम को 'एक पौधा मां के नाम' योजना के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से हर व्यक्ति से यह अपील की जा रही है कि वह अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए।



# मंदिर ट्रस्ट भी आपदा में आगे आए : विनोद

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि मंडी में जो आपदा आई है, उसमें हिमाचल के कई लोग, एनजीओ और संस्थाएं आगे आई हैं। इनके द्वारा पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री भेजी जा रही है।



इस बात से यह प्रमाण मिलता है कि अभी भी इंसानियत जिंदा है। यहां तक कि कई लोग अपनी तरफ से जो बन पड़ रहा है, वह मदद कर रहे हैं।

विनोद ने कहा कि यह दुर्भाग्य कि बात है जब प्रदेश के पीड़ितों को सबसे ज्यादा राहत कि जरूरत है तो ऐसे वक्त पर हिमाचल के कई अमीर मंदिर ट्रस्ट आगे नहीं आए है, जो हैरानी का विषय भी है। उन्होंने कहा कि उनको आगे आना चाहिए और पीड़ितों के लिए जो राहत सामग्री है, वह भेजनी चाहिए।

# आठ लाख के बजट का प्रस्ताव किया पारित

## धुसाड़ा में रोगी कल्याण समिति ने बैठक में लिया निर्णय

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बढ़ूही।** स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधायक सुदर्शन बबलू ने की। इस बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख रुपए के बजट का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में एसडीएम अंब सचिन शर्मा (आईएएस), बीएमओ अंब डॉ. सुरेश गर्ग सहित कई अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



धुसाड़ा में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते विधायक सुदर्शन बबलू।

बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष लगभग 10,000 मरीजों ने अस्पताल में आकर उपचार का लाभ उठाया। इस वर्ष मरीजों की संख्या में और वृद्धि की संभावना जताई गई है। समिति ने तय किया कि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न संसाधनों से आय बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा ताकि लोगों को बेहतर इलाज मिल सके।

**सुविधाओं का विस्तार, शुल्क में नहीं होगी वृद्धि :** बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि रोगी कल्याण समिति अस्पताल में किसी भी प्रकार की फीस नहीं बढ़ाएगी, लेकिन सुविधाएं जरूर बढ़ाई जाएंगी। इसके तहत अस्पताल के जनरल वार्ड में एसी लगाए जाएंगे और जनरेटर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही, पिछले वर्ष शुरू की गई लैब सेवाओं से लोग लगातार लाभान्वित हो रहे हैं, जिसे और विस्तार देने की योजना है।

विधायक सुदर्शन बबलू ने सभी अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर और बेहतर गुणवत्ता के साथ मिलना सुनिश्चित किया जाएगा।

**बैठक में शामिल प्रमुख लोग :** इस अवसर पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा (आईएएस), बीएमओ अंब डॉ. सुरेश गर्ग, डॉ. विकास, डॉ. अंकुश, डॉ. आकांक्षा, डेंटल चिकित्सक डॉ. अभय कुमार शर्मा, विधायक के राजनीतिक सलाहकार राज कुमार, ग्राम पंचायत धुसाड़ा की प्रधान नीरू बाला, लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार, पीतांबर दत्त, पूर्व प्रधान अजय कुमार, कृष्ण सोढ़ी, सतीश कुमार, जस्सी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वर्षों से लंबित मामलों का मध्यस्थता से कराएं निपटारा

**अनंत ज्ञान। ऊना।** जिले में वर्षों से लंबित मामलों के त्वरित समाधान के मकसद से 30 सितंबर तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनिता शर्मा ने बताया कि इस 90 दिवसीय विशेष अभियान का उद्देश्य अदालतों में लंबित मामलों का आपसी सहमति और मध्यस्थता के माध्यम से शीघ्र और सुलभ निपटारा सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान ऊना जिले की सभी अदालतों में संचालित किया जा रहा है। इस दौरान पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान के मामले, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, ससुराल योग्य आपराधिक मामले, आपसी विवाद, वैवाहिक व संपत्ति के मामले, विज्ञान और बकायों के मुकदमे, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त नागरिक मामलों का निदान सुनिश्चित किया जाएगा।


> **30 सितंबर तक चलेगा विशेष अभियान : अनिता**

उन्होंने बताया कि लंबे समय तक अदालतों में लंबित मामलों के चलते नागरिकों को मानसिक तनाव और आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह विशेष मध्यस्थता अभियान लोगों के लिए राहत प्रदान करने का सुनहरा अवसर है। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का समाधान मध्यस्थता के आधार पर करवाना सुनिश्चित करें।

# पालमपुर की युवा वैज्ञानिक ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल के पालमपुर नगर की होनहार बेटी अंकिता रघुवंशी ने वर्ष 2025 में विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वह इस समय भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर के विद्युत अभियंत्रण विभाग में पीएचडी शोधार्थी हैं। हाल ही में उन्होंने डेनमार्क के कोपेनहेगन नगर में आयोजित विद्युत तथा इलेक्ट्रॉनिकी अभियंत्रण संस्थान की चिकित्सा एवं जीव अभियंत्रण परिषद सम्मेलन 2025 में भाग लेकर भारत का प्रतिनिधित्व किया।



इस वैश्विक मंच पर उन्होंने अपने शोधपत्र 'स्मार्टस्ट्राइडएफओजी' का सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण किया। यह शोध पार्किंसन रोगियों में चाल रुक जाने की स्थिति की सटीक पहचान हेतु विकसित एक बुद्धिमान पहनने योग्य प्रणाली पर आधारित है, जो मरीज की चाल, संतुलन एवं अचानक रुकने की प्रवृत्ति की निगरानी कर, चिकित्सकों को समय रहते निदान और उपचार में सहायता देती है। यह प्रणाली विशेष रूप से वृद्धावस्था में उत्पन्न होने वाले तंत्रिका तंत्र संबंधी विकारों की रोकथाम और नियंत्रण में उपयोगी सिद्ध हो सकती है। अंकिता रघुवंशी ने इससे पूर्व भी नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

अंकिता की प्रेरणा स्रोत उनके दादा स्व. सुरिंदर सिंह रघुवंशी तथा नाना स्व. कंवर हरि सिंह, जो समाजसेवी रहे हैं। उनके पिता डॉ. अजय सिंह रघुवंशी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, (एनआईटी) रायपुर में विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। वह अपनी उपलब्धियों का श्रेय पिता अजय सिंह व माता पूनम रघुवंशी को देती हैं।

**विकास** डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहर बरपाने वाले नाले के निर्माण को दिए करोड़ों

# पंजावर में 10 करोड़ से बन रहा साढ़े पांच किलोमीटर नाला

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** हरोली विस क्षेत्र की पंजावर पंचायत में हर साल कहर बरपाने वाले बरसाती पानी को नियंत्रित करने के लिए सर नाला बनाया जा रहा है, जिस पर करीब 10 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। अधिकतर निर्माण कार्य मकम्मल हो चुका है और निर्माण कार्य जारी है। बता दें कि पंचायत पंजावर में जंगल के नालों से हर वर्ष बरसाती मौसम में आता पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेता था और अनियंत्रित पानी लोगों के घरों और खेतों में घुस जाता था।



पंजावर में पांच किलोमीटर नाले का निर्माण किया जा रहा है।

> पंजावर पंचायत में हर वर्ष बरसाती पानी आबादियों व खेतों में जमा हो जाता था। मामले को ग्रामवासियों व उन्होंने खुद डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष उठाया। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते जलशक्ति विभाग को निर्देश दिए और करोड़ों के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी और निर्माण कार्य शुरू करवाया है। गांववासी इस ऐतिहासिक कार्य के लिए डिप्टी सीएम के आभारी रहेंगे।
>
> -नीलम मनकोटिया, प्रधान पंजावर पंचायत

इससे आबादियों में नुकसान होता था और खेतों में फसलें बर्बाद होती थीं। तबाही मचाते बरसाती पानी की समस्या को स्थानीय गांववासियों ने पूर्व सरकार के कार्यकाल में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के समक्ष भी मामला उठाया था, तत्कालीन समय उन्होंने 2 करोड़ इस नाले के निर्माण के लिए देने का वादा किया लेकिन इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई राशि नहीं मिली। कांग्रेस सरकार के आते ही फिर स्थानीय गांव वासियों, ग्राम पंचायत पंजावर की प्रधान नीलम मनकोटिया व जिला कांग्रेस के प्रधान रणजीत राणा ने मामले को डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष उठाया।

डिप्टी सीएम ने तत्काल जनहित में कार्रवाई करते हुए जलशक्ति विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तमाम औपचारिकताओं के बाद गांव में जलशक्ति विभाग ने लगभग 10 करोड़ की लागत से करीब साढ़े पांच किलोमीटर लंबे नाले का पक्का निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

बरसाती पानी को नियंत्रित करके स्वां नदी में छोड़ा जा रहा है। नाला बनने से अब आबादियां सुरक्षित हो गई हैं और खेतों में भी बाढ़ के पानी जमा होने का खतरा खत्म हो गया है।



> पूर्व जयराम ठाकुर सरकार ने पंजावर में सर नाले के निर्माण के लिए 2 करोड़ देने की घोषणा की थी। अब तक घोषणा के दो रुपए भी पंचायत को नहीं मिले हैं। केवल वादे कर न निभाने वाली सरकार को इसलिए जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है और कांग्रेस सरकार के आते ही डिप्टी सीएम मुकेश के कुशल नेतृत्व में गांव में विकास की गंगा बह रही है।
>
> रणजीत राणा, प्रधान जिला कांग्रेस ऊना

स्थानीय ग्रामीणों कुलदीप सिंह व कुशल सिंह ने कहा कि पंचायत पंजावर में प्रधान नीलम मनकोटिया ने सर नाले का निर्माण जनहित में किया गया है। जंगल से आने वाले बरसाती पानी को नियंत्रित करके स्वां नदी में छोड़ने को ऐतिहासिक कार्य हुआ है। आबादियों व खेतों में जमा होने वाले पानी का अब कोई खतरा नहीं रहा।

# डीसी ने घालूवाल में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गैर-आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्र (एनआरएसटीसी) घालूवाल में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा सुधार समिति ईसपुर के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उपायुक्त ने इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिकाधिक पौधरोपण का आह्वान किया।

**बच्चों के साथ किया आत्मीय संवाद :** कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त ने एनआरएसटीसी सेंटर के बच्चों से आत्मीय संवाद किया। वे जमीन पर बच्चों के संग बैठे और उनसे उनके जीवन के सपनों व रुचियों के बारे में बातें कीं। उपायुक्त ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, कठिन परिश्रम और अनुशासन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान एनआरएसटीसी में अध्ययनरत छात्राओं सुधा और रूबी ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सुंदर कविताएं प्रस्तुत कीं।

इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रंजीत राणा, प्रधान घालूवाल सोना देवी, प्रमोद बिट्टू, जिला प्लानिंग अधिकारी संजय सांख्यान, बीडीओ हरोली राजेश्वर भाटिया व अन्य उपस्थित रहे।



बच्चों के साथ भूमि पर बैठकर संवाद करते उपायुक्त जतिन लाल।

## न्यूज ब्रीफ

### कमरे के अंदर मृत मिला श्रीनगर का युवक

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के वार्ड-दो में कमरे के अंदर श्रीनगर का युवक मृत पाया गया। मृतक की पहचान आकिब अशरफ खान पुत्र मोहम्मद अशरफ खान उम्र 26 निवासी गुटापुरा लाल बाजार श्रीनगर के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि तसलीम आरिफ पुत्र गुलाम मोहम्मद वानी निवासी आलमगिरी बाजार श्रीनगर जम्मू कश्मीर ने मनाली थाने में सूचना दी कि उनका साथी भजोगी मनाली में कमरे का दरवाजा नहीं खोल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोल कर देखा, तो आकिब अशरफ खान कमरे में धरातल पर गद्दा व चादर के उपर पेट के बल हाथ व पैरों को मोड़कर पड़ा हुआ मिला। डीएसपी ने बताया कि पुलिस टीम उसे सिविल अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि परिजनों को सूचित कर दिया है और शव पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखा है। परिजनों के आने पर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### मडग्रां में बाल सुरक्षा गृह निर्माण में लाएं तेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग स्थित डीसी कार्यालय के सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी लाहौल-स्पीति एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने की। बैठक के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बच्चों के संरक्षण एवं देखभाल एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने बच्चों के संरक्षण, कल्याण और पुनर्वास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली तथा इकाई द्वारा चिल्ड्रन हेल्पलाइन (1098) पर प्राप्त शिकायतों एवं उन पर की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिल्ड्रन हेल्पलाइन की भूमिका की सराहना करते हुए शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निपटारे पर बल दिया। उन्होंने मडग्रां पंचायत में चल रहे बाल सुरक्षा गृह के निर्माण संबंधी प्रकिया में हुई प्रगति के बारे में भी जानकारी ली और निर्देश दिए कि इसके निर्माण के लिए भूमि संबंधी प्रकिया में तेजी लाई जाए। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री सुखआश्रय योजना के तहत 18 से 27 वर्ष की आयुवर्ग के पात्र 22 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिन्हें प्रतिमाह समाजिक सुरक्षा के लिए 4 हजार रुपए की राशी प्रदान की जा रही है।

# दो माह तक राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग सहित साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** बरसात के मौसम को देखते हुए कुल्लू जिले में रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग सहित अन्य सभी साहसिक गतिविधियों पर हर साल की तरह इस बार भी 15 से 15 सितंबर तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिला कार्यकारी पर्यटन अधिकारी चिरंजी लाल ने बताया कि इस मौसम में ब्यास नदी का जलस्तर काफी बढ़ जाता है और इसमें रिवर राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग सहित अन्य विभिन्न साहसिक गतिविधियां खतरे से खाली नहीं होती हैं। बरसात में कुल्लू घाटी में पैराग्लाइडिंग भी काफी खतरनाक हो सकती है इसलिए हर वर्ष कुल्लू जिले में 15 सितंबर तक इन साहसिक गतिविधियों पर पूर्णतय: रोक लगा दी जाती है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू ने रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग ऑपरेटर्स सहित अन्य साहसिक गतिविधियां चलाने वालों से इन आदेशों की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करने और साहसिक गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के निर्देश दिए हैं। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


राफ्टिंग का लुत्फ उठाते पर्यटक। (फाइल फोटो)

### कहां-कहां होती है राफ्टिंग

**जिला** पर्यटन विभाग की ओर से राफ्टिंग के लिए तीन साइट चिन्हित की गई हैं। इनमें रायसन से बंदरोल चार किलोमीटर का ट्रैक, बबेली से वैष्णो माता मंदिर बाशिंग तक पांच किलोमीटर व पिरड़ी से झीड़ी तक 14 किलोमीटर का राफ्टिंग ट्रैक बनाया है। जिले में 500 के करीब राफ्ट पंजीकृत हैं, 450 लाइसेंस गाइड, झीड़ी से लेकर रायसन तक 140 एजेंसियां हैं। जिले में आठ से 10 हजार के करीब युवा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं।

### कितनी पैराग्लाइडिंग साइट

**कुल्लू** में वर्तमान समय में कुल 14 पैराग्लाइडिंग साइट हैं। इनमें से गड़सा में तीन वहीं, इसके अलावा पीज से ढालपुर-एक नांगाबाग-एक, डोभी में दो हैं। इनमें एक सरकारी व दूसरी प्राइवेट हैं। इसके अलावा मझाच-एक, कोठी-एक जोकि फिलहाल बंद हैं, सोलंगनाला-1, गुलाबा-1, मढ़ी-1, दियार ( बंद)-1, जिभी-1 (बंद) सहित कुल 14 पैराग्लाइडिंग साइट हैं, जिनमें वर्तमान में 11 चल रही हैं। इनमें 600 के करीब पायलट, जबकि 65 के करीब ऑपरेटर्स जुड़े हैं। जिले में रिवर राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 30 हजार से भी अधिक लोग जुड़े हुए हैं।

**विभाग** तथा तकनीकी कमेटी समय-समय पर राफ्ट, पैराग्लाइडर की जांच व निरीक्षण करती है। साथ ही अन्य विभिन्न साहसिक गतिविधियां चलाने वालों पर भी पूरी नजर रखता है। 15 जुलाई से। 15 सितंबर तक सभी साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा, ऐसे में अगर कोई भी सहासिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उस पर कड़ी कार्रवई की जाएगी।

**चिरंजी लाल, जिला कार्यकारी पर्यटन अधिकारी कुल्लू।**

# बाढ़ पीड़ितों की सहायता को खांपा सोसायटी ने बढ़ाया हाथ


विधायक के माध्यम से आपदा प्रभावितों के लिए राहत चेक देते हुए खांपा सोसायटी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मंडी और कुल्लू जिलों में हाल ही में बादल फटने के कारण आई त्रासदी में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए खांपा सोसायटी, मनाली ने एक बार फिर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। सोसायटी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 51,000 रुपए का योगदान दिया। यह चेक विधायक भुवनेश्वर गौड़ के माध्यम से खांपा सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश नेगी की अगुवाई में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सोसायटी के चेयरमैन शेरसिंह यांबा, महासचिव तवांग, सहसचिव विजय खांपा और कैशियर तेंजिन भी उपस्थित रहे। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने खांपा सोसायटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे मानवता का आदर्श उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जब समाज के संगठन इस तरह पीड़ितों की मदद के लिए आगे आते हैं, तो यह न केवल राहत कार्यों को बल देता है, बल्कि समाज को एकजुट करने का संदेश भी देता है। खांपा सोसायटी का जरूरतमंदों की सहायता करने का एक लंबा और प्रेरणादायक इतिहास रहा है। प्राकृतिक आपदाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में यह संस्था हमेशा आगे रही है। आज भी, बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए उनका यह कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि अनुकरणीय भी है।

## भरे जाएं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत हलाण, लरांकेलो, मलाणा ग्राहण में आंगनबाडी बाल विकास परियोजना अधिकारी-नग्गर स्थित कटराईं के केंद्र कुमारहट्टी, घूड़दौड़, धरावेहड़, बरमाहण में सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरा जाना है। इसके लिए पात्र महिला उम्मीदवारों/आवदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पदों को भरने के लिए वही उम्मीदवार पात्र होंगे, जो संबंधित आंगनबाडी केंद्र के सर्वेक्षण रजिस्टर में पंजीकृत होंगे। इनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं तथा परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक न हो। प्रार्थी की आयु 23 जुलाई को 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधूरे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उपरोक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार 23 को सुबह 11 बजे उपमंडलाधिकारी कुल्लू, कुल्लू के कार्यालय में होंगे। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार बाल विकास परियोजना अधिकारी-कटराईं के कार्यालय दूरभाष संख्या 01902 241243 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बीएसएनएल और लोनिवि की लापरवाही से पर्यटक व लोग परेशान

## नग्गर चौक में जानलेवा गड्ढे, हादसों को दे रहे न्योता

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** पर्यटन स्थल और धरोहर गांव नग्गर में सड़कों की बदहाली ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों की परेशानी बढ़ा दी है। विशेष रूप से नग्गर चौक पर स्कूल के पास सड़क किनारे बने बड़े-बड़े गड्ढे हादसों का सबब बन रहे हैं, जिनकी कोई भी विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये गड्ढे तीन साल पहले बीएसएनएल द्वारा अपनी लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के कारण बने थे, लेकिन उसके बाद इन्हें कभी भरा नहीं गया। बीएसएनएल के अधिकारी दावा करते हैं कि उन्होंने गड्ढों को भरने के लिए लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) को पैसे जमा करा दिए हैं, लेकिन लोनिवि अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस लापरवाही के कारण पिछले तीन सालों से यह काम अटका पड़ा है, जिससे आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक अक्सर इन गड्ढों में गिर जाते हैं। स्कूल नजदीक होने के कारण किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई है। इन गड्ढों और अधूरी खुदाई के कारण सड़क का सारा पानी स्थानीय लोगों के घरों, दुकानों और खेतों में घुस रहा है, जिससे उन्हें अतिरिक्त नुकसान झेलना पड़ रहा है। परेशान स्थानीय लोगों ने अब इस मामले को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को शिकायत भेजी है। इसके साथ ही, उन्होंने डीसी कुल्लू से भी मांग की है कि लोक निर्माण विभाग को इन गड्ढों को तुरंत भरने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आम जनता और पर्यटकों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके और संभावित हादसों को टाला जा सके।


पर्यटन स्थल व धरोहर गांव नग्गर में सड़कों की बदहाली ने बढ़ा दी है लोगों की परेशानी।

## सैंज बाजार को जोड़ने वाली सड़क की जाए दुरुस्त

**अनंत ज्ञान, सैंज।** हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों बाढ़ के चलते जहां करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से भी कई इलाकों की आवाजाही ठप हो गई है। ऐसे में जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की उपतहसील सैंज में भी बाजार को जोड़ने वाली सड़क दोनों ओर से क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके चलते लोग बाजार नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में व्यापार मंडल सैंज व अन्य लोगों ने मिलकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है और मांग रखी है जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त किया जाए। व्यापार मंडल सैंज के अध्यक्ष झाबे राम ने बताया कि दुकानदारों के साथ-साथ घाटी के हजारों लोग भी परेशान हैं क्योंकि बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क, वाईपास सहित दोनों तरफ से नदी में बाढ़ आने के कारण पूर्ण रूप से बह गई है।

## पानी के बिलों में बढ़ोतरी के विरोध में खोला मोर्चा

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पानी के बिलों में की गई भारी बढ़ोतरी पर नगर परिषद मनाली के लोगों ने सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। एसडीएम कार्यालय के बाहर पानी के बिल फूंके और नारेबाजी की। एसडीएम के माध्यम से लोगों ने मुख्यमंत्री और जलशक्ति मंत्री को ज्ञापन भेजकर बिलों में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग की।

इस बार पानी के बिल देख लोगों के सिर चकरा गए हैं। इनका बिल एक या दो हजार आता था, उनको 30 से 35 हजार के बिल थमा दिए हैं। तीन से चार हजार बिल का भुगतान करने वालों को एक लाख से अधिक का बिल आया है। नगर परिषद अध्यक्ष मनोज लारजे की अगुवाई में यह प्रदर्शन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद रहे। माल रोड में एकत्रित होकर सभी ने बिल में की गई बढ़ोतरी की निंदा की।

इसके बाद माल रोड से अटल चाहक होते हुए एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली गई। एसडीएम कार्यालय के प्रांगण में बिल की प्रतियां फूंकी गई। स्थानीय निवासी छोमो ने कहा कि उनका दो से तीन हजार का बिल आता था, लेकिन इस बार एक लाख दो हजार का बिल देख उनके होश उड़ गए हैं। घरेलू कनेक्शन का इतना अधिक बिल नहीं हो सकता। वह इसे नहीं चुका सकते। मीरा देवी ने कहा कि उनका 35 हजार का बिल आया है, वह इसे नहीं चूका सकते। सोनम चंद का कहना है कि उनका बिल 21 हजार आया है। इसको अदा करना उनके वश में नहीं है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि हाल ही में सरकार ने पानी के बिल के दाम बढ़ाए हैं, जो सरासर गलत है। लोगों के लिए पानी के बिल का भुगतान करना मुश्किल हो गया है। वेलफेयर स्टेट में बिजली, पानी लोगों का अधिकार है। चुनाव में झूठे वादे कर कांग्रेस ने लोगों का ठगा है, अब चारों तरफ लूट की छूट दी गई है। चालान के नाम पर टैक्सी चालकों को परेशान किया जा रहा है, तो होटलियरों पर भी भारी पेनल्टी लगाई जा रही है। भाजपा इसका करारा जवाब देगी। जरूरत पड़ी तो इसके लिए कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेत्री धनेशवरी ठाकुर, मंडल अध्यक्ष ठाकुर दास, शहरी भाजपा अध्यक्ष अजय अबरोल समेत कई पदाधिकारी, नगर परिषद के पार्षद और स्थानीय जनता मौजूद रहे।


पानी के बिलों में हुई बढ़ोतरी के विरोध में मनाली के लोग प्रदर्शन करते हुए।

## प्लास्टिक अपशिष्ट का करें प्रभावी निपटान: किरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को डीसी कार्यालय के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी एवं जिला पर्यावरण समिति की अध्यक्षा किरण भड़ाना ने की। बैठक में जिले में पर्यावरण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि जिले की पर्यावरण योजना में अभी भी कई आवश्यक बिंदुओं को समाहित नहीं किया गया है। उन्होंने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता कुल्लू को निर्देशित किया कि जिला पर्यावरण योजना का पुन: विस्तृत संशोधन किया जाए, ताकि जिले के प्रत्येक क्षेत्र के पर्यावरण संबंधी मुद्दे और स्थानीय आवश्यकताएं इसमें समाहित हो, तत्पश्चात पुन: समिति की बैठक का आयोजन किया जाए। बैठक में पर्यावरण समिति के सदस्य सचिव एवं एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा, वन मंडल अधिकारी अनिकेत मारुति वानवे, पुलिस उपअधीक्षक रश्मि शर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल, उपनिदेशक बागवानी मीनाक्षी शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग सनी ग्रैक सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


डीसी जिला पर्यावरण समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

### मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र का कार्य प्रगति पर

**उन्होंने** बताया कि कोकसर स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र, जो गत वर्ष हिमस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था, उसका पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि प्लास्टिक कचरे का पुन: उपयोग करते हुए सड़क निर्माण कार्य को प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए कम से कम पांच किलोमीटर सड़क का चयन कर आगामी दो माह के भीतर कार्य आरंभ किया जाए, ताकि प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रभावी निपटान हो सके। चंद्रताल झील क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए डीसी ने बताया कि चंद्रताल सोसायटी द्वारा झील क्षेत्र में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था की जा रही है।

## बंजार विधानसभा क्षेत्र में 'आप' हो रही मजबूत: नीरज

**अनंत ज्ञान, सैंज**

भाजपा व कांग्रेस ने प्रदेश की आत्मा को बारी-बारी लूटा है और राज्य की तबाही के लिए दोनों दल जिम्मेदार है।

आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र बंजार के पूर्व में रहे प्रत्याशी नीरज सैनी ने मंगलवार को लारजी में प्रेस वार्ता में यह बात कही। उन्होंने दोनों दलों पर ताबड़-तोड़ हमला करते हुए कहा कि हर साल प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं से जूझता है, लेकिन भाजपा और कांग्रेस की सरकारें हर आपदा में राहत और सहयोग की जगह मुनाफा और ठेका ढूंढती हैं। आप नेता ने कहा कि कोरोना काल में राहत के नाम पर घोटाले हुए तथा उपकरणों की खरीद से लेकर राशन वितरण तक में गड़बड़ी हुई है। पंडोह डैम में बहती लकड़ियों ने दर्शाया कि किस तरह हिमाचल के जंगलों से अवैध कटाई कर लकड़ी तस्करों को संरक्षण दिया गया। नीरज सैनी ने कहा कि एनएचएआई द्वारा की गई 90 डिग्री की कटाई ने पहाड़ों को कमजोर कर दिया। इसके चलते सड़कों पर भारी रूप में भूस्खलन हो रहा है। वनों में बेरोकटोक कटाई हो रही है और संसाधनों को खुलेआम लूटा जा रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार ने मौन धारण किया है।



आप के पूर्व प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने राज्य की जनता को सिर्फ वोट बैंक समझा है और दोनों दलों ने मिलकर हिमाचल की हरियाली, पहाड़ और स्वाभिमान को नीलाम किया। उन्होंने कहा कि अब आम आदमी पार्टी चुप नहीं रहेगी।

## शमशरी महादेव लक्की ड्रॉ में पारस बने विजेता

### विधायक की अध्यक्षता में निकाला ड्रॉ, दस लोगों को मिले पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, आनी**

आउटर सिराज के प्राचीन और प्रसिद्ध देव स्थल शमशरी महादेव मंदिर परिसर में भव्य लक्की ड्रॉ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार मंदिर के सेब के बगीचे की नीलामी के लिए 500-500 रुपए के लक्की कूपन बेचे गए थे। इनमें पहला इनाम डुगा गांव के पारस ठाकुर के नाम रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने की। इसमें बड़ी संख्या में मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर कमेटी के प्रधान किशोरी लाल ठाकुर ने बताया कि लक्की ड्रॉ का पहला पुरस्कार तीन लाख रुपए मूल्य का सेब का बगीचा, कूपन नंबर 264 के धारक पारस ठाकुर को मिला। दूसरा इनाम 10 हजार रुपए नकद कूपन नंबर 812 के धारक तनुज नेगी गांव सतराबी को मिला, जबकि तीसरा इनाम कूपन नंबर 919 के धारक आदि राज ठाकुर गांव डुगा को मिला।

विधायक ने कहा कि उनका परिवार पीढ़ियों से देव शमशरी महादेव की सेवा करता आ रहा है। उन्होंने मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न सिर्फ परंपरा को सशक्त करते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारा भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, योगेश वर्मा, सुनील वर्मा, गोल्डी चौहान, भूपेंदर शर्मा, मंदिर कमेटी के उपप्रधान दीवान सिंह, सचिव लाल सिंह ठाकुर, किशोरी लाल शिली, जीनु राम वर्मा, कृष्ण ठाकुर खुन्न, राम लाल आजाद, कर्मचंद आजाद सहित कमेटी के सभी सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए मंदिर कमेटी के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

### इस प्रकार रहे अन्य विजेता

- चौथा इनाम : भजन सिंह, गांव दलाश (कूपन नंबर 218)
- पांचवां इनाम : ताबे राम ठाकुर, गांव बखनाओ (कूपन नंबर 356)
- छठा इनाम : चांद मिश्रा, गांव डुगा (कूपन नंबर 431)
- सातवां इनाम : विन्नू, गांव गुगरा (कूपन नंबर 536)
- आठवां इनाम : राम कृष्ण, गांव लड़ाघी (कूपन नंबर 771)
- नौवां इनाम : राकेश ठाकुर, गांव कराना (कूपन नंबर 691)
- दसवां इनाम : जिया लाल, गांव स्त्रीणि (कूपन नंबर 890)

**घाटा** | कारोबारियों की कमी से निरमंड सब्जी मंडी पर संकट, नहीं मिल रही पूरी सुविधा

# करोड़ों से बनी सब्जी मंडी व्यापारियों के बिना वीरान

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** 9 साल पहले निरमंड क्षेत्र के किसानों-बागवानों की सुविधा के लिए करीब 2 करोड़ 25 लाख से बनी सब्जी मंडी कारोबारियों के न आने से बेकार है। ऐसा पहली बार नहीं, बल्कि पिछले 8 सालों से ही यह सिलसिला जारी है। फलस्वरूप एपीएमसी को हर साल लाखों का घाटा हो रहा है।

आलम यह है कि एपीएमसी इस सब्जी मंडी के दो करोड़ से ज्यादा की लागत से बने मार्केट यार्ड को शॉपिंग कांप्लेक्स, बैंकेट हॉल बनाने को भी तैयार है, लेकिन पिछले कई सालों से एपीएमसी सिर्फ सोच रही है, लेकिन निरमंड की इस सब्जी मंडी का कुछ नहीं हो रहा है। कुछ वर्षों पहले निरमंड सब्जी मंडी का कृषि, जनजातीय एवं सूचना प्राद्योगिकी मंत्री डॉ. राम लाल ने निरिक्षण किया और कहा कि इस सब्जी मंडी में कारोबार न होने के कारण इसे जंज घर के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा और किसान विश्रामगृह को गेस्ट हाउस के रूप में चलाया जाएगा, लेकिन भाजपा की सरकार बदल भी गई, लेकिन न तो यहां गेस्ट हाउस बना और न ही बैंकेट हॉल यानी जंज घर। निरमंड क्षेत्र के किसानों-बागवानों को स्थानीय स्तर पर विपणन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पहले जमीन खरीदी गई और तत्पश्चात स्वर्गीय वीरभद्र सिंह सरकार के समय पर करोड़ों रुपए से यह मंडी तैयार हुई। बावजूद इसके यह मंडी किसानों-बागवानों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है और कारोबार की रौनक का इंतजार कर रही है।

### रेट कम होंगे, तो लदानी भी आएंगे : पूर्ण ठाकुर

**जिला** परिषद कुल्लू के सदस्य एवं किसान सभा के सेब उत्पादक संघ निरमंड इकाई के अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर का कहना है कि नीलामी के रेट ज्यादा होने से यहां पर लदानी कम आते हैं, अगर रेट कम किए जाएं, तो बहुत से लदानी आएंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भविष्य में भी कारोबारियों की रुचि नहीं बढ़ी, तो इस सब्जी मंडी पर अस्तित्व का संकट खड़ा हो सकता है। इसके चलते किसानों-बागवानों को भी अपनी उपज को अन्य मंडियों में ले जाने की मजबूरी बनी रहेगी। बागवान धर्मपाल नेगी और योगेश भार्गव का कहना है कि निरमंड सब्जी मंडी में 2-3 लदानी ही सेब खरीदने आते हैं। फलस्वरूप यहां प्रतिस्पर्धा की कमी है और बागवानों को सेब के रेट कम मिलते हैं इसलिए यहां का बागवान सेब को बाहर बेचता है, जहां पर अच्छे दाम मिलते हैं। निरमंड सब्जी मंडी में वर्षवार सेब की आमद 2021-22 में 3,360 सेब के बॉक्स, 2022-23 में 38,209 सेब के बॉक्स, 2023-24 में 10,833 सेब के बॉक्स और 2024-25 में 31,568 सेब के बॉक्स बेचे गए।

### दो दुकानों को ही कारोबारियों ने खरीदा

**वर्ष** 2016 में एपीएमसी ने मार्केट यार्ड, 18 दुकानें, नीलामी मंच और किसान विश्राम गृह का निर्माण किया था, लेकिन निर्माण के आठ साल बाद भी हालात यह हैं कि यहां बनी 18 दुकानों में से सिर्फ दो दुकानों को ही कारोबारियों ने खरीदा है, जबकि बाकी 16 दुकानें अभी भी खाली पड़ी हैं। व्यापारियों की बेरुखी से विपणन समिति कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति को भारी नुकसान हो रहा है। बीते वर्ष इस सब्जी मंडी से महज 41 लाख 52 हजार रुपए की ही आय हो सकी, जो निर्माण लागत के मुकाबले बेहद कम है। एपीएमसी ने कई बार इन दुकानों को भरने के लिए टेंडर प्रक्रिया भी अपनाई, लेकिन कारोबारियों ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसका असर सीधे किसानों-बागवानों पर भी पड़ रहा है, जिन्हें नीलामी और बिक्री के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ता है।

**निरमंड** सब्जी मंडी में दुकानें अब इच्छुक दुकानदारों को सीधे दी जाएंगी। दुकानों की नीलामी के लिए कई बार टेंडर प्रक्रिया की गई, लेकिन कारोबारी आगे नहीं आए इसलिए अब जो भी इच्छुक दुकानदार यहां किसी भी तरह की दुकान चलाना चाहता है, तो उन्हें दुकानें दे दी जाएंगी।

**शगुन सूद, सचिव एपीएमसी, कुल्लू व लाहौल-स्पीति।**

## अल्का चौहान को अध्यक्ष अमिता को बेहतरीन सचिव का मिला खिताब

**अनंत ज्ञान, मनाली।** सीए अल्का चौहान को बेहतरीन अध्यक्ष के खिताब से सम्मानित किया गया, जबकि अमिता शमशेर सिंह ठाकुर बेहतरीन सचिव के खिताब से सम्मानित हुईं, उन्हें यह खिताब मनाली में आयोजित रोटरी क्लब के वार्षिक समारोह में 3070 डिस्ट्रिक गवर्नर रोहित ओवराय ने दिया। रोटेरियन विम्पी बक्शी को कैबिनेट अवॉर्ड, जबकि रोटेरियन अजय अबरोल, विनीत मेंहदी रता व मीनाक्षी को एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब मनाली समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्राकृतिक आपदा हो या कोई भी सामाजिक कार्य हो, रोटरी मनाली हमेशा आगे दिखती है। 3070 डिस्ट्रिक गवर्नर रोहित ओवराय ने सम्मानित होने वाले सभी रोटेरियन को बधाई दी और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब मनाली बेहतरीन कार्य कर रही है। सभी सदस्यों की एकजुटता व कार्य के प्रति लगन सराहनीय है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने पर बल दिया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अल्का चौहान सहित वर्तमान अध्यक्ष अमिता शमशेर सिंह ठाकुर व सचिव मीनाक्षी ने 3070 डिस्ट्रिक गवर्नर रोहित ओवराय का मनाली आने पर स्वागत किया व मार्गदर्शन करने के लिए आभार जताया।

## सुनीता कटोच की सोच व संकल्प से शिरढ़ स्कूल में साकार हुआ रीडिंग रूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिरढ़ में मंगलवार को रीडिंग कम एक्टिविटी रूम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर कुल्लू की प्रसिद्ध महिला साहित्यकार इशिता आर गिरीश बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने रिबन काटकर रीडिंग रूम का उद्घाटन किया और इसके साथ-साथ स्कूल द्वारा प्रकाशित दीवार पत्रिका के दूसरे अंक का भी विमोचन किया। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर छात्रों के साथ कथा वाचन किया और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सरल और प्रेरणादायक उत्तर दिए। उनके सन्निध्य में विद्यार्थियों में पढ़ने और रचनात्मकता की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम के दौरान अध्यापिका सुनीता कटोच ने रीडिंग रूम की अवधारणा और स्थापना प्रक्रिया पर जानकारी देते हुए बताया कि, यह रूम छात्रों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसमें छात्र न केवल पढ़ाई कर सकेंगे, बल्कि शतरंज, कैरम, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों में भी भाग ले सकेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य देव राज ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उनके द्वारा छात्रों को प्रेरित करने के लिए आभार जताया। उन्होंने छात्र जीवन में पुस्तकालय और अध्ययन संस्कृति के महत्व को भी रेखांकित किया। इस आयोजन में स्कूल की अन्य शिक्षिकाएं व शिक्षक अंजना, पूनम, सुनीता कटोच, सोनम छोमो एवं शिक्षक अरविंद शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। शिरढ़ स्कूल की अध्यापिका सुनीता कटोच लंबे समय से विद्यार्थियों के लिए एक रचनात्मक और प्रेरणादायक स्थान की कल्पना कर रही थी, जब उन्होंने महसूस किया कि अब उपयुक्त समय है, तो उन्होंने अपने स्वप्रयासों से रीडिंग रूम की नींव रखी। सुनीता कटोच ने स्वयं आर्थिक सहयोग किया और अपने जान-पहचान के कुछ सहयोगियों से डोनेशन प्राप्त कर इस कार्य को गति दी।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिरढ़ में बने रीडिंग रूम में विद्यार्थी।

# कसौली दुष्कर्म मामले में 30 को दोबारा होगी सुनवाई

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बहुचर्चित कसौली दुष्कर्म मामले में सेशन कोर्ट सोलन ने पिछली क्लोजर रिपोर्ट को दरकिनार कर शिकायतकर्ता की याचिका पर दोबारा सुनवाई के निर्देश दिए हैं। सोमवार को अदालत ने पहले की सुनवाई में मामले को लेकर पुलिस व सरकार को सर्विस करवाने के लिए समय दिया था।

इसके बाद सोमवार और मंगलवार को फिर से इस मामले पर सुनवाई हुई। अदालत ने कसौली कोर्ट में याचिका कर्ता को सुनवाई का मौका देने के आदेश दिए हैं, अब 30 जुलाई को कसौली कोर्ट में सुनवाई होगी। दिल्ली निवासी एक महिला ने दिसंबर 2024 में हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली व गायक रॉकी मित्तल के खिलाफ पुलिस थाना कसौली में जुलाई 2023 में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था।

पुलिस ने छानबीन की, लेकिन सबूतों के अभाव में पुलिस ने मामले की कैंसलेशन रिपोर्ट (सीआर) कसौली कोर्ट में दी। कोर्ट ने सीआर पर पीड़िता का पक्ष जानने के लिए दो बार समय दिया, लेकिन दोनों तारीखों पर शिकायतकर्ता नहीं आई। इस पर मामले को बंद कर दिया गया था। उसके बाद शिकायतकर्ता ने मामले की दोबारा जांच के लिए सेशन कोर्ट सोलन में अर्जी दी थी, जिस पर यह फैसला आया है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुरुवाला थाना पुलिस की टीम गश्त पर थी, इस दौरान रामपुर घाट फैक्टरी के पीछे कैनाल रोड पर एक युवक बरोटीवाला की ओर से हाथ में कैनी लिए आता दिखाई दिया, जैसे ही युवक ने सामने पुलिस वाहन को देखा, वह घबरा कर तेजी से मुड़कर जाने लगा। पुलिस को उस पर शक हुआ और उसे मौके पर ही रोका गया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान गुरमीत सिंह पुत्र राम सिंह, निवासी झुग्गी रामपुर घाट, डाकघर पांवटा साहिब, जिला सिरमौर के रूप में बताई, जब पुलिस ने उसके पास मौजूद कैनी की जांच की, तो उसमें से करीब 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

### पूर्व सैनिकों ने कसौली के जंगलों में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, कसौली।** भारतीय पूर्व सैनिक लीग धर्मपुर उपइकाई द्वारा कसौली के जंगलों में देवदार के पौधों का रोपण किया। इस अभियान में धर्मपुर लीग के पूर्व सैनिकों, लीग की महिला सदस्यों, ग्राम पंचायत कसौली के प्रधान, उनके सहयोगियों और स्थानीय ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व सैनिकों ने बताया कि उन्होंने ताउम्र देश की सीमाओं की रक्षा की है और अब पर्यावरण की रक्षा के लिए भी वे प्रतिबद्ध हैं। पौधरोपण केवल एक पौधा लगाने का कार्य नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु, पानी और हरियाली का उपहार देने का कार्य है, जो राष्ट्र सेवा का ही एक रूप है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सूबेदार मेजर सचिदानंद शर्मा, उपाध्यक्ष, भारतीय पूर्व सैनिक लीग ने बताया कि पूर्व सैनिक लीग का संकल्प है कि जैसे हमने सीमाओं की रक्षा की, वैसे ही अपने गांव और शहरों को हरित और स्वच्छ बनाएंगे। देवदार के ये पौधे हमारी आशा और संकल्प का प्रतीक हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री शांडिल 17 जुलाई को नौणी में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 17 जुलाई को सोलन विधानसभा क्षेत्र के नौणी के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल 17 को दिन में एक बजे डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के जिमनेजियम हॉल में आयोजित की जा रही हिमाचल प्रदेश कुराश प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### बागवान सेब की पेटियों का बीमा करवाएं

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जिले में आगामी सेब सीजन के दृष्टिगत आयोजित बैठक की अध्यक्षता की तथा सेब सीजन के दौरान फसलों के सुचारू परिवहन के लिए की जाने वाली आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। डीसी किन्नौर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले के बागवानों की सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाने के लिए सभी कार्य समय पर पूर्ण करें, ताकि जिले के किसानों व बागवानों को उनके पूरे साल की मेहनत का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सड़क मार्गों की बहाली पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि समय पर फसलों को मंडी तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने जिले के बागवानों से आग्रह किया कि वे अपनी सेब की पेटियों का बीमा अवश्य करवाएं, ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में बागवानों को उनकी फसल का लाभ प्राप्त हो सके। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा बागवानों के हित में लिए गए निर्णय। इसमें सेब की पैकिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन व सेब की खरीद के लिए आढ़तियों का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य करना शामिल है। बैठक की कार्रवाई का संचालन उपनिदेशक उद्यान भूपेंद्र नेगी ने किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिला किन्नौर से 35 लाख 18 हजार 200 सेब की पेटियां होने का अनुमान है। इसके लिए 400 पेटी पर ट्रक के हिसाब से 11 हजार 295 ट्रकों की आवश्यकता होगी।

### बिल की राशि को उपयुक्त राशि में बदला जाए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** देवनी एवं बिक्रम बाग के ग्रामीण बिजली मंडल नाहन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अगुवाई में अधीक्षण अभियंता से मिले और उन्हें अपनी समस्या बारे अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि जो आधुनिक मीटर हमारे घरों में लगे हैं, उन बिजली के मीटर के हद से ज्यादा बिल आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमूमन बिल 50,000 रुपए के आंकड़े को पार कर चुका है, जो बिल पहले शून्य (0) आते थे, वह भी अब 60000-70000 रुपए के लगभग आ रहे हैं। इस मौके पर बिंदल और ग्रामीणों ने अधीक्षण अभियंता से कहा कि एक दिहाड़ीदार मजदूर परिवार के लिए यह राशि पूरे वर्ष का वार्षिक खर्च का आंकड़ा है। उन्होंने कहा की इस प्रकार बिल आएंगे, तो सभंव है कि खाने और पहनने के लाले पड़ सकते हैं। बच्चों की शिक्षा तो दूर की बात है। बिंदल ने अधीक्षण अभियंता से निवेदन किया कि मामले में संज्ञान लेते हुए बिल की राशि को उपयुक्त राशि में बदला जाए या फिर इन आधुनिक बिजली मीटरों को उतरवाया जाए।

# हर गांव में मिलेगी हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



> हिमाचल में अमेंडमेंट भारत नेट कार्यक्रम की शुरुआत जिला सोलन के धर्मपुर ब्लॉक से हो चुकी है। इस पर करीब 2450 करोड़ रुपए खर्च कर ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। प्रदेश में 2027 तक सभी 3,615 ग्राम पंचायतों को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।
> **अनिल कुमार गुप्ता, सीजीएम, बीएसएनएल।**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**भारतनेट परियोजना के तहत बीएसएनएल खर्च करेगा 2450 करोड़ रुपए**

**सोलन।** भारतनेट परियोजना के तहत बीएसएनएल हिमाचल प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने जा रहा है। इसकी शुरुआत सोलन के धर्मपुर से हो चुकी है।

परियोजना के तहत, ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से संबंधित ब्लॉकों से जोड़ा जाएगा, जिससे हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी। इससे दूरदराज के गांव के लोग भी इंटरनेट की मदद से देश-दुनिया की जानकारी हासिल कर सकेंगे। योजना के तहत 2450 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश में खर्च किए जाएंगे। इसकी सहायता से प्रदेश की 3,615 ग्राम पंचायतों और लगभग 15,500 गांवों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। 2 वर्ष के भीतर इन सभी जगहों पर बीएसएनएल फाइबर ऑप्टिकल बिछा कर ग्राहकों को बेहतरीन स्पीड उपलब्ध करवाई जाएगी। भारतनेट परियोजना का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार हो सके।

### प्रदेश में कार्यान्वयन

**हिमाचल** में, 91 ब्लॉक और 3615 ग्राम पंचायतें हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से संबंधित ब्लॉकों से जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के तहत, ग्राम पंचायतों में सरकारी कार्यालयों को हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, निजी उपभोक्ताओं को भी फाइबर कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में सुधार होगा। इससे ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### एमएस आईटीआई को जिम्मा

इस परियोजना की कुल लागत 1,39,579 करोड़ है। इसमें 2,450 करोड़ हिमाचल प्रदेश के लिए आवंटित किए गए हैं। राज्य में इस परियोजना का कार्यान्वयन एजेंसी एमएस आईटीआई लिमिटेड है। ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर रूट्स के साथ आईपी-एमपीएलएस नेटवर्क बिछाया जाएगा। 10 वर्षों का संचालन एवं रखरखाव का समर्थन भी होगा। कंपनी को रिमोट फाइबर मॉनिटरिंग सिस्टम के आलावा नेटवर्क नोड्स के लिए पावर बैकअप भी देना होगा। हरियाणा सरकार ने भी बीएसएनएल के साथ मिलकर फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) परियोजना शुरू की है। इसके तहत हर ग्राम पंचायत में सरकारी संस्थानों को 2 साल तक मुफ्त हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है।

# विधायक सोलंकी ने बारिश से बिरोजा फैक्टरी में हुए नुकसान का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

बीते दिनों हुई भारी बारिश ने शहर की ऐतिहासिक बिरोजा एवं तारपीन फैक्टरी को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया है। नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने फैक्टरी का दौरा कर नुकसान का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान उनके साथ वन विकास निगम के उपाध्यक्ष और कैबिनेट रैंक केहर सिंह खाची भी मौजूद रहे। विधायक ने बताया कि रात के समय फैक्टरी में बरसाती नाले का पानी घुसने से भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारी मात्रा में मलबा और पानी फैक्टरी में घुसा था, यदि यह घटना दिन के समय होती, तो जानमाल के नुकसान से भी इनकार नहीं किया जा सकता था। उन्होंने बताया कि 15 दिन पहले भी फैक्टरी में आधुनिकीकरण को लेकर एक बैठक हुई थी और इस संबंध में मुख्यमंत्री को पहले ही एक प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री से फैक्टरी के आधुनिकीकरण के लिए बजट की मांग करने की बात कही। निगम उपाध्यक्ष खाची ने बताया कि नाहन स्थित यह फैक्टरी प्रदेश की सबसे पुरानी औद्योगिक इकाइयों में से एक है, जो लगभग 77 साल पुरानी है। सरकारी नियंत्रण में प्रदेश में नाहन और बिलासपुर में दो बिरोजा एवं तारपीन फैक्ट्रियां संचालित हैं।

7 जुलाई को हुई बरसात से फैक्टरी को करोड़ों का नुकसान हुआ है। बरसाती नाले का पानी घुसने से फैक्टरी पूरी तरह तहस-नहस हो गई है। खाची ने जोर देते हुए कहा कि इस फैक्टरी को सुरक्षित रखना और इसका पुनरुद्धार करना सरकार का दायित्व है। वे मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही नुकसान का आकलन करने यहां पहुंचे हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस फैक्टरी को नए सिरे से निर्मित करने और जल्द ही इसका आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है। शिमला पहुंचते ही वे फैक्टरी को हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। उन्होंने प्रबंधन को निर्देश दिए कि विधायक अजय सोलंकी, तकनीकी स्टाफ, नेशनल हाईवे अथॉरिटी और लोक निर्माण विभाग की राय लेकर जल्द से जल्द नुकसान का अनुमान तैयार किया जाए। इसके आधार पर फैक्टरी के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान और फैक्टरी के महाप्रबंधक वेद शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सेब सीजन में कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आढ़तियों व ट्रांसपोर्ट के साथ बैठक करते एसपी गौरव सिंह।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोलन में एसपी गौरव सिंह की अध्यक्षता में जिला सोलन में सेब सीजन के सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विशेष रुप से सचिव, एपीएमसी सोलन, सेब आढ़ती, ट्रांसपोर्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सोलन, उपपुलिस अधीक्षक (एलआर), अतिरिक्त थाना प्रभारी, सदर सोलन व प्रभारी यातायात इकाई सोलन ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी सेब सीजन में कानून व्यवस्था व यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा मंडी में कार्य कर रहे श्रमिकों, आढ़तियों, चालकों एंव किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए विस्तृत रणनीति तैयार करना था। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर सयुंक्त रुप से विचार-विमर्श किया गया। सेब सीजन के दौरान ट्रक चालकों व वाहन मालिकों की पृष्ठभूमि की पूर्ण जांच व पहचान सुनिश्चित की जाएगी। आढ़तियों को पहचान पत्र सचिव, एपीएमसी, सोलन द्वारा जारी किए जाएंगे, जिससे अवांछित व्यक्तियों की पहचान करने में आसानी होगी और संदिग्ध व्यक्ति पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। फल मंडी परिसर के प्रवेश/निकास द्वार पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिससे मंडी में आने-जाने वाले प्रत्येक ट्रक व व्यकित पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सेब सीजन के दौरान ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए मंडी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र में यातायात पुलिस की विशेष तैनाती की जा रही है तथा भारी वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए वैकल्पिक पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए जा रहे हैं।

# देवराज ने नॉन एप्पल जोन में तैयार की सेब की पैदावार

**आशीष, अनंत ज्ञान**



**दाड़लाघाट।** पंचायत रौडी के निवासी देवराज शर्मा ने सेब के पौधे को कामयाब कर दिखाकर एक मिसाल प्रस्तुत की है।

वह ट्रांसपोर्ट का कार्य करते हैं, लेकिन सुबह-शाम पशुपालन, सब्जियां और फलदार पौधे लगाना और उनकी सेवा करना उनकी दिनचर्या का एक अहम हिस्सा या शौक बन गया है। देवराज शर्मा ने वर्ष 2020 में 150 पौधों से सेब की पैदावार की शुरुआत की थी। आज उन्होंने लगभग अढ़ाई बीघे भूमि पर सेब के 300 पौधे लगाए हैं और उन्हें कामयाब बनाया है। उनके पास 5 विभिन्न प्रकार के सेब की प्रजातियों में जेरोमाइन, रेड लमगाला, शिनको रेड गाला, डार्क बैरन गाला, स्कारलेट गाला के कुल 350 पौधे हैं, जो 5 साल पुराने हैं और पहली बार सेब की पैदावार को बेचा जा रहा है। देवराज शर्मा का अगला लक्ष्य इन्हीं प्रजाति के सेब अधिक मात्रा में उगाना और उन्हें कामयाब करना है, ताकि नॉन एप्पल जोन वाले इस क्षेत्र में सेब की फसल में कामयाबी मिल सके और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल सके।

# ईसीएचएस में मनाया वन महोत्सव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आर्मी कैंट सोलन स्थित ईसीएचएस पोलिक्लिनिक में मंगलवार को वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अनेक सेवा अधिकारी पूर्व सैनिक, वीर नारियां तथा मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। इसमें सेवानिवृत्ति जनरल प्रदीप खन्ना, कर्नल सोनम भारद्वाज, कर्नल शानू, मेजर लोकपाल सिंह, डॉक्टर एसएल वर्मा तथा डॉक्टर हरलीन मौजूद रहे। पोलिक्लिनिक इंचार्ज कर्नल राजपाल सिंह ने बताया कि विभिन्न प्रकार के फूलों वाले फलदार तथा औषधीय गुण वाले लगभग 200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जो इस माह के अंत तक यह लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने पॉलीक्लिनिक सोलन में आरंभ किए जा रहे है कुछ और प्रोजेक्ट्स की भी जानकारी दी।

# अखिल मोहन अग्रवाल बने लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, बद्दी**

लघु उद्योग भारती प्रदेश इकाई का गठन बद्दी के होटल ज्योति में हुआ। इसमें बद्दी के अखिल मोहन अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

इस पुनर्गठन समारोह में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सगठन मंत्री प्रकाश चंद्र उपस्थित हुए। उन्होंने लघु उद्योग भारती के इतिहास पर विस्तर से प्रकाश डाला, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद धूमल ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। राष्ट्रीय सचिव और हिमाचल प्रभारी विक्रम बिंदल ने सगठन के बारे और प्रतिवर्ष सगठन के कार्यों की चर्चा की। प्रदेश में लघु उद्योग भारती के 1132 सदस्य हैं। कार्यकारणी में लघु उद्योग भारतीय हिमाचल प्रदेश के पुनर्गठन में हरबंस पटियाल और एमपी शर्मा को पैटर्न बनाया गया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष अखिल मोहन अग्रवाल, महासचिव अश्वनी गर्ग, कोषाध्यक्ष अजय चौहान, उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, प्रकाश वर्मा, विनोद खन्ना, पंकज मित्तल संयुक्त सचिव नवीन रावत, प्रमोद कुमार, नीरज गुप्ता पालमपुर, कार्यकारिणी सदस्य बलराम अग्रवाल, विकास सेठ, संजीव वर्मा (दावत), अरुण शर्मा (स्टील बर्ड), एनपी कौशिक, सतनाम (बरोटीवाला), अरुण शुक्ला, कानूनी सलाहकार एडवोकेट नवरतन देव शर्मा (काला अम्ब) आईटी विंग पीयूष (बरोटी वाला) को बनाया गया।

# शूलिनी विवि को यूजीसी श्रेणी-1 का मिला दर्जा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक प्रमुख सम्मान में, हिमाचल के सोलन जिले में स्थित शूलिनी जैव प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अपने श्रेणीबद्ध स्वायत्तता विनियम, 2018 के तहत श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया है। यह विश्वविद्यालय को देश के सबसे स्वायत्त और उच्च प्रदर्शन करने वाले संस्थानों में से एक बनाता है। यूजीसी द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव के बाद, यूजीसी ने अपनी 591वीं आयोग बैठक के दौरान यह निर्णय लिया। विश्वविद्यालय को यूजीसी के स्वायत्तता ढांचे में निर्धारित मानदंडों को पूरा करने के बाद शीर्ष श्रेणी में रखा गया है। इसमें टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में दुनिया भर के शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों में स्थान बनाए रखना शामिल है। इस वर्गीकरण के साथ, शूलिनी विश्वविद्यालय उन चुनिंदा भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में शामिल हो गया है, जो व्यापक शैक्षणिक और प्रशासनिक स्वतंत्रताओं के लिए पात्र है। इनमें नए पाठ्यक्रम और विभाग शुरू करना, परिसर के बाहर केंद्र शुरू करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग स्थापित करना शामिल है। बिना यूजीसी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए। शूलिनी विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो. पीके खोसला ने शिक्षा मंत्रालय के तहत विश्वविद्यालय के पहले आवेदन में श्रेणी-1 का दर्जा प्राप्त करने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह विशिष्टता हमें अनुसंधान में अधिक स्वायत्तता और उन्नत अनुदानों तक पहुंच प्रदान करती है।

# टोल प्लाजा कर्मी से मारपीट मामले में दो किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

टोल प्लाजा कर्मचारी अमित सिंह ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 14 जुलाई रात्रि को जब यह अन्य टोल प्लाजा कर्मचारियों सहित टोल प्लाजा पर ड्यूटी पर मौजूद थे, तो समय करीब 9.30 बजे रात लेन नंबर 05 पर एक गाड़ी तथा लेन नंबर 03 पर एक गाड़ी आई, जिस पर उनसे पर्ची कटवाने के लिए कहा गया, तो उक्त वाहन के एक चालक पर्ची कटवाने के लिए पैसे देने में आनाकानी करने लगा।

इनके साथ बहसबाजी करने लग पड़ा, जब टोल के एक कर्मी सोनू ने उनको समझाने की कोशिश की तो उसी समय एक ट्रक चालक ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, इसी दौरान जब टोल प्लाजा के अन्य कर्मचारी बीच बचाव करने आए, तो वहां पर 4/5 अन्य गाड़ी चालकों ने इनके साथ मारपीट की तथा पूरे टोल प्लाजा को जाम कर दिया तथा उक्त सभी चालकों ने मिलकर इनके साथ मारपीट की इस मारपीट में इन्हें काफी चोटें आईं। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उक्त मामले में संलिप्त वाहन चालकों में से दो वाहन चालक अमन ठाकुर पुत्र बहादुर सिंह निवासी मलानग तहसील व जिला सोलन उम्र 30 वर्ष व सूर्य प्रकाश पुत्र राकेश कुमार निवासी गाव कनोर नाला डा. कुकरी तह. व जिला शिमला को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और वारदात में संलिप्त वाहन टिप्पर नंबर एचपी-64-9024 व केंटर नंबर एचपी-25सी-2786 को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। उक्त मामले में चोटिल हुए टोल प्लाजा के कर्मचारियों को उपचार के लिए सीएचसी धर्मपुर ले जाया गया। उक्त मामले की जांच/अन्वेषण के दौरान पाया गया कि मामले में संलिप्त इन चालकों व टोल प्लाजा के कर्मियों के बीच ओवर लोडिंग की ज्यादा चार्जिंग को लेकर बहसबाजी हुई थी और उक्त वाहन चालकों का कथन था कि टोल प्लाजा के कर्मचारी इनसे ओवर लोडिंग के ज्यादा पैसे वसूल कर रहे हैं, जो यह बहसबाजी बाद में मारपीट में तब्दील हो गई। मामले में जांच जारी है।

# ग्रामीण गारंटी अधिनियम के तहत हुई 304 कार्यों की जियो टैगिंग



खंड विकास अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न लंबित कार्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। मनमोहन शर्मा खंड विकास अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत सोलन जिले में अब तक 304 कार्यों की जियो टैगिंग हो चुकी है तथा 21 कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने आगामी माह तक सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि जिले को सुदंर व स्वच्छ बनाने के लिए प्लास्टिक कचरे का सही निष्पादन आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को ठोस व तरल कचरे का सही निष्पादन व कचरा एकत्र करने के लिए रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग के तहत सोलन में 46 संस्थानों को प्रमाणित किया गया है। इसमें धर्मपुर में 10, कंडाघाट में 7, कुनिहार में 6, नालागढ़ में 13 तथा सोलन में 10 संस्थानों को प्रमाणित किया गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 18 आवास स्वीकृत किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण स्तर पर स्वयं सहायता समूहों को और मजबूत कर उनकी आर्थिकी में बढ़ोतरी करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सोलन में हिम ईरा दुकानों व साप्ताहिक बाजार के माध्यम से 3,62,400 रुपए का कारोबार किया गया है।

**आयोजन** इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड ने एनसीसी कैडेट्स किए जागरूक

# बिजली से संबंधित शिकायत 1912 पर करें

**अनंत ज्ञान, सोलन**



एनसीसी बटालियन के अधिकारी, कैडेट्स, अग्निशमन विभाग व बोर्ड के अधिकारीगण।

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड सभी बिजली उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। साथ ही बिजली उपभोक्ताओं की बिजली अपघात से बचने के तरीके भी उपभोक्ताओं को बताए जा रहे हैं। बरसात में बिजली अपघात की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है।

इसी के दृष्टिगत प्रदेश में बिजली अपघात सुरक्षा बारे, जहां प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहीं, बिजली बोर्ड के अपने तकनीकी कर्मचारियों को भी शिक्षित किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के लिए विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स को भी जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक बिजली सुरक्षा जागरूकता बैठक का आयोजन एनसीसी और अग्निशमन विभाग के तत्वाधान में सोलन के उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी परिसर में किया गया। इस बिजली सुरक्षा बैठक में पहली एनसीसी बटालियन सोलन के कैंप कमांडर कर्नल राजीव थॉमस के नेतृत्व में 520 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के सलाहकार अनुराग पराशर ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स कल के होनहार नागरिक और वीर हैं और उन्हें देश तथा प्रदेश की विकास योजनाओं के बारे भी जानकारी होनी चाहिए।

इससे वह अपने ही नहीं, बल्कि लोगों को सही जानकारी देकर सूचना प्रबंधन की महता समझ सके। उन्होंने आग लगने की स्थिति में अग्निशमन विभाग द्वारा दी गई जानकारी को भी आवश्यक बताया। उन्होंने बिजली आपूर्ति संबंधित किसी तरह की रूकावट और शिकायत आने की दिशा में बोर्ड के टोल फ्री नं. 1800-180-8060 या 1912 पर भी संपर्क करने के लिए कहा। उन्होंने बिजली सुरक्षा तथा बचत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिजली बचत न केवल उपभोक्ताओं के लिए, बल्कि बोर्ड के लिए भी लाभप्रद है। उन्होंने नए बिजली कनेक्शन जारी करने, अतिरिक्त बिजली भार, अस्थायी बिजली कनेक्शन, बिजली मीटर के स्थानांतरण, बिजली बिलों के भुगतान के लिए ऑनलाइन व अन्य सुविधाओं की जानकारी दी।

# जड़ी-बूटी से आंखों का इलाज करने वाली सत्या का हुआ निधन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय के नजदीक के चिल्ला गांव निवासी और जड़ी-बूटियों से आंखों का इलाज करने वाली बुजुर्ग महिला सत्या देवी अब हमारे बीच नहीं रही। बीती शाम लगभग 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से न केवल चिल्ला गांव, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सत्या देवी जड़ी-बूटियों से आंखों के उपचार की अपनी अनोखी कला के लिए हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में प्रसिद्ध थी। दूर-दूर से लोग केवल उनकी एक बूंद दवा के लिए सोलन पहुंचते थे, क्योंकि उन्हें विश्वास था कि उनकी आंखों की रोशनी सत्या देवी की जड़ी-बूटियों से वापस लौट सकती है। वे आंखों में किसी विशेष जड़ी-बूटी से तैयार किया गया पानी डालती थी, जिसे लोग चमत्कारी मानते थे अनेक लोगों ने दावा किया कि उन्हें वर्षों से चली आ रही आंखों की समस्याओं से इस उपचार से राहत मिली। उनकी यह विलक्षण कला पीढ़ियों तक चर्चा का विषय बनी रही।

# किन्नौर कल्याण समिति सोलन ने लोहारों गांव में किया पौधरोपण



डांगरी पंचायत के लोहारों गांव में पौधरोपण के दौरान किन्नौर कल्याण समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पर्यायवरण संरक्षण के तहत जुलाई माह में आयोजित किया जाने वाला पेड़ों का त्योहार वन महोत्सव जिला भर में मनाया जा रहा है।

इस उपलक्ष्य पर किन्नौर कल्याण समिति सोलन ने जिला सोलन के डांगरी पंचायत के लोहारों गांव में करीब 2 बीघा भूमि पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व विभिन्न प्रकार के औषधिय पौधे व सजावटी पौधों। इसमें आंवला, नीम, जामुन, अर्जुन, बोटल ब्रश, जकरांडा आदि का रोपण किया। किन्नौर कल्याण समिति के अध्यक्ष एनआर नेगी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जन मानस में वनों के महत्व और पर्यायवराण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन को रोकना तथा पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना है। पौधरोपण कार्यक्रम में किन्नौर कल्याण समिति सोलन के कार्यकारिणी सदस्य विजय नेगी, राज गोपाल नेगी, सोहन सिंह, राजतिलक, बंसी लाल नेगी, नेगी सूरज अक्षयान, सुशील नेगी, रण आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### यौन शोषण मामले में 20 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा कोर्ट ने मंगलवार को यौन शोषण के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 75 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। सिरसा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. नरेश कुमार सिंघल ने अहम फैसले में यौन शोषण के मामले में आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी रानियां को दोषी ठहराते हुए कठोर दंड सुनाया है। यह मामला थाना सदर सिरसा में 27 जून 2021 को पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। अदालत ने मंगलवार को मामले का निपटारा करते हुए पोक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया, जबकि भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत 14 वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 9 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### सात दोस्तों ने युवक को मौत के घाट उतारा

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** सेक्टर-सात-आठ के चौक से 13 जुलाई की रात को दोस्तों द्वारा कार में अगवा कर युवक को ऊंचा गांव ले जाकर बुरी तरह डंडों और पाइप से पीटने की घटना में घायल ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में सात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पांच आरोपितों को दबोच लेने का दावा किया है। प्रेम नगर की रहने वाली रेनू ने थाना सेक्टर-आठ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा आकाश पटेल सेक्टर-छह स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह 12 जुलाई को ड्यूटी गया था। जब वह आधी रात के बाद डेढ़ बजे अपनी ड्यूटी समाप्त करके घर लौट रहा था तो वह सेक्टर-सात-आठ के चौक पर पड़ों के नीचे खड़ा था। तभी कार में आकाश के साथ पढने वाले दोस्त साहिल, जाहुल खान, आरिफ खान, अल्ताफ, सूरज, विकास, सोहिल आ गए और उन्होंने उससे कार में बैठने के लिए कहा। वह उनके कहने पर कार में बैठ गया। वह उसे ऊंचा गांव की तरफ ले गए। वहां पर उन्होंने जान से मारने की नीयत से उसे सडक़ पर गिराकर मारा। पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरों ने डंडा और लोहे के पाइप से उसकी जांघ, छाती, पेट, हाथ पर गंभीर चोट मारी। इतना ही नहीं हमलावरों ने उसकी पीटते हुए की वीडियो भी बनाई। किसी ने उसे सेक्टर-10 के संजीवनी अस्पताल में भर्ती करा दिया। अस्पताल से उन्हें मोबाइल पर आकाश पटेल के दाखिल होने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद वह उसे बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल ले गए। अस्पताल के डाक्टरों ने उसे बादशाह खान अस्पताल भेज दिया। बादशाह खान अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे गंभीर अवस्था में सफदरजंग के लिए रैफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल के प्रबंधन ने आक्सीजन न होने के कारण उसे अस्पताल से बाहर निकाल दिया। वह उसे गंभीर अवस्था में एनआईटी स्थित पराग अस्पताल ले आए। जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सभी हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

### पीजीआई ने कलाकार गजेंद्र को बनाया ब्रांड एंबेसेडर

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** अब समय की मांग है कि अंगदान के प्रति हर घर तक जागरूकता फैलाई जाए क्योंकि जिस हिसाब से लोगों के जीवन को बचाने के लिए विभिन्न अंगों की जरूरत पड रही है उसके अनुसार अंगदान बहुत कम है। इसके चलते हर साल लाखों लोगों को अपना जीवन अंगों के अभाव में खोना पड रहा है। प्रदेश में लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन सोटो द्वारा सीएम के ओसीडी एवं कलाकार गजेंद्र फौगाट को अंगदान जागरूकता का ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने बताया कि स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन सोटो ने अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने गायक गजेंद्र फौगाट को ब्रांड एंबेसडर बनाया है, जिसका उद्देश्य प्रदेश में अंगदान के बारे में लोगों को जागरूक करना है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि पीजीआइएमएस में किडनी और कॉर्निया ट्रांसप्लांट पहले से चालू है और बहुत जल्दी लिवर ट्रांसप्लांट को शुरू करने की तैयारी भी चल रही है।ब्रेन डेड होने पर अंगदान करने वाला व्यक्ति अपने अंगों के जरिए 8 लोगों का जीवन बचा सकता है। लेकिन अंगदान की कमी के कारण लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं।

### एक्टर-डायरेक्टर धीरज कुमार का निधन

**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड और टीवी जगत के दिग्गज एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार का 15 जुलाई को निधन हो गया। निमोनिया के चलते उन्होंने 79 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार 16 जुलाई को किया जाएगा, जिससे पहले उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए सुबह 6 बजे से 10 बजे तक उनके घर पर रखा जाएगा। दिग्गज एक्टर-प्रोड्यूसर ने मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में सुबह करीब 11:40 मिनट पर अंतिम सांस ली। उन्होंने अपने लंबे करियर में कई लोकप्रिय शोज और फिल्मों में



काम किया था। साल 1970 में उन्होंने बतौर एक्टर फिल्म 'दीदार' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, जिसमें 'रातों के राजा', 'बहारों फूल बरसाओ', 'शराफत छोड़ दी मैंने', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी फिल्में शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### फिलीपींस में 5.8 तीव्रता का आया भूकंप

**एजेंसी, फिलीपींस।** फिलीपींस में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 दर्ज की गई। हालांकि, अभी




तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, मंगलवार सुबह उत्तरी फिलीपींस के इलोकोस नॉर्ट प्रांत में 5.8 तीव्रता का एक भूकंप आया, जिसकी जानकारी फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनो लॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने दी। बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह 10 बजकर 38 मिनट पर महसूस किए गए।, जिसका केंद्र पासुक्विन शहर से लगभग 29 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 27 किलोमीटर की गहराई पर था। यह टेक्टॉनिक भूकंप था, जिसके कारण कुछ और झटके आ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### नक्सलियों ने की शिक्षक समेत दो लोगों की हत्या

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित पिलूर गांव के जंगलों में मंगलवार को दो लोगों की हत्या कर दी गई। मृतकों में से एक की पहचान विनोद माडे के रूप में हुई, जो कोंडापड़गु स्कूल में शिक्षक थे। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने उन्हें सोमवार की शाम अगवा कर लिया था। विनोद का शव और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति का शव फरसगढ़ पुलिस स्टेशन के पास मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस माओवादियों की तलाश में गांव पहुंच गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस मुखबिरी के संदेह में उनकी हत्याएं की गई हैं। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नक्सलियों ने शवों के पास पर्चे छोड़े, जिसमें पीड़ितों पर सुरक्षा बलों को जानकारी देने का आरोप लगाया गया था। इस घटना ने क्षेत्र में फिर से डर पैदा कर दिया है, जो लंबे समय से माओवादी विद्रोह का गढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़ में 13 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के राजनांद गांव जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सभी



के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और उन्हें जल्द ही देश से डिपोर्ट (निर्वासन) किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) लगातार सक्रिय है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया गया है और एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, ताकि नागरिक इस प्रकार की गतिविधियों की सूचना दे सकें। विजय शर्मा ने कहा कि कई स्थानों पर छापेमारी के दौरान ऐसे घुसपैठियों की पहचान कर उन खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मीडिया से बातचीत में विजय शर्मा ने नक्सलियों के दावे पर भी जवाब दिया। नक्सलियों ने एक पत्र जारी कर यह दावा किया है कि पिछले एक साल में 300 से अधिक नक्सली मारे गए हैं। (अनंत ज्ञान)

उपायुक्त चंडीगढ़ की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, कहा-

# संकेतक बोर्ड यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक बैठक श्री निशांत कुमार यादव, आईएएस, उपायुक्त, चंडीगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसएसपी (यातायात एवं सुरक्षा), एसडीएम, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग (डीएचएस), अभियंत्रण विभाग, मुख्य वास्तुकार कार्यालय, आबकारी विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने तथा सुचारू नगरीय गतिशीलता सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागों में समन्वित एवं सतत प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि बैठक में लिए गए निर्णयों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ उन्होंने अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को जरूरी आदेशों को जल्द पूरा करने को कहा, ताकि जनता को कोई असुविधा न हो।



### स्पीड लिमिट मैपिंग परियोजना में विसंगतियां

**बैठक** में अवगत कराया गया कि लेप्टन सॉफ्टवेयर द्वारा गूगल मैप्स के सहयोग से चंडीगढ़ की सड़कों पर डिजिटल नेविगेशन प्लेटफॉर्म पर सटीक आधिकारिक गति सीमा प्रदर्शित करने हेतु स्पीड लिमिट मैपिंग परियोजना का मूल्यांकन किया गया। डाटा सत्यापन के दौरान पाया गया कि आधिकारिक अधिसूचित गति सीमाओं और वर्तमान में सड़कों पर लगे संकेत बोर्डों में कई विसंगतियां हैं। सर्वेक्षण में 1131 सड़क खंडों में से 637 स्थानों पर ऑन-ग्राउंड साइनबोर्ड और आधिकारिक आंकड़ों में मेल नहीं था। 178 स्थानों पर कोई गति सीमा संकेतक नहीं पाया गया तथा 175 स्थानों पर दुपहिया वाहनों हेतु गति सीमा बोर्ड नहीं थे। इन विसंगतियों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने अभियंत्रण विभाग, पुलिस (यातायात शाखा) सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि गलत गति सीमा संकेतकों को तुरंत दुरुस्त किया जाए।

### नवोटेल होटल, ट्रिब्यून चौक के निकट अवैध टैक्सी स्टैंड

**मुख्य** अभियंता, यूटी को इस क्षेत्र में अवैध टैक्सी संचालन पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अवैध प्रवेश को रोकने के लिए क्रैश गार्ड ग्रिल्स की स्थापना का कार्य प्रगति पर है, जो जुलाई 2025 के पहले सप्ताह तक पूर्ण होने की संभावना है। यातायात पुलिस को कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### अतिक्रमण और अवैध पार्किंग

**एसडीएम** (पूर्व) द्वारा संबंधित विभागों के साथ एक संयुक्त सर्वेक्षण किया जाएगा। अभियंत्रण विभाग को सख्त प्रवर्तन योजना तैयार करने का कार्य सौंपा गया है, जिसमें बाउंड्री वॉल का निर्माण एवं अवैध वाहन प्रवेश व पार्किंग को रोकने हेतु आयरन रेलिंग लगाने की कार्रवाई शामिल होगी।

### गति नियंत्रण उपाय

**जनसुरक्षा** को बढ़ाने के लिए मुख्य अभियंता, यूटी को इस व्यस्त मार्ग पर उचित गति नियंत्रण उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए। अभियंत्रण विभाग को 15 मिमी ऊंची स्ट्रिप्स लगाने हेतु कहा गया जिससे वाहनों की गति प्रभावी रूप से कम की जा सके।

### शराब दुकान पर चिंता

**उपायुक्त** ने धनास लाइट प्वाइंट पर शराब दुकान के संचालन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्थानांतरित करने हेतु उपयुक्त स्थल तलाशा जाए। आगामी आबकारी नीलामी में इस स्थान को विचार से बाहर रखा जाए।

## एमसीएम के सारथी स्वयंसेवकों ने शैक्षणिक सुधारों को दिया समर्थन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय में एनईपी सारथी स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दूरदर्शी पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में भूमिका निभाई है।

छात्र-केंद्रित सुधारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, इन समर्पित स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच एनईपी 2020 के तहत किए गए शैक्षणिक परिवर्तनों के प्रति जागरूकता और समझ विकसित करने में अहम योगदान दिया। संस्थान और छात्र समुदाय के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करते हुए, सारथी स्वयंसेवकों ने मल्टीडिसिप्लिनरी कोर्सेस (एमडीसी), वैल्यू एडेड कोर्सेस (वीएसी) और नवप्रस्तावित लचीले , क्रेडिट-आधारित ढांचे जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके प्रयासों ने इस नए शैक्षणिक ढांचे में बदलाव को काफी आसान बना दिया, जिससे विद्यार्थियों को अब उनके लिए उपलब्ध व्यापक अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिली है। कार्यशालाओं, सहकर्मी मार्गदर्शन और परामर्श सत्रों के माध्यम से, स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को उनकी रुचियों को चुनने में सक्षम बनाया।

## भाजपा ने चंडीगढ़ में संगठनात्मक मजबूती को लेकर की तैयारियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ कार्यालय 'कमल' में आज एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पार्टी के चंडीगढ़ प्रभारी एवं गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक का उद्देश्य संगठन की तैयारियों की व्यापक समीक्षा करना और सांगठनिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाना रहा।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने की। यह बैठक विशेष रूप से प्रदेश इकाई की रणनीतिक भूमिका और जिम्मेदारियों को केंद्र में रखकर आयोजित की गई थी। अतुल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित अनुशासित संगठन है, जो जनसेवा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करता है। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और सांगठनिक ढांचे की गहराई तक विस्तार पर बल दिया।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा चंडीगढ़ में संगठन को लेकर पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी प्रदेश पदाधिकारियों से अपील की कि वे सामूहिक जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढ़ें और पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

## 35 धार्मिक स्थलों पर चलेगा बुलडोजर

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** ग्रीन बेल्ट पर बने 35 धार्मिक स्थलों को तोड़ने के लिए निगम की ओर से नोटिस चस्पा किए गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि लोग इन धार्मिक स्थलों को अपने आप हटा लें। वरना निगम की ओर से तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। निगम की ओर से एनआईटी तीन स्थित मस्जिद में तोड़फोड़ रोकने को लेकर मंगलवार को मेयर प्रवीण जोशी से मुलाकात की।

लोगों ने कहा कि पुरानी मस्जिद बनी हुई है। सोमवार को निगम की ओर से नोटिस चस्पा किया गया कि मस्जिद को पांच दिन के भीतर की तोड़ दिया जाएगा। जोकि पूरी तरह से गलत है। लोगों ने कहा कि मस्जिद के साथ ही कई अन्य धार्मिक स्थलों को तोड़ने का नोटिस चस्पा किया गया है।

## पर्यटन आर्थिक सशक्तिकरण बढ़ाने का उपाय : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पर्यटन विभाग की 'गेम चेंजर योजनाओं' की वर्चुअल समीक्षा की, जिसमें पर्यटन नीति-2023 के तहत राज्य में हो रहे निजी निवेश, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों और स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्यटन नीति लागू होने के बाद हुए कुल निजी निवेश, एमओयू की स्थिति एवं उनकी ग्राउंडिंग और विभिन्न पर्यटन योजनाओं में हुए निवेश का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाने का नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार सृजन और पलायन रोकने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने शीतकालीन पर्यटन के प्रचार-प्रसार और यात्रियों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य का भविष्य पर्यटन आधारित समावेशी विकास में निहित है, जिसे सरकार प्राथमिकता से आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने मसूरी और नैनीताल सहित सभी बड़े टूरिस्ट स्पॉट की कैरिंग कैपेसिटी का आकलन किए जाने के साथ नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित करने पर ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्थानीय परिवारों को होम स्टे से जोड़ने, तकनीकी व वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने तथा ट्रैकिंग रूट्स के निकट स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु 'ट्रैकिंग ट्रैक्शन सेंटर होम-स्टे अनुदान योजना' को तेजी से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 'वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना' की भी समीक्षा की और युवाओं को समयबद्ध ढंग से ऋण व अनुदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने योजना से प्रेरित युवाओं, होम स्टे से जुड़े गांवों और पलायन में आई कमी का मूल्यांकन भी आवश्यक बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'गेम चेंजर योजनाएं' न केवल पर्यटन को बढ़ावा दे रही हैं, बल्कि राज्य के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं।

## देश-विदेश

## ओडिशा सेक्शुअल हैरेसमेंट केस: छात्रा की मौत पर राहुल बोले-बेटियां जल रहीं, प्रधानमंत्री चुप

### कांग्रेस सेंक रही राजनीतिक रोटियां : केंद्रीय मंत्री प्रधान

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

ओडिशा के बालासोर स्थित फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज में खुद को आग लगाने वाली 20 साल की स्टूडेंट ने सोमवार देर रात दम तोड़ दिया। छात्रा 95 फीसदी झुलस चुकी थी और पिछले 3 दिनों से भुवनेश्वर के एम्स में जिंदगी की जंग लड़ रही थी।



राहुल गांधी | धर्मेंद्र प्रधान

छात्रा की मौत के बाद लोकसभा में कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा- मोदी जी, ओडिशा हो या मणिपुर देश की बेटियां जल रही हैं, दम तोड़ रही हैं। और आप? खामोश बने बैठे हैं। देश को आपकी चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए।

राहुल के इस बयान को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओछी राजनीति करार दिया। प्रधान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि ओडिशा की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका बना लिया है।

### ओडिशा में आत्मदाह करने वाली छात्रा की मौत

**एजेंसी, बालासोर।** ओडिशा के बालासोर एफएम कॉलेज में आत्मदाह करने वाली छात्रा की एम्स भुवनेश्वर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस मामले में 30 जून को पुलिस में शिकायत हुई थी और इसके बाद 12 दिन बाद आरोपी अरेस्ट हुआ, जब पीड़ित ने आत्महत्या की कोशिश की थी। बालासोर एफएम कॉलेज में छात्रा आत्मदाह की कोशिश की थी, जिसमें वह लगभग 95 प्रतिशत तक जल गई थी। इसके बाद से अस्पताल में उसका इलाज हो रहा था। इस दौरान एम्स भुवनेश्वर में गुर्दे की रिप्लेसमेंट थेरेपी सहित कई कोशिश छात्रा को बचाने के लिए की, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। (अनंत ज्ञान)

## तेजस मार्क-1ए के लिए मिला इंजन वायुसेना को मिलेंगे नए फाइटर जेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय फाइटर जेट तेजस मार्क-1ए के निर्माण में अब तेजी आएगी। इस लड़ाकू विमान के लिए अमेरिकी कंपनी ने भारत को जेट इंजन की सप्लाई शुरू कर दी है। स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मार्क-1ए के लिए भारत को जीई-404 इंजन प्राप्त हुआ।

रक्षा अधिकारियों के मुताबिक यह अमेरिकी कंपनी से मिला दूसरा जेट इंजन है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय विमानन कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) तेजस का निर्माण कर रही है। जानकारी के मुताबिक एचएएल को इस वित्त वर्ष के अंत तक कुल 12 जीई-404 इंजन मिलने हैं। ये सभी इंजन भारतीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए में लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना ने अपनी फ्लीट के लिए 83 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है। दरअसल भारतीय वायुसेना को नए लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। इसके लिए वायुसेना ने स्वदेशी लड़ाकू का विकल्प चुना है। (अनंत ज्ञान)

## टेस्ला ने भारत में पहली कार वाई मॉडल के दो वैरिएंट किए लॉन्च

**एजेंसी, मुंबई**

एलन मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला ने पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाई को भारत में लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि ये कार एक बार फुल चार्ज में 622 किलोमीटर तक चल सकती है। कार में सेफ्टी के लिए 8 एयरबैग के साथ लेवल-2 एडास जैसे फीचर्स दिए गए हैं।



इलेक्ट्रिक कार को भारत में दो वैरिएंट रियर व्हील ड्राइव और लॉन्ग रेंज रियर व्हील ड्राइव में पेश किया गया है। इसकी रयर व्हील ड्राइव वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 60 लाख रुपए है। वहीं लॉन्ग रेंज वैरिएंट की कीमत 68 लाख रुपए है। जबकि, ग्लोबल मार्केट में यह कार ऑल व्हील ड्राइव ऑप्शन के साथ भी आती है। कार की बुकिंग शुरू कर दी गई है।

### शेयर बाजार में 4 दिन बाद लौटी तेजी

## सेंसेक्स 317 अंक बढ़कर बंद, 113 .50 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मजबूत उछाल के साथ बंद हुए। इसके साथ ही सेंसेक्स और निफ्टी में पिछले 4 दिनों से जारी गिरावट पर विराम लग गया। बीएसई सेंसेक्स 317.45 अंकों की तेजी के साथ 82,570.91 पर बंद हुआ। जबकि एनएसई निफ्टी 113.50 अंक चढ़कर 25,195.80 पर बंद हुआ। जून




महीने की खुदरा महंगाई दर घटकर 2.1 प्रतिशत पर आने से निवेशकों में उत्साह देखने को मिला, जो कि बीते 77 महीनों का सबसे निचला स्तर है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि जून की महंगाई दर में आई गिरावट भारतीय रिजर्व बैंक के लिए राहत की बात है और इससे ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें फिर से जोर पकड़ सकती हैं। निवेशकों की नजरें अब अमेरिका के महंगाई दर के आंकड़ों पर टिकी हैं, जिनके आज रात जारी होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप प्रशासन ने मैक्सिकन टमाटरों पर लगाई 17 प्रतिशत एंटी-डंपिंग ड्यूटी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

ट्रंप प्रशासन बड़ा बयान देते हुए मेक्सिको के टमाटर पर 17 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की गई। प्रशासन का कहना है कि डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स को अमेरिकी किसानों की तरफ से लंबे समय से नुकसान की शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

वर्ष 2019 में अमेरिका और मेक्सिको के बीच एक व्यापारिक समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत कहा गया था कि मेक्सिको अपने टमाटरों को अमेरिका में एक तय न्यूनतम कीमत पर बेचेगा। इस समझौते का उद्देश्य था अमेरिका के किसानों को नुकसान न हो। इसे सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के अधिकारी समय-समय पर समझौते के नियमों की समीक्षा करते रहे हैं। इस समझौते के तहत मेक्सिकन टमाटरों पर टैक्स नहीं लगाया गया था।

यह समझौता किसानों को नुकसान से बचाने के लिए लाया गया था, लेकिन इसके बाद भी अमेरिका के किसानों को नुकसान हो रहा है। इस कारण से इसे हटाने का फैसला लिया गया है।

### आरटीआई में खुलासा — हवा में और टेकऑफ के दौरान शटडाउन

## भारत में 5 साल में 65 फ्लाइट्स के इंजन बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में पिछले पांच साल में 65 फ्लाइट्स में उड़ान के दौरान हवा में या टेकऑफ करते समय इंजन बंद (शटडाउन) हुए। इससे पता चलता है कि हर महीने कम से कम एक विमान का इंजन बंद हुआ। हालांकि, सभी मामलों में पायलट एक ही इंजन से विमान को नजदीकी एयरपोर्ट तक पहुंचाने में सफल रहे।

यह जानकारी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मिली है। दरअसल,



अहमदाबाद हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट से पता चला था कि विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हादसा हुआ था।

वहीं, आरटीआई रिपोर्ट से यह भी पता चला कि एक जनवरी, 2024 से 31 मई, 2025 के बीच 17 महीनों में 11 फ्लाइट्स से 'मेडे' कॉल आईं। इनमें तकनीकी गड़बड़ी की सूचना देकर इमरजेंसी लैंडिंग की मांग की गई। इनमें से चार फ्लाइट्स ने हैदराबाद में लैंडिंग की। रिपोर्ट में 12 जून दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग ड्रीमलाइनर और 19 जून को इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट शामिल नहीं है। फ्यूल कम होने की वजह से इंडिगो फ्लाइट डायवर्ट कर दी गई थी। फ्रेंच शब्द से लिया MAYDAY शब्द फ्रेंच शब्द 'm'aider' से लिया गया है। इसका मतलब है 'मुझे बचाओ'। (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया ने ब्रिटेन की चेतावनी को किया इग्नोर

**लंदन** जा रहे एयर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर जान गंवाने वाले यात्रियों के परिवार प्रांरभिक रिपोर्ट सवाल उठा रहे हैं। इस बीच, ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) ने मंगलवार को दावा किया कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश के चार हफ्ते पहले बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर को लेकर अलर्ट जारी किया था। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएबीआई) ने 12 जुलाई को 15 पेज की एक रिपोर्ट जारी की थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

## किरण ठाकुर इंडिया कैंप बीच कबड्डी के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिलासपुर जिले के गांव बठोह लाड़ाघाट की निवासी किरण ठाकुर ने अपनी मेहनत और लगन से कबड्डी की दुनिया में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। किरण ने हिमाचल की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए हाल ही में आंध्र प्रदेश में आयोजित बीच कबड्डी चैंपियनशिप में जीत हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन के बाद किरण का चयन इंडिया कैंप बीच कबड्डी के लिए हुआ है। किरण पिछले करीब दस वर्षों से धर्मशाला में प्रशिक्षण ले रही हैं और उन्होंने अपनी शिक्षा सरकारी स्कूल बठोह के भोली से प्राप्त की है। किरण ने खेलो इंडिया टूर्नामेंट में भी हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था और जीत हासिल की थी। किरण की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और गांव का नाम रोशन हुआ है,बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए भी यह गर्व की बात है। किरण के पिता रामानंद ठाकुर व माता सुनीता ठाकुर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि किरण की इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## भारत के मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी कोलकाता में चौथे कैप्टन्स कप 2025 में भिड़ेंगे



**एजेंसी, कोलकाता।** भारत के सबसे बड़े और सबसे रोमांचक मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट्स में से एक, चौथे कैप्टन्स कप के लिए उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। यह टूर्नामेंट इस वर्ष 15 से 17 अगस्त के बीच कोलकाता के सिल्वर प्वाइंट स्कूल में आयोजित होगा, जिसमें यूको बैंक गर्व से साझेदार है। नेशनल कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा माइक्स मार्शल आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में देश के हर कोने से आए शीर्ष एथलीट्स अपने कौशल, रणनीति और जज्बे का जोरदार प्रदर्शन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## लांस क्लूजनर चौथे सीजन के लिए डरबन सुपर जायंट्स के मुख्य कोच नियुक्त



**एजेंसी, उरबन।** उरबन सुपर जायंट्स ने पूर्व आलराउंडर लांस क्लूजनर को आगामी 2025-26 दक्षिण अफ्रीका 20 सीजन के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है, जो फ्रेंचाइजी का लगातार चौथा नेतृत्व होगा। विश्व क्रिकेट में एक सम्मानित हस्ती और दक्षिण अफ्रीका के सबसे प्रसिद्ध ऑलराउंडरों में से एक, क्लूजनर ने पहले सीजन में शामिल होने के बाद से डरबन सुपर जायंट्स की पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में, टीम सीजन 2 में फाइनल में पहुंची। सीजन 3 एक चुनौतीपूर्ण अभियान था, फ्रेंचाइजी एक खिताब जीतने वाली टीम बनाने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

### ईवा लिस का बेहतरीन अंदाज

**जर्मनी।** ईवा लिस अपने देश की नंबर-एक टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने दुबई में हुए डब्ल्यूटीए 1000 चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। उनके पिता व्लादिमीर एक पूर्व टेनिस खिलाड़ी रह चुके हैं। ईवा लिस के खूबसूरती के चर्चे हर जगह होते हैं।



## कुंबले ने भारत की हार की तुलना चेन्नई में पाकिस्तान से हार से की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के रोमांचक अंत में, इंग्लैंड ने भारत को केवल 22 रनों से हरा दिया।



जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और जोनाथन ट्रॉट ने अंतिम सत्र, जडेजा के वीरतापूर्ण प्रयास और दोनों टीमों के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी। तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन की समाप्ति के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने भारत की हार और मैच के आखिरी पलों पर टिप्पणी कीः मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन । जडेजा नाबाद रह गए- मतलब, उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। लेकिन इंग्लैंड अपने काम पर उटा रहा। मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर के पिछले ओवर ने मोहम्मद सिराज को जरूर परेशान किया होगा। ऐसा नहीं था कि वह गेंदबाज पर हमला करना चाहते थे, लेकिन एक बेतुके प्वाइंट ने दबाव बढ़ा दिया। मुझे लगा कि यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने का एक शानदार मौका था। लेकिन भारत के लिए यही होना चाहिए-22 रनों से हारने के बावजूद, कई विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें। (अनंत ज्ञान)

**टेस्ट क्रिकेट** **बना शर्मनाक रिकॉर्ड** कंगारुओं ने 3-0 से सीरीज पर जमाया कब्जा

# वेस्टइंडीज की पूरी टीम 27 रनों पर ढेर

**एजेंसी, किंग्स्टन**

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का समापन हो गया, लेकिन वेस्टइंडीज के लिए यह शर्मनाक रहा। पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने किंग्स्टन, जमैका में खेले गए मुकाबले में 176 रन की बड़ी जीत दर्ज कर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी पर 3-0 से क्लीन स्वीप कर कब्जा जमाया।

पिंक बॉल से खेले गए इस डे-नाइट मुकाबले में कंगारुओं ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को महज 27 रनों पर समेट दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास में अब तक का दूसरा सबसे न्यूनतम स्कोर है। टेस्ट इतिहास का सबसे कम स्कोर 26 रन है, जो न्यूजीलैंड ने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था।

अगर सैम कोन्स्टास की आखिरी समय की मिसफील्ड न होती, तो वेस्टइंडीज यह शर्मनाक रिकॉर्ड भी बराबर कर लेता। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)



### स्टार्क ने 15 गेंद पर लिए पांच विकेट

**अपना** 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए।

### गुलाबी गेंद से खेलना मुश्किल : स्टार्क

**ऑस्ट्रेलिया** ने पहला टेस्ट मैच 159 रन और दूसरा टेस्ट मैच 133 रन से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा, ''यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा।'' स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया, जबकि बोलैंड ने जस्टिन ग्रीव्स, शमर जोसेफ और जोमेल वारिकन के विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी की। यह किसी ऑस्ट्रेलियाई की 10वीं टेस्ट हैट्रिक है। बोलैंड ने दो रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज का यह टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। उसने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए 47 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। छठे ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 11 रन था उस पर टेस्ट इतिहास के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था।

### 26 रन का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम

**14वें** ओवर में 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की गलत फील्डिंग के कारण वेस्टइंडीज को एक रन लेने का मौका मिला और वह 27 रन तक पहुंच गया, जिससे न्यूजीलैंड का 70 साल पुराना 26 रन का रिकॉर्ड टूटने से बच गया, जो उसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑकलैंड में बनाया था। इस मैच में हार के साथ ही वेस्टइंडीज ने कई शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किए।

### टेस्ट की एक पारी में सबसे कम स्कोर

- न्यूजीलैंड 26 बनाम इंग्लैंड 1955 (तीसरी पारी)
- वेस्टइंडीज 27 बनाम ऑस्ट्रेलिया 2025(चौथी पारी)
- साउथ अफ्रीका 30 बनाम इंग्लैंड 1896(चौथी पारी)
- साउथ अफ्रीका 30 बनाम इंग्लैंड 1924(दूसरी पारी)

## पाक से इंटरनेशनल क्रिकेट-हाकी टूर्नामेंट खेलने पर ऐतराज नहीं : मनसुख

**एजेंसी, दिल्ली**



पाकिस्तान के साथ खेल आयोजनों को लेकर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में खेलने में कोई आपत्ति नहीं है, चाहे वह क्रिकेट हो, हाकी हो या कोई और खेल, लेकिन जब बात द्विपक्षीय खेल आयोजनों की आती है, तो सरकार के स्टैंड के बारे में सभी को पता है।

बता दें कि भारत साफ कर चुका है कि आतंक को पनाह देने वाले पाक के साथ कोई द्विपक्षीय खेल आयोजन में शामिल नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से

**मांडविया** ने कहा, पाकिस्तान हाकी संघ ने भारत में होने वाले दो टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मांगी है। खेल मंत्री ने कहा, हम उन्हें एशिया कप और जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए वीसा देंगे, लेकिन अब यह उनकी सरकार पर निर्भर करता है कि वह टीमें भेजती है या नहीं। एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

### मानसून सत्र में पेश होगा स्पोर्ट्स गवर्नेंस विधेयक

**खेल** मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल (राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक) पेश होगा। इस विधेयक के तहत एक नियामक बोर्ड बनेगा जिसे राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और उन्हें फंडिंग प्रदान करने का अधिकार होगा। बोर्ड यह भी सुनिश्चित करेगा कि खेल महासंघ उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का पालन करें।

### वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप

**नीदरलैंड** के एम्स्टर्डम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। एशिया कप में 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत और पाकिस्तान को चौथे टाइटल का इंतजार है।

## इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया के साथ दोस्ताना मैच खेलेगा अमेरिका

**एजेंसी, अटलांटा**



अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम (यूएसएमएनटी) अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यह दोनों टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। यह मैच फीफा वर्ल्ड कप-2026 की तैयारी के तहत खेले जाएंगे, जो अमेरिका में होने वाला है। दुनिया की टॉप 25 टीमों में शामिल इन दोनों टीमों के खिलाफ होने वाले मैच अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए अहम मौके होंगे। यह मैच अमेरिका को वर्ल्ड कप की मजबूत टीमों से खेलने का मौका देंगे। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अगले साल वर्ल्ड कप में उन्हें किस तरह की टीमों और खेलने के तरीकों का सामना करना पड़ सकता है। इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है। वह अर्जेंटीना और ब्राजील के साथ दक्षिण अ रिका की उन तीन टीमों में शामिल है, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करते हुए वर्ल्ड कप में जगह पक्की की है। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार वर्ल्ड कप में खेलेगा।

अमेरिका 10 अक्टूबर को टेक्सास स्थित ऑस्टिन के क्यू 2 स्टेडियम में इक्वाडोर की मेजबानी करेगा। यह मुकाबले अमेरिका के सितंबर में होने वाले दोस्ताना मैचों के बाद खेले जाएंगे। दोस्ताना मैच दक्षिण कोरिया और जापान के खिलाफ होंगे। (अनंत ज्ञान)

## जडेजा 600 विकेट, 7000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

**एजेंसी, दिल्ली**

लॉर्ड्स स्टेडियम में 5 दिन चले रोमांचक टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन के करीबी अंतर से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 5 टेस्ट की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। 5वें दिन रवींद्र जडेजा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 7000 रन बनाने के साथ 600 विकेट लेने का रिकॉर्ड बना लिया। नीतीश कुमार रेड्डी लंच सेशन से ठीक पहले आउट हो गए।

जडेजा और ब्रायडन कार्स में बहस हुई। वहीं जोफ्रा आर्चर ने वॉशिंगटन सुंदर का बेहतरीन कैच पकड़ा। मोहम्मद सिराज ने शोएब बशीर की गेंद को डिफेंड किया, गेंद उनके बैट पर भी लगी, लेकिन क्रीज पर टप्पा खाकर स्टंप्स से टकरा गई। (अनंत ज्ञान)

### लॉर्ड्स टेस्ट के रिकॉर्ड्स



#### 72 साल बाद भारतीय ने 2 फिफ्टी लगाईं

**रवींद्र** जडेजा लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में फिफ्टी लगाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 1952 में वीनू मांकड ने पहली पारी में 72 और दूसरी पारी में 184 रन बनाए थे।

#### जडेजा के 7000 इंटरनेशनल रन पूरे

**रवींद्र** जडेजा 61 रन बनाकर दूसरी पारी में नॉटआउट रहे। इसी के साथ उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 7 हजार रन पूरे कर लिए। उनके नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 611 विकेट भी हैं। जडेजा 600 विकेट के लेने के साथ 7 हजार रन बनाने वाले भारत के दूसरे ही प्लेयर बने। पूर्व कप्तान कपिल देव ही ऐसा कर सके।

#### इंग्लैंड में चौथी फिफ्टी

**रवींद्र** जडेजा लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में 61 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टेस्ट सीरीज में चौथी फिफ्टी लगाई। जडेजा ने पहली पारी में 72 रन बनाए थे।

## गिल तकनीकी रूप से उतने मजबूत नहीं दिखे, जितने हमेशा दिखते थे : वॉन

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे तो वह तकनीकी रूप से मजबूत नहीं दिखे और उन्होंने धैर्य की कमी भी नजर आई।



गिल ने श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में शतक बनाया और फिर बर्मिंघम में शतक और दोहरा शतक जड़कर कई रिकॉर्ड तोड़े। उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत में यह मैच 336 रन से जीता था। हालांकि, वह लॉर्ड्स टेस्ट में केवल 16 और छह रन ही बना सके, जिसमें ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और पुछल्ले बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारत 22 रन से हार गया।

वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, ''जब तीसरे दिन मैच में प्रतिद्वंद्विता अपने चरम पर पहुंच गई तो मुझे लग गया था कि इससे इंग्लैंड की टीम बाकी बचे मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएगी। शुभमन गिल चौथे दिन बल्लेबाजी के लिए आए तो वह तकनीकी रूप से उतने मजबूत नजर नहीं आए और उनमें धैर्य की कमी भी दिखी लेकिन उनकी टीम ने इस रोमांचक टेस्ट मैच में सोमवार को कड़ी टक्कर दी।''

वॉन ने कहा, ''इंग्लैंड को बेन स्टोक्स जैसा कप्तान कभी नहीं मिला। ऐसा कप्तान जो कभी हार नहीं मानता। एक ऐसा कप्तान जो यह स्वीकार नहीं करता कि उसकी टीम के लिए खराब दौर चल रहा है तथा अपने कौशल और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर मैच को अपने पक्ष में कर लेता है।''

स्टोक्स ने मैच के हर विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पांच विकेट लिए और 44 तथा 33 रन का योगदान दिया। इसके अलावा उन्होंने पहली पारी में ऋषभ पंत को रन आउट किया जो मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुआ।

वॉन ने कहा, ''वह स्टोक्स ही थे जिन्होंने पहले दिन जो रूट के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि टीम अच्छे स्कोर तक पहुंच सके। वह स्टोक्स ही थे जिन्होंने तीसरे दिन भारत जब मैच पर नियंत्रण बना रहा था तब लंच से पहले शानदार रन आउट किया। और वह स्टोक्स ही थे जिन्होंने दोनों पारियों में अहम विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

## इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग ने युवराज को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और गोल्फ प्रेमी युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की।

भारत में इस खेल की नींव को मजबूत करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए, आईजीपीएल ने भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) भारत में पुरुषों के शौकिया गोल्फ के लिए आधिकारिक शासी निकाय-के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

यह ऐतिहासिक समझौता उभरती प्रतिभाओं को निखारने और भारत की ओलंपिक गोल्फ आकांक्षाओं के लिए एक स्थायी मार्ग बनाने की उनकी संयुक्त प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

आईजीपीएल को हाल ही में खेल मंत्रालय से भी समर्थन मिला है और युवराज के एलीट बोर्ड में शामिल होने से लीग के लिए समग्र गोल्फिंग पारिस्थितिकी तंत्र में एक वास्तविक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त होता है। (अनंत ज्ञान)

## लॉर्ड्स में गांगुली का शर्ट लहराने की यादों ने आर्चर को प्रेरित किया : स्टोक्स

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलासा किया कि भारत की 2002 में इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत के बाद सौरव गांगुली द्वारा लाड्र्स की बालकनी में शर्ट लहराने की घटना ने जोफ्रा आर्चर को तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



गांगुली ने नेटवेस्ट ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए अपनी शर्ट उतार दी थी और यह आज तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे नाटकीय क्षणों में से एक है।

आर्चर ने तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को खतरनाक ऋषभ पंत को बोल्ड किया और इसके बाद वाशिंगटन सुंदर का अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लिया। भारत इस मैच में 22 रन से हार गया था। स्टोक्स ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,''मैंने आज सुबह उससे कहा, 'तुम्हें पता है कि आज क्या है। पता है ना। उसने मुझसे कहा, तुम्हें पता है कि उस दिन भारत में 300 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल की थी और गांगुली ने शर्ट लहराई थी। उसे लग रहा था कि वह विश्व कप फाइनल था और इस घटना को आज छह साल हो गए हैं।''

दिलचस्प बात यह है कि इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में अपनी जीत उसी दिन दर्ज की जिस दिन उसने 2019 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में स्कोर बराबर रहने के बाद बाउंड्री काउंट-बैक के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की थी।

हालांकि, जब स्टोक्स ने आर्चर को छह साल पहले के उस महत्वपूर्ण दिन के बारे में याद दिलाया, तो तेज गेंदबाज को 17 साल पहले हुए गांगुली वाले पल की याद आ गई।

स्टोक्स ने कहा, ''मैं उस दिन की बात कर रहा था जब हमने विश्व कप जीता था लेकिन वह कह रहा था, 'ओह, वो वाला। वह वाकई कमाल का लड़का है। छोटे लक्ष्य के सामने ऋषभ पंत का विकेट वास्तव में महत्वपूर्ण था। मुझे पूरा विश्वास था कि जोफ्रा आज कुछ ऐसा करने वाला है जिससे मैच में अंतर पैदा हो जाए।'' चोट के बाद वापसी करने वाले स्टोक्स ने भारत पर दबाव बनाए रखने के लिए 9.2 ओवर और 10 ओवर का स्पैल पूरा किया। स्टोक्स ने कहा कि वह 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए फिट रहेंगे।

उन्होंने कहा, ''मैं मैनचेस्टर में होने वाले टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से फिट रहूंगा। उस मैच से पहले हमें विश्राम करने का पर्याप्त मौका मिलेगा।'' स्टोक्स से खेल के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हुई तीखी बहस और छींटाकशी के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इस तरह की बड़ी सीरीज में हमेशा ऐसा कोई न कोई पल जरूर आता है।(अनंत ज्ञान)

**गौरव** 2028 ओलंपिक का शेड्यूल जारी, टी20 प्रारूप में होंगे मैच

# ओलंपिक में 128 साल बाद वापसी करने जा रहा क्रिकेट

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद वापसी होने जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित वापसी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब होने वाले मैचों की तारीख को लेकर जानकारी सामने आई है।

क्रिकेट के मुकाबले लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई, 2028 से खेले जाएंगे। इसके पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के मुताबिक, अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने क्रिकेट, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वॉश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी। (अनंत ज्ञान)



### साल 1900 में क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा था

**पिछली** बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा रहा था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है। हालांकि, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में छह टीमें टी20 प्रारूप में खेलती दिखेंगी। इतना ही नहीं आयोजकों ने एक टीम में अधिकतम खिलाड़ियों की संख्या भी तय की है। आयोजकों ने कहा है कि एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगी। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में अधिकतम 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है। यानी छह टीमों को मिलाकर अधिकतम 90 खिलाड़ी होंगी। यानी पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगी।

### आईसीसी के 12 नियमित सदस्य

**अंतराष्ट्रीय** क्रिकेट काउंसिल के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है।

## टेनिस टूर्नामेंट में सोलन ने मोहाली को हराकर जीता खिताब



टेनिस टूर्नामेंट में विजेता टीम ट्रॉफी के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

एमडीसी पंचकूला में आयोजित टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम सोलन और टीम मोहाली के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, अंततः टीम सोलन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। टीम सोलन की ओर से ऋषभ चोपड़ा, आर्यन, किरण, श्रीकांत, करन और हेमंत ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ी दिप्पिन ने लगातार शानदार खेल दिखाया और उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार दिया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिनमें प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी शामिल थे। इस तरह कुल 48 खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।